CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :27°C
न्यूनतम: 12°C

देहरादून, गुरुवार 13 नवम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 96 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 21 जमादिउल उला1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में किराएदारों और मकान मालिकों को बड़ी राहत पेज 2




वनडे बैटर्स रैंकिंग में कोहली ने बाबर को पीछे छोड़ा खेल टाइम्स



कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन भयावह सम्पादकीय




एच-1बी वीजा पर नरम पड़े ट्रम्प के तेवर पेज 12

# जनवरी में रची गई ब्लास्ट की साजिश

## दो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी लेडी टेररिस्ट, देशभर में रेलवे स्टेशन व मॉल में थी धमाकों की योजना

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली धमाका करने वाले आतंकियों का ग्रुप फरीदाबाद की अल फलाह यूनिवर्सिटी से संचालित हो रहा था। सूत्रों के मुताबिक धमाकों की साजिश जनवरी से की जा रही थी। फरीदाबाद से गिरफ्तार डा. शाहीन शाहिद ने बताया कि वह पिछले दो साल से विस्फोटक जमा कर रही थी। शाहीन और उसके साथियों को मिलाकर एक व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल बनाया गया था। यानी इसमें पेशेवर लोगों को शामिल किया गया था। इसमें शामिल आतंकी जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिंद नाम के संगठनों जुड़े थे।

इधर पुलिस ने आशंका जताई थी कि दिल्ली धमाके में शामिल आतंकियों के पास एक नहीं, बल्कि दो कारें थीं। लाल रंग की इस फोर्ड इकोस्पोर्ट कार का नंबर डीएल10- सीके-0458 है। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को इसकी तलाश के लिए दिल्ली के साथ पड़ोसी राज्यों यूपी और हरियाणा में अलर्ट जारी किया गया था। अलर्ट जारी होने के बाद बुधवार शाम को ही कार को हरियाणा के खंदावली गांव के पास से बरामद किया गया है। यह कार डा. उमर उन नबी के नाम पर रजिस्टर्ड है। पुलिस सूत्रों ने आशंका जताई थी कि इसमें भी विस्फोटक हो सकता है। दिल्ली ब्लास्ट को अंजाम देने वाले आतंकियों ने देशभर में 200 बम (आईईडी) से 26/11 जैसे हमले करने की साजिश रची थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दिल्ली के लाल किला, इंडिया गेट, कॉन्स्टीट्यूशन क्लब और गौरी शंकर मंदिर जैसी जगह धमाके किए जाने थे। आतंकियों के टारगेट पर गुरुग्राम और फरीदाबाद के साथ देशभर के रेलवे स्टेशनों और बड़े मॉल्स भी थे। जांच एजेंसियों का कहना है कि वे धार्मिक स्थलों पर हमला कर देश में सांप्रदायिक तनाव फैलाना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने कश्मीर के पुलवामा, शोपियां और अनंतनाग के डाक्टरों को चुना, ताकि वे बिना रोकटोक कहीं भी जा सकें। वहीं दिल्ली में लालकिला के पास 10 नवम्बर को हुए धमाके के पीछे जैश-ए-मोहम्मद का नया व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल (आतंकियों का ग्रुप) उजागर हुआ है। इस मॉड्यूल में डाक्टर, प्रोफेसर और महिला सदस्य शामिल थे, जो पाकिस्तानी हैंडलर्स के सीधे संपर्क में थे।





### बड़ी आतंकी साजिश का पर्दाफाश: हमलावरों ने गणतंत्र दिवस पर लाल किले पर हमले की रची थी साजिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली विस्फोट के आरोपी डा. मुज़म्मिल और डा. उमर ने एक बड़ी आतंकी साजिश के तहत लालकिले की रेकी की थी और इस मॉड्यूल की साजिश गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को लालकिले को निशाना बनाने की थी। शीर्ष सूत्र ने यह भी खुलासा किया है कि यह मॉड्यूल दिवाली के दौरान भी भीड़भाड़ वाली जगह पर हमले की भी साजिश रच रहा था। हमने खुलासा किया है कि उसने कथित आत्मघाती हमलावर डा. मुज़म्मिल ने डा. उमर के साथ मिलकर जनवरी के पहले हफ्ते में लालकिले की रेकी की थी। यह जानकारी डा. मुज़म्मिल के फोन के डंप डेटा से प्राप्त की गई थी। यह खुलासा तब हुआ जब सुरक्षा एजेंसियों को डाक्टर आतंकी मॉड्यूल मामले में महत्वपूर्ण सफलता मिली। 10 नवम्बर को शाम 6:52 बजे लालकिले के बाहर हुए विस्फोट के सिलसिले में 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया।

> चार अक्टूबर को सहारनपुर में एक शादी में बना था आतंकियों का ग्रुप
>
> अब तक 15 गिरफ्तार, तीन लिए हिरासत में
>
> 56 डाक्टरों से पूछताछ, फरीदाबाद के खंदावली गांव से बरामद हुई लाल रंग की इको स्पोर्ट कार

### एनआईए ने कार विस्फोट की जांच के लिए बनाई 10 सदस्यीय टीम

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने दिल्ली कार विस्फोट की जांच के लिए अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) विजय साखरे के नेतृत्व में दस सदस्यीय विशेष टीम गठित की है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने दिल्ली कार विस्फोट की जांच की जिम्मेदारी मंगलवार को एनआईए को सौंपी थी। जांच एजेंसी ने एक दिन बाद ही इसके लिए टीम का गठन कर दिया। इस टीम में एक महानिरीक्षक (आईजी), दो उप महानिरीक्षक (डीआईजी), तीन पुलिस अधीक्षक (एसपी) और एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) शामिल हैं। एनआईए की जांच में दिल्ली पुलिस के अधिकारी भी सहयोग कर रहे हैं। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि दिल्ली कार विस्फोट के तार पाकिस्तान से जुड़े होने के सबूत मिले हैं। डा. मुज़म्मिल शकील और अन्य संदिग्धों से पूछताछ में प्राप्त जानकारी के आधार पर विस्फोट का पाकिस्तान से संबंध जुड़ रहा है।

### दिल्ली की तरह बंगाल को भी थी दहलाने की साजिश!

**कोलकाता।** देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार शाम को लालकिला के पास हुए एक कार धमाके के बाद पूरे देश में गहमागहमी बढ़ गई है। इतना ही नहीं, इस कार विस्फोट की घटना को लेकर अब नए-नए खुलासे भी हो रहे हैं। इस बीच, पश्चिम बंगाल पुलिस ने बीरभूम जिले से 20 हजार जिलेटिन छड़ें बरामद की हैं। इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक मिलने के बाद सवाल उठ रहे हैं कि क्या इन दोनों घटनाओं में कोई कनेक्शन है और क्या आतंकी दिल्ली की तरह ही बंगाल को भी दहलाने की साजिश रच रहे थे? पुलिस ने बताया कि 50 बैग में भरकर 20 हजार जिलेटिन छड़ों को एक पिकअप वैन से जब्त किया गया। यह वैन पड़ोसी राज्य झारखंड के पाकुड़ से बंगाल जा रही थी। मंगलवार की रात बीरभूम में सुल्तानपुर नलहाटी रोड पर पुलिस ने जांच के दौरान इस पिकअप वैन को पकड़ा। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल ने जेन-जी को दिखाई 2047 के अपने विजन के भारत की तस्वीर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि वह देश की आजादी के सौ साल पूरा होने पर ऐसे भारत की कल्पना करते हैं, जहां कम हिंसा हो, लोगों में गुस्सा या नफरत हो और सबको अपने हिसाब से जीने की आजादी रहे। श्री गांधी ने सोशल मीडिया फेसबुक पर अपने एक पोस्ट में कहा कि उनकी सोच का 2047 का ऐसा भारत होना चाहिए, जहां न हिंसा हो, न नफरत हो और न लोगों में किसी तरह का भय और गुस्सा हो। उन्होंने दो दिन पहले यहां जेन-जी के साथ बातचीत में 2047 के अपने विजन के भारत को लेकर उनके सवालों का जवाब दिया और बुधवार को इसे फेसबुक पर शेयर किया। फेसबुक पोस्ट पर उन्होंने लिखा कि देश के जेन-जी की बातें और उनके विचारों की गहराई देखकर उन्हें इन बच्चों से बहुत उम्मीद है।

### राजधानी दिल्ली के वजीरपुर में एक्यूआई 459 पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** देशभर में ठंड का असर दिखने लगा है। मध्य प्रदेश बर्फीली हवाओं से नवम्बर में ही ठिठुर गया है। मंगलवार रात 11 शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे रहा। वहीं, अगले 4 दिन तक कोल्ड वेव का अलर्ट है। राजस्थान में भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है। मंगलवार रात कई शहरों में रात का टेम्प्रेचर 10 डिग्री से नीचे आ गया। मौसम विभाग ने सीकर में चार दिन और टोंक में एक दिन कोल्ड वेव चलने का येलो अलर्ट भी जारी किया है। इधर, दिल्ली की हवा बेहद खराब हो गई है। बुधवार सुबह औसत एक्यूआई 413 दर्ज हुआ, जो 'गंभीर' श्रेणी में है। वजीरपुर में सबसे ज्यादा 459 रहा। आनंद विहार, चांदनी चौक, बवाना, रोहिणी और आईटीओ समेत ज्यादातर इलाकों में भी हवा खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है। दिल्ली-एनसीआर में ग्रैप-3 लागू कर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कक्षा-5 तक के छात्रों की ऑनलाइन (हाईब्रिड) तरीके से पढ़ाई और दिल्ली में निर्माण कार्यों पर रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए। इसके अलावा बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार-पहिया वाहनों को बैन कर दिया गया है।

### सोने की तस्करी करने वाले गिरोह के 11 सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने ऑपरेशन बुलियन ब्लेज़ के तहत मुंबई में सोने की तस्करी कर उसे पिघलाने वाले एक बड़े गिरोह का पर्दाफाश कर 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 11.88 किलोग्राम सोना ज़ब्त किया है। डीआरआई ने बुधवार को बताया कि ऑपरेशन बुलियन ब्लेज़ के तहत मुंबई में सोने की तस्करी, उसे गुप्त भट्टियों में पिघलाने और परिष्कृत सोने को अवैध रूप से ग्रे मार्केट में बेचने में शामिल एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश किया है। अधिकारियों ने खुफिया जानकारी के आधार पर दस नवम्बर को मुंबई में चार गुप्त स्थानों पर सोने को पिघलाने वाली दो अवैध इकाइयों और सोने को अवैध रूप से ग्रे मार्केट में बेचने से जुड़ी दो अपंजीकृत दुकानों की तलाशी ली।

### विमान को बम से उड़ाने की धमकी, इमरजेंसी लैंडिंग, अलर्ट

**वाराणसी।** मुंबई से वाराणसी जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट को बीच उड़ान के दौरान बम की धमकी मिलने की सूचना है। इसके बाद वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया। एयरपोर्ट निदेशक पुनीत गुप्ता ने बताया कि विमान की पूरी जांच कर ली गई है। कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। विमान को सुरक्षित घोषित किया गया है और अब एयरपोर्ट का संचालन सामान्य हो गया है। जानकारी के अनुसार, सूचना के बाद विमान की तुरंत इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। इसके बाद उसे आइसोलेशन में भी ले जाया गया। सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जबकि बम निरोधक दस्ते द्वारा विमान की विस्तृत जांच की जा रही है। अधिकारी धमकी के स्रोत की जांच शुरू कर चुके हैं। मुंबई से वाराणसी पहुंचे एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान में बम की सूचना से हड़कंप गया था। यात्रियों को विमान से सुरक्षित उतारने के बाद सर्च ऑपरेशन शुरू हो गया। सीआईएसएफ के साथ स्थानीय पुलिस भी सर्च ऑपरेशन में शामिल रही। विमान में 182 यात्री सवार थे। वाराणसी जाने वाली हमारी एक उड़ान को सुरक्षा संबंधी धमकी मिली। प्रोटोकॉल के अनुसार, सरकार द्वारा नियुक्त बम खतरा आकलन समिति को तुरंत सूचित किया गया और सभी आवश्यक सुरक्षा उपाय तुरंत शुरू किए गए।

# मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की ली बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

> अमित शाह, एनएसए डोभाल और राजनाथ भी मौजूद रहे दिल्ली विस्फोट के घायलों से मिले पीएम

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार शाम सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक बुलाई। बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी मौजूद रहे।

दिल्ली लाल किला धमाके के बाद मोदी ने यह बैठक ली है। आपरेशन सिंदूर के पहले भी मोदी ने सुरक्षा मामलों की कैबिनेट कमेटी की बैठक ली थी। बैठक में दिल्ली लाल किला धमाके की अब तक की जांच, सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट और आगे की रणनीति पर बात हो सकती है। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी मौजूद हैं। मोदी ने पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद भी सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति (सीसीएस) की बैठक की थी। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भूटान यात्रा से लौटते ही बुधवार को यहां लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल जाकर दिल्ली विस्फोट में घायल हुए लोगों से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। श्री मोदी विस्फोट के एक दिन बाद मंगलवार को भूटान की दो दिन की यात्रा पर गए थे और बुधवार दोपहर वहां से लौटते ही वह हवाई अड्डे से सीधे अस्पताल पहुंचे और घायलों से मिले। डाक्टरों और अधिकारियों ने उन्हें उपचार से संबंधित जानकारी से अवगत कराया। प्रधानमंत्री ने विस्फोट में घायल लोगों से बातचीत कर उनकी तबियत के बारे में पूछा और डाक्टरों से उनके उपचार के बारे में जानकारी ली।

### भाजपा सांसद कंगना रणौत केस में फिर होगी सुनवाई

**आगरा।** हिमाचल प्रदेश की मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद और फिल्म अभिनेत्री कंगना रणौत के खिलाफ दायर रिवीजन में बुधवार को सुनवाई हुई। विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए लोकेश कुमार ने रिवीजन स्वीकार कर 6 मई 2025 को परिवाद में पारित हुए आदेश को निरस्त कर दिया है। अवर न्यायालय को निर्देश दिए हैं कि बीएनएसएस की धारा 225 के प्रावधानों के अनुपालन बाद पत्रावली पर मौजूद तथ्य व साक्ष्यों के आधार पर फिर से सुनवाई करें। 29 नवम्बर को अगली सुनवाई होगी। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा ने 11 सितम्बर 2024 को कंगना रणौत के खिलाफ अदालत में वाद दायर किया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब व हरियाणा से पराली जलाने पर मांगी रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



> पूछा: पराली जलाने से रोकने को अब तक क्या किया, ग्रैप-3 लागू, लेकिन कोर्ट के बाहर खुदाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर में वायु गुणवत्ता में लगातार गिरावट के मद्देनजर पंजाब और हरियाणा सरकारों को पराली जलाने पर रोक लगाने के लिए उठाए गए कदमों पर विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन की पीठ ने बुधवार को यह आदेश तब दिया जब पीठ को इस बात से अवगत कराया गया कि दिल्ली में प्रदूषण के खतरनाक स्तर को देखते हुए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के तीसरे चरण को लागू कर दिया गया है। इस मामले की अगली सुनवाई 17 नवम्बर को होगी। न्यायालय ने निर्देश दिया कि पंजाब और हरियाणा सरकारें पराली जलाने पर नियंत्रण के लिए उठाए गए कदमों पर प्रतिक्रिया दें। गौरतलब है कि दिवाली के बाद से राजधानी में प्रदूषण का स्तर बढ़ गया था और वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में पहुंच गई थी। पिछले न्यायिक हस्तक्षेपों और नियामक तंत्रों के बावजूद स्थिति हर साल बदतर होती जा रही है। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान उन मीडिया रिपोर्टों पर ध्यान दिया, जिनमें आरोप लगाया गया था कि दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता निगरानी केंद्रों पर प्रदूषण के आंकड़ों को -**शेष पृष्ठ दो पर**

# अक्टूबर में 14 साल के न्यूनतम स्तर पर पहुंची खुदरा महंगाई दर

शाह टाइम्स ब्यूरो

> जीएसटी की दरों में कमी के बीच मुद्रास्फीति अक्टूबर में और घटकर 0.25 प्रतिशत के स्तर पर आई



**नई दिल्ली।** खाद्य वस्तुओं की कीमतों में सालाना आधार पर भारी गिरावट और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की दरों में कमी के बाजार प्रभाव के बीच उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति अक्टूबर में और घटकर 0.25 प्रतिशत के स्तर पर आ गई।

सांख्यिकी एवं कार्यक्रम मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी अक्टूबर के सीपीआई आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2011-12 की कीमतों को आधार बनाकर जारी की जा रही सीपीआई श्रृंखला में यह खुदरा मुद्रास्फीति का न्यूनतम स्तर है। अक्टूबर में खाद्य वर्ग में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर शून्य से 5.02 प्रतिशत नीचे रही। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि वस्तु एवं सेवा कर में कमी का असर अक्टूबर में हर क्षेत्र के खुदरा मूल्यों पर परिलक्षित हुआ है। जीएसटी की दरों में कमी का फैसला 22 सितम्बर से लागू हुआ था। अक्टूबर में ग्रामीण क्षेत्रों में खुदरा मुद्रास्फीति शून्य से 0.25 प्रतिशत नीचे रही, जबकि शहरी इलाकों में खुदरा मूल्य सालाना आधार पर 0.88 प्रतिशत ऊपर थे। सितम्बर में खुदरा मुद्रास्फीति 1.44 प्रतिशत थी और माह के दौरान ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में खुदरा मुद्रास्फीति क्रमश: 1.07 प्रतिशत और 1.83 प्रतिशत दर्ज की गई थी। पिछले साल अक्टूबर में खुदरा मुद्रास्फीति 6.21 प्रतिशत थी। सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि अक्टूबर 2025 के दौरान खुदरा मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट मुख्य रूप से जीएसटी में गिरावट, अनुकूल आधार प्रभाव और तेल एवं वसा, सब्जियां, फल, अंडे, जूते, अनाज और उत्पाद, परिवहन और संचार आदि की मुद्रास्फीति में गिरावट के पूरे महीने के प्रभाव के कारण है। अक्टूबर में सब्जियों की खुदरा कीमतें सालाना आधार पर 27.57 प्रतिशत नीचे थीं, जबकि दालों और उसके उत्पादों के भाव 16.15 प्रतिशत तथा मसालों के भाव औसतन 3.29 प्रतिशत नीचे थे। इसके विपरीत माह के दौरान खाद्य तेलों का औसत खुदरा भाव 11.17 प्रतिशत ऊंचा था जबकि फलों की कीमतें 6.69 प्रतिशत ऊंची चल रही थीं। इस दौरान पर्सनल केयर और स्वास्थ्य संबंधी उत्पादों की खुदरा मुद्रास्फीति क्रमश: 23.88 प्रतिशत और 3.86 प्रतिशत दर्ज की गई।

# हम एक देश हैं, हिंदी बोलने को मजबूर करना, लुंगी का मजाक उड़ाना बर्दाश्त नहीं: सुप्रीम कोर्ट

> केरल के छात्रों से मारपीट का मामला

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में केरल के दो छात्रों से मारपीट की घटना पर चिंता जताई है। कोर्ट ने कहा कि हम एक देश हैं। हिंदी बोलने को मजबूर करना, लुंगी का मजाक उड़ाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हाल ही में दिल्ली में एक व्यक्ति के साथ हुई उस घटना का जिक्र किया, जिसमें छात्रों को हिंदी बोलने के लिए मजबूर किया गया। पारंपरिक पोशाक लुंगी पहनने पर उनका मजाक उड़ाया गया। यह घटना लालकिले के पास हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र सरकार को ऐसे सांस्कृतिक और नस्लीय भेदभाव के मामलों को लेकर गंभीर होना चाहिए। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि देश में सांस्कृतिक और नस्लीय भेदभाव से लोगों को निशाना बनाना दुखद है। दोनों छात्र दिल्ली यूनिवर्सिटी के जाकिर हुसैन कॉलेज के प्रथम वर्ष के छात्र हैं। उन्हें पुलिस और स्थानीय लोगों ने पीटा।

## संक्षिप्त समाचार

### सपा के 'विज़न इंडिया' को रफ्तार देंगे राजीव-अभिषेक

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के महत्त्वाकांक्षी राष्ट्रीय कार्यक्रम 'विज़न इंडिया: प्लान, डेवलप एंड एसेंट' को नया नेतृत्व मिल गया है। बुधवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इसकी औपचारिक घोषणा सोशल मीडिया मंच एक्स पर करते हुए कहा कि सपा सांसद राजीव राय को कार्यक्रम का चीफ़ कॉर्डिनेटर और पूर्व मंत्री अभिषेक मिश्र को कोर कन्वेनर नियुक्त किया गया है। यह निर्णय कार्यक्रम के अगले चरण को और अधिक प्रभावी तथा व्यापक स्वरूप देने के उद्देश्य से लिया गया है।

### लखनऊ में पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट

**लखनऊ।** लखनऊ के थाना नगराम क्षेत्र में बुधवार की सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में अचानक भीषण आग लग गई। एक के बाद एक कई विस्फोटों से आसपास का इलाका दहल उठा। नगराम के छतौनी रोड पर खेतों में स्थित इस फैक्ट्री में लगी आग ने कुछ ही देर में विकराल रूप ले लिया। सूचना मिलते ही थाना नगराम की पुलिस टीम, फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां और अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

### आरपीएफ टीम ने 15 बच्चों को बचाया

**वाराणसी।** वाराणसी की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर जंक्शन पहुंचकर ट्रेन की बोगी में सवार 15 बच्चों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया और तीन को गिरफ्तार भी किया। बताया जा रहा है कि इन बच्चों को तस्कर राजकोट में बाल श्रम के लिए ले जा रहे थे। सभी बच्चों को कैंट रेलवे स्टेशन पर उतारा गया।

# कश्मीर पुलिस ने जमात-ए-इस्लामी के ठिकानों पर मारे छापे

**श्रीनगर, वार्ता**

जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बुधवार को प्रतिबंधित संगठन जमात-ए-इस्लामी (जेईआई) के खिलाफ प्रदेश के कई जिलों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया और प्रतिबंधित समूह के सदस्यों और सहयोगियों के ठिकानों की तलाशी ली।

पुलिस ने समन्वित अभियानों में कुलगाम में 200 से अधिक स्थानों पर छापे मारे, जबकि अन्य सुरक्षा बलों के सहयोग से सोपोर, ज़ैंगीर और राफियाबाद में 25 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। गौरतलब है कि 28 फरवरी, 2019 को जेईआई को एक 'गैरकानूनी संगठन' घोषित किया गया था और 2024 में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गैरकानूनी गति. विधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए), 1967 के तहत प्रतिबंध को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ा दिया था। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि कुलगाम में छापेमारी के दौरान जेईआई सदस्यों और सहयोगियों के घरों और परिसरों को निशाना बनाया। यह छापेमारी जमीनी स्तर पर समर्थन और आतंकवादी नेटवर्क को खत्म करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। एक पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि कुलगाम में छापे जेईआई सदस्यों और उनके सहयोगियों के घरों और परिसरों पर मारे गए। यह जमीनी स्तर पर आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र और उसके समर्थन ढांचे को खत्म करने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। उत्तरी कश्मीर के सोपोर उप-जिले में पुलिस ने आज कई तलाशी अभियान चलाए। अन्य सुरक्षा बलों की सहायता से सोपोर, ज़ैंगीर और राफियाबाद क्षेत्रों में 25 से अधिक स्थानों पर एक साथ छापे मारे गए। पुलिस ने कहा कि यह तलाशी विश्वसनीय खुफिया सूचनाओं पर आधारित थी, जिसमें ऐसे संकेत मिले थे कि जेईआई से जुड़े तत्व विभिन्न मोर्चों पर अपनी गतिविधियों को पुनर्जीवित करने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं सोपोर में अभियान के दौरान प्रतिबंधित संगठन से जुड़े दस्तावेजों, डिजिटल गैजेट्स और मुद्रित सामग्री सहित बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई और विस्तृत जांच के लिए जब्त कर ली गई।

### जम्मू-कश्मीर पुलिस की एसआईए जैश-ए-मोहम्मद के पोस्टरों की करेगी जांच

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) पिछले महीने श्रीनगर के नौगाम में सुरक्षा बलों को धमकी देने वाले जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के पोस्टरों की जांच करेगी। इस मामले में पहले ही जैश-ए-मोहम्मद और अंसार गजवत-उल-हिद (एजीयूएच) से जुड़े एक बड़े अंतर्राज्यीय आतंकी नेटवर्क का खुलासा हो चुका है। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को कहा कि अब तक की जांच में तीन डॉक्टरों सहित आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है और हरियाणा के फरीदाबाद से लगभग 3,000 किलोग्राम इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) निर्माण सामग्री बरामद की गई है।

# इंटेलिजेंस को ही खत्म कर देना चाहिए

## दिल्ली विस्फोट पर अखिलेश ने सरकार को घेरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कुर्सी हिलने के डर से सीएम दे रहे हेट स्पीच

**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने दिल्ली धमाके को लेकर इंटेलीजेंस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि बार-बार विफलता के कारण इंटेलीजेंसी विभाग को ही खत्म कर देना चाहिए। वह समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में बोल रहे थे।

बैठक में 8 हजार से अधिक कार्यकर्ता और नेता शामिल हुए। बैठक में आगामी पंचायत चुनावों और 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत रणनीति पर चर्चा हुई। पार्टी ने अपने नेताओं और पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी हैं, ताकि संगठन बूथ स्तर तक पूरी मजबूती से सक्रिय रहे। बैठक के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि पार्टी एसआईआर को लेकर पूरी तरह सजग है। हम एसआईआर से घबराने वाले नहीं हैं। हमारे पीडीए प्रहरी लगातार काम में जुटे हैं, ताकि किसी समाजवादी का वोट कट न जाए। जिनका नाम सूची में नहीं है, उनका नाम जुड़वाने का काम भी युद्धस्तर पर चल रहा है। समय-समय पर हमें जानकारी देंगे। हमार एसआईआर पीडीए प्रहरी और हम लोग इलेक्शन कमीशन से शिकायत करेंगे। यह भारतीय जनता पार्टी की साजिश है कि आप कन्फ्यूज रहे और आप वोट बनवाने में ही व्यस्त हो जाए और जो सवाल है वो ना कर पाएं। एसआईआर पीडीए प्रहरी बनाने का हमारा मकसद यह था कि एक भी जगह समाजवादी पार्टी का वोट कट न पाए। दिल्ली लाल किले के पास हुए धमाके को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि हमने भूटान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बयान सुना, जिसमें उन्होंने आश्वासन दिया था कि आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गायत्री प्रजापति पर हमले की न्यायिक जांच की मांग खारिज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** जिला जेल कारागार लखनऊ में बंद पूर्व मंत्री व बंदी गायत्री प्रसाद प्रजापति पर हुए हमले की जांच सेवानिवृत्त न्यायाधीश से कराए जाने की मांग कारागार प्रशासन ने खारिज कर दी है।

प्रकरण में आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा संचालित समन्वित निवारण प्रणाली पर शिकायत करते हुए जांच की मांग की थी। इस बाबत पुलिस उपमहानिरीक्षक, कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं सुभाष चन्द्र शाक्य ने अपनी रिपोर्ट विशेष सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय को भेज दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पोर्टल संख्या 60000250235301 के अंतर्गत प्राप्त शिकायत पर शासन स्तर से जांच पूरी कर ली गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 30 सितम्बर 2025 की सायंकाल कारागार चिकित्सालय वार्ड में दवा वितरण के दौरान बंदी विश्वास राजपूत और बंदी गायत्री प्रजापति के बीच कहासुनी हुई। इसी दौरान आवेश में आकर विश्वास राजपूत ने अलमारी की लोहे की पटरी से हमला किया, जिससे गायत्री प्रजापति के सिर और दाहिने हाथ में चोटें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन ने तत्काल स्थिति को नियंत्रित किया और घायल बंदी को उपचार हेतु केजीएमयू, लखनऊ भेजा गया, जहां उसका इलाज किया गया। चिकित्सकों के अनुसार अब उनकी स्थिति में सुधार है। वहीं बंदी विश्वास राजपूत को घटना के बाद तत्काल हाई सिक्योरिटी अहाते में स्थानांतरित कर उसके विरुद्ध थाना गोसाईंगंज, लखनऊ में एफआईआर दर्ज कराई गई है।

## किराया अनुबंध पर स्टांप ड्यूटी आठ हजार से घटाकर 500 करने का प्रस्ताव

# यूपी में किराएदारों व मकान मालिकों को राहत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ ये नया सिस्टम राज्य के सम्पत्ति पंजीकरण पोर्टल से जोड़ा जाएगा, लोग घर बैठे कर सकेंगे ऑनलाइन अनुबंध

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने किराएदारों और मकान मालिकों को बड़ी राहत देते हुए किराया अनुबंधों पर लगने वाली स्टांप ड्यूटी और पंजीकरण शुल्क में भारी कटौती करने का निर्णय लिया है। इस कदम का उद्देश्य किराए के समझौतों को कानूनी रूप से पंजीकृत कराने को बढ़ावा देना और अनौपचारिक व्यवस्थाओं से उत्पन्न विवादों को कम करना है।

सरकार इसके साथ ही एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म विकसित कर रही है, जिसके माध्यम से किराएदार और मकान मालिक आधार सत्यापन के जरिए डिजिटल रूप से किराया अनुबंध तैयार और हस्ताक्षर कर सकेंगे। इससे उप-पंजीयक कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी। यह नया सिस्टम राज्य के संपत्ति पंजीकरण पोर्टल से जोड़ा जाएगा, जिससे लोग अपने घर बैठे ही किराया अनुबंध पंजीकृत करा सकेंगे।

स्टांप एवं पंजीयन विभाग की ओर से राज्य मंत्रिमंडल को भेजे गए प्रस्ताव के अनुसार, विभिन्न श्रेणियों में किराया अनुबंधों पर स्टांप ड्यूटी में भारी कमी की जाएगी। वर्तमान में एक वर्ष की अवधि और सालाना किराया दो लाख रुपए तक वाले अनुबंध पर चार प्रतिशत यानी लगभग 8,000 रुपए की स्टांप ड्यूटी लगती है। प्रस्ताव के अनुसार अब यह घटकर सिर्फ 500 रुपए रह जाएगी। अधिकारियों के मुताबिक यह सुधार राज्य के किराया बाजार को औपचारिक स्वरूप देने की दिशा में बड़ा कदम है। अभी अधिकांश मकान मालिक और किराएदार 11 माह के अनुबंध करते हैं ताकि उन्हें रजिस्ट्री की झंझट और भारी शुल्क से बचा जा सके, मगर ऐसे अनुबंध कानूनी रूप से बाध्यकारी नहीं होते और विवाद की स्थिति में अदालतों में टिक नहीं पाते। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य में केवल 36,000 किराया अनुबंध पंजीकृत हुए थे, जबकि वास्तविक संख्या इससे कई गुना अधिक मानी जाती है। अधिकारियों का मानना है कि शुल्क में कटौती के बाद पंजीकरणों में कई गुना वृद्धि होगी। अधिकारियों की मानें तो वर्तमान नियमों के तहत किराया अनुबंध अधिकतम 30 वर्ष तक किए जा सकते हैं। 30 वर्ष तक के अनुबंधों पर स्टांप ड्यूटी किराए के मूल्य पर लगती है, जबकि इससे अधिक अवधि वाले अनुबंधों पर भूमि मूल्य के आधार पर शुल्क तय होता है, जिससे ऐसे दीर्घकालिक अनुबंध अत्यंत महंगे और दुर्लभ हो जाते हैं।

### महिलाएं बेफिक्र कर सकेंगी नाइट ड्यूटी

**लखनऊ।** अब यूपी में कामकाजी महिलाओं को घर से लेकर दफ्तर तक योगी सरकार ने सबसे बड़ा सुरक्षा कवच दिया है। नाइट शिफ्ट में महिलाओं को काम करने का अधिकार कई मायनों में एक सकारात्मक और ठोस पहल है। योगी सरकार के फैसले के मुताबिक अब नाइट शि.ट में शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक काम करने के लिए यूपी की महिलाओं की सहमति लेना अनिवार्य है। यानी महिलाएं जब अपनी सहमति देंगी, तभी उन्से नाइट शिफ्ट में काम कराया जा सकेगा। इसके अलावा कारखानों में सुरक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन सुविधाएं, साथ ही सीसीटीवी निगरानी और सुरक्षा गार्डों की तैनाती अनिवार्य की गई है। इस फैसले से महिलाओं और बेटियों में वर्कप्लेस पर सुरक्षा का भाव प्रभावी होगा। महिला कर्मचारी अपनी सहमति से लगातार 6 घंटे तक बिना किसी अंतराल के कार्य कर सकती हैं। महिलाओं के लिए ओवरटाइम की सीमा 75 घंटे से बढ़ाकर 144 घंटे प्रति तिमाही की गई है, जिसका भुगतान दोगुनी मजदूरी दर से किया जाएगा।



सेंसेक्स 84466.51
निफ्टी 25875.80



सोना रु. 125980
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 160100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में तेजी, सेंसेक्स 595 अंक उछला

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की उम्मीद और विदेशी संस्थागत निवेशकों के भारतीय बाजार में पूंजी लगाने से घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार तीसरे दिन तेजी देखी गई और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 595.19 अंक (0.71 प्रतिशत) चढ़कर 84,466.51 अंक पर पहुंच गया जो 29 अक्टूबर के बाद का उच्चतम स्तर है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 180.85 अंक यानी 0.70 फीसदी बढ़कर 25,875.80 अंक पर बंद हुआ। यह 30 अक्टूबर के बाद का उच्चतम स्तर है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार समझौता जल्द होने की उम्मीद में बाजार में निवेश धारणा मजबूत बनी हुई है। इसकेसाथ ही विदेशी संस्थागत निवेशकों ने आज शुद्ध रूप से इक्विटी तथा दूसरे इंस्ट्रूमेंट्स में लिवाली की। इससे शेयर बाजार को बढ़त मिली। आईटी सेक्टर में सबसे अधिक तेजी देखी गई। इसके बाद ऑटो, फार्मा और मीडिया सेक्टरों का योगदान रहा। टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य क्षेत्रों में भी अच्छी तेजी देखने को मिली। रियलिटी और धातु क्षेत्रों में गिरावट रही। पीएल कैपिटल के मुख्य सलाहकार विक्रम कसाट ने बताया कि निकट भविष्य में निफ्टी की परीक्षा 26,000 अंक के आसपास होगी, हालांकि कुछ बड़ी कंपनियों के वित्तीय परिणामों और आर्थिक आंकड़ों से पहले बाजार में उतार.चढ़ाव देखा जा सकता है। मझौली और छोटी कंपनियों में भी निवेशक लिवाल रहे। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.83 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.82 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। एनएसई में कुल 3,200 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें 1,927 के शेयर बढ़त में और 1,178 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं अन्य 95 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार-चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की 30 में से 22 कंपनियों के शेयरों में तेजी और अन्य आठ में गिरावट रही। मजबूत तिमाही परिणाम और अंतरिम लाभांश की घोषणा के बाद एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 4.46 प्रतिशत चढ़ा। टेक महिंद्रा का शेयर 3.34 फीसदी, टीसीएस का 2.73, बजाज फिनसर्व का 2.42 और अडानी पोर्ट्स का 2.14 प्रतिशत की बढ़त में रहा। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 1.54 प्रतिशत, भारती एयरटेल में 1.52, इंफोसिस में 1.36, ट्रेंट में 1.34, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.19 और इटरनल में 1.03 प्रतिशत की तेजी रही।

# सोने की कीमत और चढ़ी, चांदी भी तेज

**नई दिल्ली।** देश में 12 नवंबर को सोने की कीमत में तेजी देखी गई है। राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट गोल्ड का भाव बढ़कर 125980 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। चांदी भी 160100 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के गवर्नर स्टीफन मिरान ने बढ़ती बेरोजगारी और सुस्त महंगाई से निपटने के लिए हाल ही में ब्याज दरों में 0.50 प्रतिशत की बड़ी कटौती का संकेत दिया है।

वर्तमान में मुंबई, चेन्नई और कोलकता में 22 कैरेट सोने की कीमत 115360 रुपये प्रति 10 ग्राम, जबकि 24 कैरेट सोने की कीमत 125850 रुपये प्रति 10 ग्राम है। पुणे और बैंगलुरु में 24 कैरेट गोल्ड की कीमत 125880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 115410 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अहमदाबाद में 125880, हैदराबाद में 125850, जयपुर में 125980, भोपाल में 125880, लखनऊ में 125980 और चंडीगढ़ में 125980 रुपये प्रति 10 ग्राम है। सोने की तरह ही चांदी में भी तेजी है।

# तीन साल में 17 करोड़ टन बढ़ सकती है सीमेंट उत्पादन क्षमता : क्रिसिल

■ बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल ने जारी की रिपोर्ट

**मुंबई।** देश में सीमेंट उत्पादन क्षमता में वित्त वर्ष 2027-28 तक तीन साल में 16.17 करोड़ टन की वृद्धि की संभावना है, जो पिछले तीन वित्त वर्ष के 9.5 करोड़ टन की क्षमता वृद्धि के मुकाबले 75 प्रतिशत अधिक है। बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल ने बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह बात कही। उसने बताया कि मजबूत मांग और उच्च क्षमता दोहन को देखते हुए उम्मीद है कि सीमेंट कंपनियां अपनी क्षमता बढ़ाएंगी। हालांकि इसके लिए बड़ी पूंजी आवश्यकता होगी।

साथ ही अधिकतर मामलों में मौजूदा कंपनियों के ही क्षमता विस्तार में उम्मीद दिख रही है। क्रिसिल ने 17 सीमेंट कंपनियों की योजनाओं और बैलेंसशीट के अध्ययन के आधार पर यह बात कही है। इन 17 सीमेंट कंपनियों की संयुक्त उत्पादन क्षमता देश के कुल 66.8 करोड़ टन सालाना क्षमता का 85 प्रतिशत है। मजबूत मांग के कारण रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले तीन साल में देश में सीमेंट का उत्पादन 9.5 प्रतिशत वार्षिक औसत दर से बढ़ा है। इसमें बुनियादी ढांचा और आवास क्षेत्र की मुख्य भूमिका रही है। इसके परिणाम स्वरूप पिछले वित्त वर्ष में क्षमता दोहन एक दशक के 65 प्रतिशत की औसत के मुकाबले बढ़कर 70 प्रतिशत पर पहुंच गया। क्रिसिल रेटिंग्स के आनंद कुलकर्णी ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 से 2026-28 के बीच हर साल सीमेंट की मांग में तीन-चार करोड़ टन की वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे क्षमता में भी मजबूत वृद्धि देखने के लिए मिलेगी, हालांकि यह हर साल एक जैसी नहीं होगी। मौजूदा वित्त वर्ष में सात से 7.5 करोड़ टन अतिरिक्त उत्पादन शुरू होगा, जिससे निकट भविष्य में क्षमता दोहन के अनुपात में कमी आएगी, लेकिन तीन साल में उत्पादन क्षमता विस्तार के अनुरूप हो जाएगा। क्रिसिल रेटिंग्स के एसोसिएट डॉयरेक्टर पार्थ शाह ने कहा कि सीमेंट कंपनियों के अगले तीन साल में 1.2 लाख करोड़ रुपए के पूंजीगत निवेश की संभावना है। यह पिछले तीन वित्त वर्ष की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस पूंजीगत निवेश में 10.15 प्रतिशत हरित ऊर्जा और लागत की तुलना में दक्षता में सुधार की परियोजनाओं पर खर्च होंगे।

# अपराधी को सजा मिले, रिश्तेदारों के साथ सही सलूक हो



■ दिल्ली ब्लास्ट पर बोलीं महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए ब्लास्ट पर जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी चीफ महबूबा मुफ्ती ने कहा है कि इससे हमारी कौम फिर दागदार होगी। हमारे पढ़े लिखे नौजवान और डॉक्टर अगर इसमें शामिल हैं, तो ये हमारी कौम के लिए बड़ी परेशानी की बात है।

श्रीनगर में पीडीपी चीफ ने कहा कि जो दिल्ली में हुआ, हम आपसे ज्यादा उस तकलीफ को समझते हैं, क्योंकि हमने ये खून खराबा बहुत नजदीक से देखा है, बहुत सालों से देखा है। उन्होंने सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की। मुफ्ती ने कहा कि मैं अनुरोध करती हूं कि इस जांच को जल्द और निष्पक्ष रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन परिवारों से ये ताल्लुक रखते हैं, वो परिवार अपराधी नहीं हैं, उन्हें अपराधी न समझें, ऐसा नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा मैं जानती हूं कि दिल्ली में हमारे जो लोग इस त्रासदी के शिकार हुए हैं, उनके परिवारों पर क्या गुजर रही होगी। सरकार को इसमें बदलाव लाना चाहिए, इसमें शामिल जो भी अपराधी हैं उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन उनके रिश्तेदारों को बिना किसी शक के गिरफ्तार किया जा रहा है, उनके साथ सही सलूक होना चाहिए। मुफ्ती ने कहा कि मैंने खुद टीवी पर देखा है कि जिस तरह से एक डॉक्टर का बाप उसका क्या कसूर है। उसके मुंह पर काला कपड़ा डालकर घसीटा जा रहा था।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**सुप्रीम कोर्ट ने...** कृत्रिम रूप से दबाने के लिए पानी के टैंकर तैनात किए थे। पीठ ने कहा कि अगर ऐसी खबरें सच हैं, तो ये गंभीर हैं और अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा। न्यायमित्र ने न्यायालय को बताया कि वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है और तत्काल हस्तक्षेप का आग्रह किया। उन्होंने निगरानी प्रक्रिया में विसंगतियों की ओर इशारा करते हुए कहा कि दिवाली के दौरान कई केंद्र बंद रहे, जिससे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) के आंकड़ों की सटीकता पर असर पड़ा है। इस मामले में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने ग्रैप के चौथे चरण को लागू करने का आग्रह किया और कहा कि दिल्ली के कई इलाकों में एक्यूआई 450 को पार कर गया है। उन्होंने उच्चतम न्यायालय परिसर में हो रहे निर्माण और उत्खनन कार्यों की ओर भी ध्यान दिलाया और कहा कि मौजूदा प्रदूषण आपात स्थिति को देखते हुए ऐसी गतिविधियों को रोका जाना चाहिए। इस पर मुख्य न्यायाधीश गवई ने आश्वासन दिया कि न्यायालय परिसर में निर्माण गतिविधियों के संबंध में उचित कार्रवाई की जाएगी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि मामले को सोमवार को सूचीबद्ध करें।

# नोएडा-गाजियाबाद की हवा प्रदूषित

## सुबह की शुरुआत धुंध के साथ, कई जगह एक्यूआई 400 के पार



**लखनऊ।** यूपी में ठंड बढ़ने के साथ ही कई शहरों की हवा बेहद ख़राब हो गई हैं। बीते कई कई दिनों से दिल्ली से सटे कई जिलों की हवा जहरीली बनी हुई हैं। सुबह की शुरुआत ही धुंध और प्रदूषण के स्मॉग के साथ हो रही हैं। नोएडा, गाजियाबाद जैसे शहरों की हालत तो बेहद खराब है। यहां एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है, जो गंभीर श्रेणी में आता ह। अब ये हवा साँस लेने के लायक नहीं है।

पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों में देखने को मिल रहा है, जिसकी वजह से सुबह और शाम के समय में सर्दी में इजाफा हुआ है। सर्दी बढ़ने के साथ ही हवा में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ गया है, जिसकी वजह से लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो रही है। प्रदूषण की वजह से लोगों को आंखों में जलन, गले में खराब और बुखार जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। नोएडा, गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा, मेरठ जैसे शहरों में हवा दमघोंटू हो गई हैं। बुधवार सुबह गई जगहों पर एक्यूआई 400 के पार दर्ज किया गया है। केंद्रीय प्रूदषण नियंत्रण बोर्ड के मुताबिक आज सुबह 6 बजे नोएडा के सेक्टर-125 में एक्यूआई 415, सेक्टर-116 में 414, सेक्टर-1 404 एक्यूआई दर्ज किया गया। ये हवा गंभीर श्रेणी में आती हैं। वहीं नोएडा सेक्टर-62 में एक्यूआई 367 रिकॉर्ड किया गया। प्रदूषण के मामले में गाजियाबाद भी पीछे नहीं है। यहां की हवा भी आज गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। गाजियाबाद के लोनी इलाके में बुधवार सुबह एक्यूआई 405 दर्ज किया गया, जबकि संजय नगर इलाके में 359 और वसुंधरा में एक्यूआई 344 रिकॉर्ड किया गया। ग्रेटर नोएडा में भी एक्यूआई लेवल 400 के करीब पहुंच गया है। यहां के नॉलेज पार्क-5 में आज एक्यूआई 394 रिकॉर्ड किया गया, जो बेहद खराब की श्रेणी में आता है। हापुड़ में 339, बुलंदशहर में 337 और मेरठ के पल्लवपुरम में 316 एक्यूआई दर्ज किया गया। जानकारों का कहना है कि तापमान गिरने की वजह से हवा भारी हो जाती है, जिसकी वजह से हवा की गति में धीमी हो जाती है, जिसके चलते प्रदूषित कण सतह के पास जमे रहते हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## सैनिक कल्याण मंत्री ने मुख्यमंत्री व कैबिनेट का जताया आभार



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में उपनल प्रवासी जनशक्ति भर्ती से संबंधित कार्य को आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन में बिंदु संख्या 14 के तौर पर समायोजन को स्वीकृति प्रदान की है।

पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों तथा उत्तराखण्ड के मूल निवासियों को उपनल के माध्यम से विदेशों में रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। इसके साथ ही, कैबिनेट बैठक में उद्यान विभाग की मधुग्राम योजना से संबंधित एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। कैबिनेट ने राज्य सैक्टर की मधुग्राम योजनान्तर्गत लम्बित भुगतान के रूप में कुल रु. 29.40 लाख की धनराशि जारी करने को स्वीकृति प्रदान की है। यह धनराशि उन मौनपालकों के देयकों के भुगतान हेतु दी जाएगी जिन्होंने मधुग्राम योजना के अंतर्गत मौनगृह एवं मौनवंशों की आपूर्ति की थी। कृषि एवं सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित मंत्रिमण्डल के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह कदम राज्य के युवाओं और सैनिक परिवारों के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगा।

### धामी कैबिनेट में 12 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# उत्तराखंड में लागू होगी देवभूमि परिवार योजना

- उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम कर्मचारियों के नियमितीकरण और वेतन के मामले में मंत्रिमंडल की उप समिति होगी गठित,
- दैनिक, संविदा और तदर्थ कर्मचारियों के मामले में भी मंत्रिमंडल की उप समिति गठित होगी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड में देवभूमि परिवार योजना लागू होगी। देवभूमि परिवार योजना के तहत उत्तराखंड में रह रहे परिवारों की आईडी बनेगी। प्रदेश कैबिनेट की हुई बैठक में बुधवार को यह फैसला लिया गया। इसके अलावा 12 प्रस्तावों पर कैबिनेट ने मुहर लगाई है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। बैठक में 12 प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। उत्तराखंड पूर्व सैनिक कल्याण निगम कर्मचारियों के नियमितीकरण और वेतन के मामले में मंत्रिमंडल की उप समिति गठित होगी, जो दो महीने के भीतर देगी अपनी रिपोट सौंपेगी। उसके बाद कोई फैसला लिया जाएगा।




### उपनल से विदेशों में भी मिलेगी नौकरी

निर्णय लिया गया कि उपनल के माध्यम से अब विदेशों में भी नौकरी मिलेगी। वहीं आपदा में मृतक आश्रितों को चार लाख के स्थान पर पांच लाख मिलेंगे। वही पक्का मकान ध्वस्त होने पर पांच लाख दिए जाएंगे। दैनिक, संविदा और तदर्थ कर्मचारियों के मामले में मंत्रिमंडल की उप समिति गठित होगी, जो इनके नियमितीकरण को लेकर कट ऑफ डेट तय करेगी। प्रदेश में देवभूमि परिवार योजना लागू होगी। देवभूमि परिवार योजना के तहत उत्तराखंड में रह रहे परिवारों की आईडी बनेगी।

### मार्गदर्शन देने के लिए कैबिनेट ने जताया राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री का आभार

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में बुधवार को सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक में राज्य स्थापना रजत जयंती (राज्योत्सव) के विशेष अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा राज्य को दिए गए मार्गदर्शन के लिए मंत्रिमंडल ने आभार व्यक्त किया। कैबिनेट ने अपने आभार में कहा कि राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के प्रेरणादायी मार्गदर्शन से उत्तराखंड राज्य को सतत विकास, लोक कल्याण और नवाचार के पथ पर आगे बढ़ाने की दिशा में संकल्प और भी सुदृढ़ हुआ है। मंत्रिमंडल ने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष में मिले इन प्रेरक संदेशों से प्रदेश गठन के मूल लक्ष्यों की प्राप्ति तथा प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार निरंतर तत्पर रहेगी। साथ ही, कैबिनेट द्वारा समस्त कर्मचारियों व जनता का सहयोग एवं सहभागिता सुनिश्चित करने का भी आह्वान किया गया है।

### मंत्रिमंडल के महत्वपूर्ण फैसले

1. शहरी विकास निदेशालय में पीएमयू के गठन को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। 15 वें वित्त आयोग के तहत राज्य स्तर पर स्थानीय निकायों में लोक स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न नीतियों को लागू करने, उनका पर्यवेक्षण किये जाने के उद्देश्य से निदेशक, शहरी विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड के तहत पब्लिक हेल्थ पीएमयू का गठन किए जाने को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। पीएमयू के कार्यों के लिए एक वरिष्ठ चिकित्साधिकारी, एक वित्त नियंत्रक, एक एमआईएस एक्सपर्ट तथा एक सहायक लेखाकार के पदों का सृजन प्रस्तावित है। इस पीएमयू का मुख्य उद्देश्य नगर स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यों का पर्यवेक्षण करने, केंद्रीय वित्त आयोग, राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य के लिए प्राप्त धनराशि की मॉनिटरिंग करना, नागरिक स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित मानव संसाधन उपलब्ध कराए जाना एवं उचित प्रशिक्षण देना, शहरी निकाय के अंतर्गत विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का पर्यवेक्षण करना।

2. उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली, 2025 में संशोधन किये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है। टेंडर की व्यवस्था में बीड सिक्योरिटी के रूप में बैंक गारंटी एवं एफडीआर लिए जाने की व्यवस्था थी। अब इस बीड सिक्योरिटी के लिए भारत सरकार के निर्देशानुसार इंश्योरेंस सिक्योरिटी बॉन्ड को भी लिया जा सकेगा। जिसपर कैबिनेट ने अपनी मंजूरी प्रदान की है। 3. वित्त विभाग के अंतर्गत उत्तराखण्ड बजट, राजकोषीय नियोजन एवं संसाधन निदेशालय के विभागीय ढांचे में आउटसोर्स के आधार पर वाहन चालक के 1 अतिरिक्त पद सृजन को कैबिनेट ने मंजूरी दी है।

4. उत्तराखण्ड कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के अंतर्गत सूचना प्रौद्योगिकी विंग के गठन के लिए पदों के सृजन को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवा विभाग के अंतर्गत दो सहायक कंप्यूटर ऑपरेटर एवं दो कंप्यूटर प्रोग्रामर के पद सृजन को कैबिनेट ने मंजूरी प्रदान की है।

5 दैनिक वेतन, कार्यप्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक तथा तदर्थ रूप में नियुक्त कार्मिकों का विनियमितीकरण के लिए उच्च न्यायालय, उत्तराखण्ड द्वारा पारित आदेश का अनुपालन करने एवं भविष्य के लिए कट ऑफ के संबंध में विचार करने के लिए मंत्रिमंडल की समिति का गठन करने का निर्णय लिया गया है। 6. पिछले दिनों प्रदेश में धराली एवं अन्य क्षेत्रों में आई आपदा से हुए नुकसान के लिए दी जाने वाली सहायता राशि को बढ़ाए जाने का मंत्री मंडल ने निर्णय लिया है। कैबिनेट ने आपदा में मृतक व्यक्तियों के लिए दी जाने वाली सहायता राशि को 4 लाख से बढ़ाकर 5 लाख करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही आपदा से क्षतिग्रस्त पक्के आवासीय मकानों के लिए भी 5 लाख की सहायता राशि देने का निर्णय लिया गया है। जबकि कच्चे मकानों के लिए आपदा मद से निर्धारित सहायता राशि के अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष से 1 लाख की अतिरिक्त धनराशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है। आपदा की उक्त घटनाओं में व्यावसायिक भवनों को हुई क्षति के मामलों में केस टू केस विचार कर सहायता राशि दिए जाने का मंत्रिमंडल ने निर्णय लिया।

7. केन्द्रपोषित बागवानी मिशन योजनान्तर्गत केन्द्रांश के रूप में प्राप्त अनुदान सहायता (40 प्रतिशत) की धनराशि का भुगतान, राज्य सेक्टर के अंतर्गत संच. ालित ष्मधुग्राम योजनाष से किये जाने के संबंध में कैबिनेट द्वारा निर्णय लिया गया है। वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में लम्बित धनराशि 29.40 लाख का भुगतान आपूर्तिकर्ता फर्मों को राज्य सेक्टर के अंतर्गत संचालित ष्मधुग्राम योजनाष के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राविधानित धनराशि से किया जाना प्रस्तावित है।

8. उत्तराखण्ड राज्य में निवासरत परिवार पहचान के लिएष्देवभूमि परिवार योजनाश को लागू किये जाने के लिए कैबिनेट ने सैद्धान्तिक सहमति प्रदान की है। देवभूमि परिवार योजना के तहत उत्तराखण्ड राज्य में निवासरत परिवारों की पहचान, परिवार आईडी बनाने के साथ-साथ राज्य में लागू महत्वपूर्ण एवं जनोपयोगी विभिन्न योजनाओं को लाभार्थी परिवार की आईडी से एकीकृत करते हुये उन योजनाओं का उन्हें सीधा व समुचित लाभ प्रदान किया जाना ष्देवभूमि परिवार योजनाश का उद्देश्य है। 9 कैबिनेट ने उत्तराखण्ड की पंचम विधान सभा का वर्ष 2025 के विशेष सत्र के सत्रावसान की संस्तुति प्रदान की है। 10. उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार की उपनल कार्मिकों को न्यूनतम वेतन एवं महंगाई भत्ता देने के संबंध में मंत्रिमंडल द्वारा गहनता से विचार किया गया। इससे जुड़े सभी मुद्दों पर विचार विमर्श करने के लिए तथा संबंधित हितधारकों से वार्ता कर निर्णय लेने के लिए कैबिनेट ने मंत्रिमंडल की उप समिति गठित करने का निर्णय लिया। इस उप समिति द्वारा 2 महीने की समय सीमा के भीतर इस कार्यवाही को सम्पन्न किया जाएगा।

11. विदेश में पूर्व सैनिकों, उनके आश्रितों तथा युवाओं को विदेश में सेवायोजन प्रदान करने तथा आयकर से संबंधित आवश्यकता के लिए उपनल के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन तथा आर्टिकल ऑफ एसोसिएशन में आवश्यक संशोधन किए जाने के प्रस्ताव पर भी कैबिनेट ने अनुमोदन प्रदान किया है।

12. उत्तराखंड स्थापना दिवस - रजत जयंती समारोह को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए कैबिनेट ने सभी हितधारकों को, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों, अधिकारियों, पत्रकारों एवं राज्य वासियों का आभार व्यक्त किया है।

## राजकीय मेडिकल कॉलेजों को मिले 28 नर्सिंग ऑफिसर

- चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. रावत ने वितरित किए नियुक्ति पत्र

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** चिकित्सा शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित 28 नर्सिंग अधिकारियों एवं 14 सीएमएसडी टैक्नीशियन को प्रदेश के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बुधवार को नियुक्ति पत्र वितरित किये। इसके अलावा उन्होंने एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर (नर्सिंग) के सात अभ्यर्थियों को भी नियुक्ति पत्र बांटे। डॉ. रावत ने कार्यक्रम के दौरान राजकीय स्टेट कॉलेज ऑफ नर्सिंग में रूपये 456.15 लाख की लागत से तैयार व्याख्यान कक्षों एवं लैब का भी लोकार्पण किया।



राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में आज प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराने व प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने के लिये प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर उन्होंने राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित 28 नर्सिंग अधिकारियों, 14 सीएमएसडी टैक्नीशियन एवं 06 एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) व 01 प्रोफेसर (नर्सिंग) को नियुक्ति पत्र सौंपे। डॉ. रावत ने कहा कि नर्सिंग अधिकारी एवं सीएमएसडी टैक्नीशियन की नियुक्ति से राजकीय मेडिकल कॉलेजों से सम्बद्ध चिकित्सालयों में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी, साथ ही मरीजों को उनकी बीमारियों से संबंधित पैथोलॉजी जांचे भी समय पर मिल सकेगी। जबकि राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में एसोसिएट प्रोफेसर एवं प्रोफेसर की नियुक्ति होने से जहां सकाय सदस्यों की कमी दूर वहीं वहीं नर्सिंग छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षण-प्रशिक्षण मिलेगा।

डॉ. रावत ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा प्रदेश में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं के साथ-साथ उच्च गुणवत्तायुक्त चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराना है। इसके लिये सरकार निरंतर प्रयासरत है।

उन्होंने कहा कि सरकार जहां स्वास्थ्य उपकेन्द्रों से लेकर जिला अस्पतालों में आधुनिक तकनीक युक्त चिकित्सा सुविधाएं व मानव संसाधन जुटा रही है। वहीं राजकीय मेडिकल कॉलेजों व नर्सिंग कॉलेजों में संकाय सदस्यों, नर्सिंग अधिकारियों सहित प्रशिक्षित कार्मिकों की निरंतर नियुक्ति की जा रही है। उन्होंने कहा कि अब तक राजकीय मेडिकल कॉलेजों में 1248 नर्सिंग अधिकारी नियुक्त किये जा चुके हैं जबकि 587 नर्सिंग अधिकारियों के पदों पर नियुक्ति हेतु अधियाचन चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड को भेजा जा चुका है। इसके अलावा 439 असिस्टेंट प्रोफेसरों के पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया प्रगति पर है। इसके अलावा मेडिकल कॉलेजों में 170 टैक्नीशियनों की नियुक्ति की जा चुकी है।

## मुख्यमंत्री ने किया शासनादेशों के संकलन का विमोचन

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को सचिवालय में उत्तराखण्ड की रजत जयंती वर्ष में औद्योगिक विकास तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा शासनादेशों का द्वितीय संकलन पुस्तक का विमोचन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में औद्योगिक विकास एवं रोजगार संवर्द्धन में औद्योगिक विकास विभाग एवं एमएसएमई की नीतियों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होती है। इस संकलन से नीति निर्माण की प्रकिया में सरलता आयेगी। यह पुस्तक भविष्य के लिए भी अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होने के साथ-साथ राज्य में निवेश प्रस्तावों व इन्वेस्टर्स मीट आदि आयोजनों के लिए भी शासनादेशों का यह संकलन अत्यन्त उपयोगी सिद्ध होगा। इस अवसर पर सचिव उद्योग विनय शंकर पाण्डेय एवं महानिदेशक उद्योग सौरव गहरवार आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा ने वंदेमातरम गीत का मौलिक स्वरूप में किया सामूहिक गायन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर वंदेमातरम/150 की संगठन स्तर पर शुरुआत की है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट और प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार के नेतृत्व में वंदेमातरम गीत का मौलिक स्वरूप में सामूहिक गायन किया गया।

पार्टी मुख्यालय में इस अभियान की शुरुआत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि वंदेमातरम गीत राष्ट्र आराधना और देशभक्ति की भावना के प्रवाह का गान है। इसी की प्रेरणा से असंख्य लोगों ने आजादी के लिए कुर्बानियां दी, स्वतंत्रता संग्राम की मशाल के लिए प्राणवायु की तरह इस गीत का योगदान रहा। लेकिन बेहद दुर्भाग्य रहा कि आजादी दिलाने का ढोल पीटने वाली कांग्रेस ने ही इसे तुष्टिकरण की राजनीति के चलते,



कभी वह सम्मान नहीं दिया, जिसका यह हकदार था।

भाजपा संगठन भी अगले 26 नवंबर, संविधान दिवस तक राष्ट्रगीत का सामूहिक गान, प्रत्येक जिला कार्यालय एवं मंडल स्तर तक के सभी कार्यक्रमों में करेगा।

इस दौरान, प्रदेशाध्यक्ष के नेतृत्व में राष्ट्रध्वज फहराया गया और देशभक्ति के नारे के बीच कार्यकर्ताओं में मिष्ठान वितरित किया गया। अभियान की प्रदेश संयोजक प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत के संचालन में हुए इस कार्यक्रम में राजपुर

विधायक खजान दास, सविता कपूर, प्रदेश महामंत्री कुंदन परिहार, तरुण बंसल, अभियान सह संयोजक एवं प्रदेश मंत्री गौरव पांडे, प्रदेश कार्यालय सचिव जगमोहन रावत, प्रदेश मीडिया संयोजक मनवीर सिंह चौहान, सह संयोजक राजेंद्र नेगी, प्रदेश प्रवक्ता कमलेश रमन, कुंवर जपेंद्र सिंह, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष रुचि भट्ट, युवा मोर्चा अध्यक्ष विपुल मेंदोल, दायित्वधारी डा देवेंद्र भसीन, विनोद उनियाल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उत्तराखंड बना खेल और पर्यावरण संरक्षण का अग्रदूत : धामी

- वन खेलकूद प्रतियोगिता में 42 टीमों के 3390 खिलाड़ी, 700 महिला प्रतिभागी हुई शामिल, मुख्यमंत्री ने दी शुभकामनाएं

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर (देहरादून) में आयोजित अखिल भारतीय वन



खेलकूद प्रतियोगिता 2025 में बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने मंच से देश के विभिन्न राज्यों से पधारे वन अधिकारियों, खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि 28वीं अखिल भारतीय वन खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता की मेजबानी का सौभाग्य उत्तराखंड को प्राप्त हुआ है।

### खेल संस्कृति और पर्यावरण संरक्षण के दोहरे संकल्प पर जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल व्यक्ति में अनुशासन, टीमवर्क और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने कहा कि वन कर्मियों का फिट रहना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि वही वन और पर्यावरण की रक्षा के असली प्रहरी हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ वन संपदा के संरक्षण और संवर्धन के लिए भी सतत प्रयासरत है। **स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान और खिलाड़ियों को सम्मान** मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि प्रदेश में 8 शहरों में 23 खेल अकादमियां, एक राज्य खेल विश्वविद्यालय, और महिलाओं के लिए महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जा रही है।

उन्होंने इस आयोजन के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री श्री भूपेंद्र यादव का आभार व्यक्त किया तथा वन विभाग और आयोज. कों को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि कॉर्बेट में 'वन्यजीवों का एम्स' कहे जाने योग्य आधुनिक रेस्क्यू सेंटर स्थापित किया गया है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल एवं कल्पना सैनी तथा विधायक उमेश शर्मा 'काउ', खजान दास, सविता कपूर, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, प्रमुख वन संरक्षक उत्तराखंड आदि उपस्थित रहे।

## जनजातीय युवाओं के हुनर को मंच देना सराहनीय: रेखा

**देहरादून( मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स )।** ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी परिसर में श्उतरांगन 2025श हस्तशिल्प एवं शिल्पकला मेले का आयोजन उत्साह एवं सांस्कृतिक समृद्धता के साथ किया गया। देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे जनजातीय समुदायों के युवा अपने हस्तशिल्प उत्पादों के साथ कला का प्रदर्शन कर रहे हैं। मुख्य अतिथि, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने मेले का उद्घाटन करते हुए कहा कि उत्तराखंड की जनजातियां स्वरचित हस्तशिल्प और कलात्मक उत्पादों की समृद्ध परंपरा का निरंतर विस्तार कर रही हैं। जब यहां आए युवा वापस जाएं, तो वे उत्तराखंड की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और हस्तशिल्प समृद्धता की याद एवं सीख लेकर जाएं। कहा कि सरकार वोकल फॉर लोकल, स्थानीय उत्पादों और हस्तशिल्प की वैश्विक ब्रांडिंग के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर डॉ. अमित आर भट्ट, एचओडी फैशन डिजाइनिंग डॉ. ज्योति छाबड़ा, डायरेक्टर इंफ्रास्ट्रक्चर ग्राफिक एरा ग्रुप डॉ. सुभाष गुप्ता सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।


पंजाब नैशनल बैंक ......भरोसे का प्रतीक (A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING)

punjab national bank ...the name you can BANK upon!

एसएएमबी दिल्ली, चौथी मंजिल, 7 भीकाजी कामा प्लेस, दिल्ली-110066 ई-मेल: zs8343@pnb.co.in

**अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना। एतद्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) को सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति क्रेडिटर के पास बंधक/प्रभारित नीचे वर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक/प्रतिभूत क्रेडिटर के अधिकृत प्राधिकारी द्वारा कर लिया गया था, की बिक्री सम्बद्ध कर्जदार(रों) एवं जमानती(यों) से बैंक/प्रतिभूत क्रेडिटर के बकायों की वसूली हेतु नीचे तालिका में वर्णित तिथियों पर **"जहाँ है वहाँ है", "जो है वही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है"** आधार पर की जायेगी। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि नीचे तालिका में सम्बन्धित सम्पत्तियों के सम्मुख उल्लिखित के अनुसार होगी।

**प्रतिभूत आस्तियों की अनुसूची**

| लॉट सं | शाखा का नाम / खाते का नाम / कर्जदार/जमानतियों का नाम तथा पता खाता | अचल सम्पत्तियों का विवरण बंधककर्ता/स्वामी का नाम [सम्पत्ति(यों) के बंधककर्ता] | (A) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत माँग सूचना की तिथि (B) 30.06.2022 तक बकाया राशि (C) सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जा करने की तिथि (D) कब्जे की प्रकृति (सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक) | (A) आरक्षित मूल्य (B) ईएमडी (C) संविदा वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तिथि/समय | प्रतिभूति क्रेडिटर के संज्ञान में ऋणभारों का विवरण | अधिकृत प्राधिकारी का नाम एवं सम्पर्क नं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सैम शाखा, दिल्ली / मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया (पी) लिमिटेड / **मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया (पी)** लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय - 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092 श्री राजीव गुप्ता (निदेशक एवं जमानती) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड पताः बी-102, जनसत्ता अपार्टमेंट, सेक्टर-9, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201012 **साथ ही:** 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092 प्रशांत कुमार शर्मा (जमानती) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, लक्ष्मी विहार, बहादराबाद, हरिद्वार- 249402 श्रीमती चारु गुप्ता (जमानती) निवास पता - बी-102, जनसत्ता अपार्टमेंट, सेक्टर-9, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201012 श्री राकेश शर्मा (निदेशक) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 2386, चिपिवाड़ा, जामा मस्जिद, दिल्ली-110006 मेसर्स इस्पात उद्योग लिमिटेड मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092 श्री राकेश शर्मा (निदेशक एवं जमानती) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड 12, प्रथम तल, ईस्ट एंड एन्क्लेव, लक्ष्मी नगर, नई दिल्ली-110092 श्री आरपी गुप्ता (निदेशक एवं जमानती) मेसर्स इस्पात एलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, बी-102, जनसत्ता अपार्टमेंट, सेक्टर-9, वसुंधरा, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश- 201012 | 1. विक्रय विलेख के अनुसार, संपूर्ण भूतल से छत तक, बिना छत के अधिकार के, क्षेत्रफल 102.84 वर्ग मीटर, भूतल पर दो कार पार्किंग सहित, प्लॉट संख्या 29 पर निर्मित, नगरपालिका संख्या 1/1873-ए वाली संपत्ति का एक भाग, खसरा संख्या 128 मीटर में से, चंद्रावली उर्फ शाहदरा गाँव के क्षेत्र में स्थित, मानसरोवर पार्क की आबादी में, दिल्ली, मेसर्स इस्पात अलॉयज इंडिया (प्रा.) लिमिटेड के नाम पर संपूर्ण संपत्ति के अंतर्गत भूमि का आनुपातिक हिस्सा। सीमाएँ: पूर्वः गली 10 फीट, पश्चिमः सड़क 15 फीट, उत्तरः सड़क 20 फीट, दक्षिणः प्लॉट संख्या 32 (**सांकेतिक कब्जे में**) | A) 18.11.2014 B) रु. 29.58 करोड़ भावी ब्याज एवं अन्य प्रभार सहित C) 20.03.2015 D) सांकेतिक कब्जा | (A) रु. 0.55 करोड़ (B) रु. 0.05 करोड़ (C) रु. 0.005 करोड़ | 05.12.2025 को 11:00 बजे पूर्वा. से 04:00 बजे अप. | ज्ञात नहीं | पवन सिंह यादव मोबाइल: 9717133327 |
| | | 2. विक्रय विलेख के अनुसार, संपूर्ण द्वितीय तल से छत तक, बिना छत के अधिकार के, क्षेत्रफल 102.84 वर्ग मीटर, भूतल पर दो कार पार्किंग के साथ, प्लॉट संख्या 29 पर निर्मित, नगरपालिका संख्या 1/1873-ए वाली संपत्ति का एक हिस्सा, खसरा संख्या 128 मिन में से, दिल्ली के मानसरोवर पार्क की आबादी में चंद्रावली उर्फ शाहदरा गाँव के क्षेत्र में स्थित, साथ ही संपूर्ण संपत्ति के अंतर्गत भूमि का आनुपातिक हिस्सा श्री राजीव गुप्ता के नाम पर। सीमाएँ: पूर्वः गली 10 फीट, पश्चिमः सड़क 15 फीट, उत्तरः सड़क 20 फीट, दक्षिणः प्लॉट संख्या 32 (**सांकेतिक कब्जे में**) | | (A) रु. 0.49 करोड़ (B) रु. 0.05 करोड़ (C) रु. 0.005 करोड़ | | | |

**ई-नीलामी बिक्री की नियम एवं शर्तें** : बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियम एवं शर्तों तथा आगे निम्नलिखित शर्तों के अधीन होगी : (1) सम्पत्तियों की बिक्री **"जहाँ है जैसे है", "जो है वही है" तथा "जो कुछ भी है वहीं है"** आधार पर की जा रही है। (2) यहाँ ऊपर अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों के विवरण अधिकृत प्राधिकारी की सर्वोत्तम सूचना के आधार पर बताये गये हैं, किन्तु अधिकृत प्राधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलतबयानी अथवा विलोपन के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। (3) प्रतिभूत परिसंपत्ति को आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा। पहली बोली आरक्षित मूल्य से किसी भी अधिक राशि पर आरंभ होनी चाहिए। (4) अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री वेबसाइट **https://Baanknet.com** पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऊपर निर्दिष्ट नीलामी तिथि और समय पर की जाएगी। (5) अधिक जानकारी और बिक्री की नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया (i) **https://Baanknet.com** और (ii) **https://pnb.bank.in/** देखें (पूर्व पताः www.pnbindia.in)

**सरफैसी अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के तहत सांविधिक बिक्री सूचना**

दिनांक : 11.11.2025 स्थान : दिल्ली

अधिकृत प्राधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक

# डीएम ने किया स्वच्छता व्यवस्था का निरीक्षण

■ जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल ने बौराड़ी पहुंचकर कूड़ा निस्तारण और सफाई व्यवस्था का लिया जायजा, लोगों को किया गया जागरूक, कूड़ा वाहन में ही डालें कचरा, शहर को बनाएं प्लास्टिक मुक्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** नगर पालिका परिषद टिहरी और जिला प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से संचालित साप्ताहिक स्वच्छता जनजागरूकता अभियान के तहत हर बुधवार की तरह इस बुधवार भी नगर क्षेत्र नई टिहरी में स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की गईं। अभियान का उद्देश्य शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाना है, जिसमें स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी देखी जा रही है।

बुधवार को जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल स्वयं 8-डी रोड बौराड़ी पहुंचीं और क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद टीम के साथ लोगों द्वारा किए जा रहे जैविक और अजैविक कचरे के पृथक्करण (सोर्स सेग्रीगेशन) की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान



नगर पालिका के कर्मचारियों ने बताया कि कुछ स्थानों पर स्थानीय लोगों द्वारा नालियां बंद कर दी गई हैं, जिससे जल निकासी में दिक्कतें उत्पन्न हो रही हैं। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित व्यक्तियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए और नालियों की सफाई शीघ्र कराए जाने को कहा।

जिलाधिकारी ने इसके अलावा मो. करी स्थित कूड़ा निस्तारण डंपिंग जोन की दीवार को ऊंचा करने की आवश्यकता पर भी चर्चा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए, ताकि कूड़ा प्रबंधन और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।

अभियान के अंतर्गत ई-ब्लॉक नई टिहरी, मोलधार नागराजा मंदिर क्षेत्र, पीडब्ल्यूडी रोड बौराड़ी और 8-डी रोड बौराड़ी में कचरे के पृथक्करण की जांच की गई। इस दौरान लोगों को प्लास्टिक का उपयोग न करने, कूड़े को खुले में न फेंकने और केवल निर्धारित कूड़ा वाहन में ही डालने के लिए जागरूक किया गया।

अभियान में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष नई टिहरी मोहन सिंह रावत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद वासुदेव डंगवाल, पालिका के कर्मचारी, स्वयंसेवी युवा और सफाई कर्मी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नगर प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान को जनआंदोलन बनाते हुए शहर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने में सक्रिय सहयोग दें।

# श्रीनगर में दूरबीन की पद्धति से होगी फेफड़ों की बायोप्सी

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** वीर चंद्र सिंह गढ़वाली आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान श्रीनगर के टीचिंग बेस चिकित्सालय में जल्द ही थोरैकोस्कोपी की सुविधा शुरू होने जा रही है। थोरैकोस्कोपी की सुविधा मिलने से छाती रोग से सम्बंधित गंभीर बिमारियों को आसानी से पता लगाया जा सकता है। अभी तक थोरैकोस्कोपी की सुविधा के लिए मरीजों को देहरादून, दिल्ली सहित अन्य महानगरों की दौड़ लगानी पड़ती थी।

अब यह सुविधा मरीजों को बेस चिकित्सालय में मिलने वाली है। दिसम्बर प्रथम सप्ताह में डॉक्टर इस सुविधा को शुरू करेंगे। बताते चलते कि बढ़ती ठंड और ध्रुमपान कि लत के चलते बेस चिकित्सालय में फेफड़े तथा श्वांस से संबंधित बीमारियों के मरीजों की संख्या में इजाफा हुआ है। जांच के दौरान देखा गया है कि स्थानीय स्तर पर फेफड़े तथा श्वांस से संबंधित मरीजों की संख्या में रोजाना बढ़ोत्तरी हो रही है। इसका मुख्य कारण लोगों द्वारा धूम्रपान करना और खाने बनाने में लकडियों का ज्यादा इस्तामाल करना है। बेस चिकित्सालय में अब ऐसे मरीजों के फेफड़ों की जांच दूरबीन पद्धति से की जायेगी। बेस चिकित्सालय श्रीनगर के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्की बख्शी ने बताया कि नवम्बर माह से दमा से सम्बंधित मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी होती है, जो कि दिसम्बर माह में और अधिक बढ़ जाती है। बताया कि उनके पास श्वास से सम्बंधित गंभीर रूप से पीडित मरीज यहां पहुंचते है, लेकिन थोरैकोस्कोपी की सुविधा न होने के चलते मरीजों को हायर रेफर सेंटर भेजना पड़ता है। बताया कि अब वह दिसम्बर माह से दूरबीन की पद्धति से फेफडों की जांच शुरू करेंगे। जिससे फेफडों के अंदर पनप रही गंभीर बिमारियों को आसानी से पकड़ा जा सकें और समय रहते हुए मरीज को उसका इलाज मिल सकें। बताया कि बेस चिकित्सालय में ढेड करोड रूपये से अधिक लगात की थोरैकोस्कोपी मशीन बेस चिकित्सालय पहुंच चुकी है। दिसम्बर माह से इस सुविधा का शुभारंभ किया जायेगा।

क्या है थोरैकोस्कोपी

बेस चिकित्सालय के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. विक्की बक्शी बताते है कि थोरैकोस्कोपी एक एडवांस्ड प्रक्रिया है, जिसको बहुत कम श्वास रोग विशेषज्ञ चलाने जानते है।

## स्नेहा राणा और राजीव तोमर ने जीती बैडमिंटन प्रतियोगिता

**श्रीनगर।** बैकुण्ठ चतुर्दशी मेले के तहत आयोजित महिला एवं ओपन बैडमिंटन प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। महिला ओपन वर्ग में स्नेहा रावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि ज्योति को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। ओपन सिंगल वर्ग में राजीव तोमर ने बेहत. रीन खेल दिखाते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। प्रशांत रावत को उपविजेता घोषित किया गया। वहीं ओपन डबल वर्ग में राजीव तोमर और अमन नेगी की जोड़ी ने दमदार तालमेल दिखाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। पी. ममगांई और प्रशांत रावत की जोड़ी द्वितीय स्थान पर रही। विजेता खिलाड़ियों को 21,000 रूपये और उपविज. ेताओं को 11,000 रूपये की नगद धनराशि प्रदान की गई।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** मुनिकीरेती थाना पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने बीती रात गश्त के दौरान एक बिना चालक के वाहन से लगभग 3.16 लाख रुपये मूल्य की 35 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की। पुलिस ने इस मामले में आबकारी अधिनियम के तहत मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आयुष अग्रवाल ने इस उल्लेखनीय सफलता पर पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है।जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नशामुक्त उत्तराखंड अभियान के तहत पुलिस विभाग लगातार अवैध शराब और नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान चला रहा है। इसी क्रम में मुनिकीरेती थाना क्षेत्र में पुलिस ने मंगलवार रात शिवपुरी क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान चौकी प्रभारी शिवपुरी उपनिरीक्षक विनोद कुमार और सीआईयू ढालवाला की संयुक्त टीम ने हैंवल नदी पुल के पास एक सफेद रंग के छोटा हाथी वाहन को संदिग्ध अवस्था में खड़ा पाया।

तलाशी लेने पर वाहन में भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब मिली। वाहन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से कुल 35 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 3.16 लाख रुपये बताई जा रही है।

# सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की अस्पताल में पहुंचाकर बचाई जान

■ संभागीय निरीक्षक चेतन प्रकाश समाज के लिए बने प्रेरणास्त्रोत

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रप्रयाग।** मानवता, संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय रुद्रप्रयाग में कार्यरत संभागीय निरीक्षक चेतन प्रकाश ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की जान बचाकर समाज के लिए प्रेरणास्रोत उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात्रि लगभग डेढ़ बजे के आसपास जब प्रकाश अपने निजी वाहन से आवागमन कर रहे थे, तभी उन्हें होटल पुष्पदीप के समीप सड़क किनारे एक कार दुर्घटनाग्रस्त अवस्था में दिखाई दी। वाहन के भीतर एक व्यक्ति घायल अवस्था में था और तत्काल चिकित्सकीय सहायता की आवश्यकता प्रतीत हो रही थी।

स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए चेतन प्रकाश ने बिना देर किए मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया तथा अपने निजी वाहन से ही घायल व्यक्ति को जिला चिकित्सालय रुद्रप्रयाग पहुंचाया। उनके इस त्वरित निर्णय और तत्पर कार्यवाही के परिणामस्वरूप घायल व्यक्ति को समय पर उपचार मिल पाया, जिससे संभावित जान-माल की हानि टल गई। इस संवेदनशील एवं प्रशंसनीय कार्य के लिए जिला प्रशासन रुद्रप्रयाग द्वारा प्रकाश की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई है। जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने सभी अधिकारियों कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए है कि सभी शासकीय कर्मियों को समाजहित में तत्परता, संवेदनशीलता एवं मानवीय दृष्टिकोण से कार्य करने की भावना रखते हुए कार्य करना है। इस प्रकार के कार्य प्रशासनिक सेवाओं में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं, जो न केवल अपने दायित्वों के निर्वहन का प्रतीक हैं, बल्कि किसी के जीवन की रक्षा करने की वास्तविक भावना को भी प्रति. बंबित करते हैं।

संस्कृत के प्रचार-प्रसार को लेकर विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन,

## करियर निर्माण विषय पर आयोजित की गई कार्यशाला

**कोटद्वार।** राजकीय महाविद्यालय कण्वघाटी की करियर काउंसलिंग सेल के तत्वाधान में कौशल विकास व व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से करियर निर्माण विषय पर बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय भोपाल के प्राध्यापक अवधेश, शिंजिनी व नंदिनी द्वारा छात्र-छात्राओं को स्नातक के बाद रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान महाविद्यालय आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. विनय देवलाल ने स्नातक डिग्री के साथ-साथ कौशल आधारित पाठ्यक्रमों की वर्तमान परिपेक्ष में आवश्यकता व महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. हरिश्चंद्र ने कहा कि वर्तमान युग डिजिटल युग है। युवाओं को अपने भविष्य निर्माण हेतु नवाचार आधारित नवीन संभावनाओं से जुड़कर अपने भविष्य की दिशा निर्धारित करने की आवश्यकता है। तत्पश्चात छात्रों को स्नातक के बाद रोजगार की संभावना व इस संबध में अजीम प्रेमजी विवि भोपाल द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम में संयोजक डॉ. उषा सिंह, फाउंडेशन के कोटद्वार संयोजक डॉ. प्रियंवद सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक व छात्र-छात्रा मौजूद रहे।

## सीपीआर व फर्स्ट एड पर दी जानकारी

**कोटद्वार।** रोटरी व इनरव्हील क्लब पिंक की ओर से बुधवार को डीएवी पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओ को फर्स्ट एड एवं सीपीआर के सम्बन्ध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन व विद्यालय प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात मैठाणी मेडिकल सेंटर के फार्मासिस्ट अब्दुल हलीम ने सीपीआर पर जानकारी देते हुए कहा कि आजकल हृदय रोग के मरीजो की संख्या बढ़ती जा रही है, इसमें सीपीआर एक प्राथमिक उपचार है। इससे हम हृदय रोग के मरीज की जान बचा सकते है। बताया कि जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रूक जाती है तब सीपीआर दिया जाता है। मौके पर छात्रों को प्रयोगात्मक रूप से सीपीआर व फस्ट एड पर जानकारी दी गई। इस दौरान क्लब सचिव विजय कुमार, वाईपी गिलरा, इनरव्हील क्लब पिंक की अध्यक्ष शिल्पी अग्रवाल, सचिन गोयल, वाईपी गिलरा और ज्योति स्वरूप उपाध्याय सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## हंस कल्चरल सेंटर प्रभारी पदमेन्द्र बिष्ट का निधन

**कोटद्वार।** हंस कल्चरल सेंटर के उत्तराखंड प्रभारी पदमेंद्र सिंह बिष्ट का बुधवार सुबह दिल्ली स्थित एक अस्पताल में उपचार के दौरान निधन हो गया है। उनके निधन की खबर सुनते ही कोटद्वार बार एसोसिएशन से जुड़े अधिवक्ताओं में शोक की लहर दौड़ पड़ी। मौके पर आयोजित शोक सभा में पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष अजय कुमार पंत ने कहा कि वे हमेशा निर्धनों और असहायों की मदद के लिए तैयार रहते थे, साथ ही फाउंडेशन के माध्यम से निर्धन छात्रों को स्कूल फीस दिलाने का कार्य भी वे लगातार करते थे। उनके असामायिक निधन से समाज के हर वर्ग को आघात पहुंचा है, जिसे पूरा नहीं किया जा सकता। मौके पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक व्यक्त करने वालों में अधिवक्ता प्रवेश रावत, अरविंद वर्मा, विकास कुमार, अविरल पंत, रवींद्र जजेड़ी, मयंक जखमोला, कुलदीप बिष्ट और शोभा बहुगुणा सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

## ब्लू क्लाउड इंटरनेट लीज्ड लाइन सेवाओं के लिए चयनित

**देहरादून।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड , एक तेजी से उभरती भारतीय एआई और साइबर सिक्योरिटी कंपनी जो वैश्विक बाजारों में नवीनतम आईटी और आईटी-सक्षम सेवाएं प्रदान करने पर केंद्रित है, यह घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रही है कि उसे बीएसएनएल तमिलनाडु सर्कल के लिए 5जी एफडब्ल्यूए (5जी फिक्स्ड वायरलेस एक्सेस) पार्टनर के रूप में चयनित किया गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य अत्याधुनिक 5जी इंटरनेट लीज्ड लाइन सेवाएं प्रदान करना है। मुख्य महाप्रबंधक, बीएसएनएल तमिलनाडु के कार्यालय से प्राप्त पत्राचार के अनुसार, ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड को बीएसएनएल तमिलनाडु टेलीकॉम सर्कल में एंटरप्राइज और अन्य संस्थाओं के लिए ग्राहक निजी नेटवर्कों की स्थापना व रखरखाव के लिए 5जी नेटवर्क पर इंटरनेट लीज्ड लाइन सेवाओं के लिए आधिकारिक रूप से पैनल में शामिल किया गया है। यह पैनलिंग प्रक्रिया पांच वर्षों के लिए मान्य होगी, जैसा कि ईओआई की शर्तों में निर्दिष्ट किया गया है।समूह के अध्यक्ष ने कहा, "हमारा उद्देश्य भारत में कनेक्टिविटी को बदलना है, ताकि व्यवसायों, सरकारी परियोजनाओं और समुदायों को सशक्त बनाने वाली अभिनव और किफायती संचार समाधान स्थापित किए जा सकें।"

# सीडीओ ने ली सहकारी समितियों की बैठक

शाह टाइम्स संवाददाता

**गोपेश्वर।** मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी की अध्यक्षता में निबंधक, सहकारी समितियों की बैठक आपदा प्रबंधन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में आगामी सहकारिता मेलों के सफल आयोजन हेतु एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) के संबंध में विस्तृत निर्देश प्रसारित किए गए।



संयुक्त राष्ट्र महासंघ द्वारा वर्ष 2025 को अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया गया है, जिसकी थीम "कोआपरेटिव बिल्ड बेटर वर्ल्ड" निर्धारित की गई है। इसी क्रम में जनपद चमोली में 24 नवम्बर से 30 नवम्बर, 2025 तक "सहकारिता से पर्यावरण संरक्षण, ईको-टूरिज्म एवं वन सहकारिता" विषय पर आधारित सात दिवसीय सहकारिता मेले का आयोजन किया जाएगा।

मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि यह मेला सहकारिता की मूल भावना को स्थानीय स्तर पर मूर्त रूप देने के साथ-साथ राज्य की अर्थव्यवस्था में सहकारिता विभाग के योगदान को रेखांकित करेगा। साथ ही, यह मेला विभिन्न सहकारी एवं अनुसांगिक संस्थाओं को एक साझा मंच प्रदान कर उनके समन्वय और सहभागिता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी, जिला विकास अधिकारी केके पंत, मुख्य चिकित्साधिकारी अभिषेक गुप्ता, सहायक निबंधक सहकारिता बीएस राणा, उद्योग महाप्रबंधक अंजलि रमन, सीवीओ अशीम देब सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गोदियाल के प्रदश अध्यक्ष बनने पर कांग्रेसियों में खुशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** विधानसभा श्रीनगर के पूर्व विधायक गणेश गोदियाल को दोबारा उत्तराखंड प्रदेश अध्यक्ष बनाएं जाने पर श्रीनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। इस दौरान कांग्रेसियों ने गोला बाजार में अतिशबाजी कर एक दुसरे को मिष्ठान वितरित कर खुशी मनाई। इस दौरान वक्ताओं ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. हरक सिंह रावत को चुनाव प्रबंधन समिति का अध्यक्ष और प्रीतम सिंह को प्रचार समिति का अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया। कहा कि उत्तराखंड में आगामी विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत कांग्रेस पार्टी द्वारा जुझारू चेहरों को कमान सौंपी गई। बताया कि कांग्रेस की ऐसी रीढ़ को प्रदेश का नेतृत्व दिया गया है जो आम जनता की हमेशा आवाज रहे हैं। कांग्रेस नगर अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, जगदीश भट्ट, सुरेन्द्र चौहान, नीटू मिश्रा, सुधांशु नौडियाल, पुष्पेंद्र पंवार, सूरज नेगी और प्रताप भंडारी ने कहा कि गणेश गोदियाल का सौम्य व्यवहार और आम जनता के बीच बेहतर सामंजस्य का होना ही उन्हें प्रदेश का नेतृत्व मिलना है। कहा कि गोदियाल के साथ वरिष्ठ कांग्रेसी जन 2027 विधानसभा चुनाव में उत्तराखंड के लिए योजना बनाने जा रहे हैं।

# पुलिस ने स्मैक के साथ हिस्ट्रीशीटर नशा तस्कर को किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**कोटद्वार।** पुलिस ने लगभग साढ़े चार लाख की कीमत की 15.40 ग्राम स्मैक के साथ एक हिस्ट्रीशीटर नशा तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्जन से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। बुधवार को पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री के ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के अंतर्गत व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार के नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही करने के निर्देश के क्रम में कोटद्वार पुलिस एवं सीआइयू टीम मंगलवार को बीईएल रोड पर चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान पुलिस टीम को बीईएल रोड़ स्थित शंकर डेयरी के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने तलाशी के दौरान युवक से लगभग साढ़े चार लाख रुपये मूल्य की 15.40 ग्राम स्मैक बरामद की। आरोपी की पहचान रोहित जोशी, पुत्र स्वर्गीय हीरा वल्लभ जोशी, निवासी- मानपुर कोटद्वार के तौर पर हुई। आरोपी एक हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कई मुकदमे दर्ज हैं। गिरफ्तारशुदा आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह स्वयं भी स्मैक सेवन करने का आदी है और इस बार वह स्मैक को बरेली, उत्तर प्रदेश से लाकर कोटद्वार क्षेत्र में छात्रों और फैक्ट्री कर्मियों को बेचने की फिराक में था।

# बेराधर में एक दिवसीय बाल शोध मेले का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**थराली।** विकासखंड देवाल के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेराधार में बाल शोध मेला का आयोजन किया गया। एक दिवसीय मेले का उद्घाटन करते हुए देवाल के ब्लाक प्रमुख तेजपाल सिंह रावत ने कहा कि बाल शोध मेलों के आयोजन से नौनिहालों अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ती हैं।इस मौके पर बच्चों ने अपने, अपने माडलों की प्रदर्शनी लगाई राजकीय प्राथमिक विद्यालय बेराधार में आयोजित बाल शोध मेले का उद्घाटन देवाल के ब्लाक प्रमुख तेजपाल सिंह रावत ने दीप प्रज्वलित कर किया।इस मौके पर उन्होंने मेले की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के मेलों से बच्चों को अपनी



योग्यता को प्रर्दशित करने का सुनहरा मौका मिलता हैं। उन्होंने समय, समय पर इस तरह के आयोजनों की वकालत की। उन्होंने बेराधार के अध्यापकों के द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी सराहना की घ्इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सहित अन्य अतिथियों ने बच्चों के द्वारा निर्मित मार्डलों की प्रदर्शनी का निरीक्षण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।इस अवसर पर देवाल के ज्येष्ठ प्रमुख दीपक गड़िया ने भी बतौर विशिष्ट अतिथि मेले की सराहना करते हुए अन्य विद्यार्थियों में भी इस तरह के मेलों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानाध्यापक मुन्ना शानू, गांव के सामाजिक कार्यक्रता बादर सिंह, जितेंद्र बिष्ट,शंकर गडिया, प्राथमिक शिक्षक संघ देवाल के ब्लॉक अध्यक्ष दर्शन धपोल, कोषाध्यक्ष आनंद गडिया, हरीश आदि ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर स्कूल की छात्र, छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

# ईई के तबादला व कार्यों की जांच करवाने का प्रस्ताव पारित

■ नौगांव बीडीसी की बैठक में छाए रहे सड़क, पानी, कृषि उद्यान के मामले

शाह टाइम्स संवाददाता

**नौगांव/ उत्तरकाशी:** नौगांव ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सरोज पंवार की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नव-निर्वाचित जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। जनप्रतिनिधियों ने सड़क,पेयजल,बिजली,मनरेगा जैसे ज्वलंत समस्याओं को सदन में जोर-शोर से उठाया। बुधवार को जिलाधिकारी प्रशांत आर्य की उपस्थिति में बीडीसी की बैठक हुई। बैठक में यमुनोत्री विधायक संजय डोभाल और बागवानी विकास परिषद के उपाध्यक्ष राजकुमार भी उपस्थित रहे। बैठक में पीएमजीएसवाई,लोक निर्माण,ग्राम्य विकास,समाज कल्याण,शिक्षा,खाद्य,बिजली,पानी,सिंचाई और कृषि,उद्यान विभागों के कार्यों पर विशेष रूप से चर्चा हुई।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा करते हुए जनप्रतिनिधियों ने ब्रीडकुल के तहत नगांण गांव कुर्सिल सड़क मार्ग की घटिया गुणवत्ता का मुद्दा उठाया।

इस पर ईई ने पेंटिंग,पेचवर्क और नाली सफाई के कार्यों की प्रगति की जानकारी दी और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का आश्वासन दिया। जनप्रति. निधियों द्वारा गातु-मोला पाला सड़क निर्माण में परिसंपत्तियों के नुकसान का आंकलन करने की मांग की। साथ ही नव निर्वाचित जनप्रतिनिधियों द्वारा विकास खंड नौगांव के कांडी सड़क मार्ग की तर्ज पर अन्य सड़कों के निर्माण की भी अपील की। जनप्रति. निधियों द्वारा पीएमजीएसवाई के ईई द्वारा समस्याओं के समाधान में देरी और जनप्रतिनिधियों के फोन नहीं उठाने के आरोपों के बाद प्रमुख ने पीएमजीएसवाई के ईई के स्थानांतरण और कार्यों की जांच कराने का प्रस्ताव पारित किया। वन विभाग की समीक्षा में एसडीओ साधुलाल ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और बताया कि फ्रीग्रांट का छपान कर लिया गया है और 60 पीडी स्वीकृत कराई गई है।


यमुनोत्री विधायक ने आपदा से क्षतिग्रस्त पेड़ों को पहले स्थानीय हकदारों को देने की बात कही। उसके बाद ही वन निगम को देने की अनुम. ति दी जानी चाहिए। पेयजल निगम की समीक्षा के दौरान दखियाटगांव,तटाउ और गोडर पट्टी में जल जीवन मिशन के अधूरे निर्माण कार्यों पर जनप्रतिनिधियों द्वारा नारा. जगी जताई गई। साथ ही इडग और डांडा पेयजल योजनाओं को लेकर भी शिकायतें की गईं। देवराणा पम्पिंग योजना के लंबित कार्य को लेकर भी जनप्रतिनिधियों ने अपनी नाराजगी जाहिर की। विभाग ने अगले वर्ष तक योजना पूर्ण करने का आश्वासन दिया। सदन में सीएचओ डॉ.रजनीश सिंह ने विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने विशेष रूप से एपल मिशन और कीवी मिशन के अंतर्गत चल रही गतिविधियों के बारे में बताया। इसके साथ ही उन्होंने एंटी नेट,ड्रिप सिंचाई प्रणाली,वर्मी कम्पोस्ट इकाई, दवाइयाँ, उन्नत बीज और पॉलीहाउस निर्माण जैसी योजनाओं की जानकारी देते हुए क्षेत्र में बागवानी को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

# सुरक्षा दीवार में पत्थरों से नहीं, मिट्टी डालकर की जा रहीभरान, गुणवत्ता पर उठ रह सवाल

शाह टाइम्स संवाददाता

**थराली / थराली** - देवाल मोटर मार्ग आपदा के बाद कई स्थानों पर क्षतिग्रस्त हो गया था .वही क्षतिग्रस्त मार्ग पर लोक निर्माण विभाग के द्वारा सुरक्षा दीवारे बनाई जा रही है. कई स्थानों पर वायर क्रेट से सुरक्षा दीवारें बनाई जा रही है. जिससे कि यातायात पूरी तरह संचालित हो सके. लेकिन वही हम बात करें . थराली - देवाल मोटर मार्ग की तो भारतीय स्टेट बैंक के पास लोक निर्माण विभाग के द्वारा जिस सुरक्षा दीवार को वायर क्रेट से बनाई जा रही है.

उसमें पत्थरों की नहीं बल्कि मिट्टी



डालकर भरान की जा रही है. ऐसे में विभाग की गुणवत्ता पर सवाल खड़े उठने लाजिमी है.

कि आखिरकार क्षतिग्रस्त सड़क की सुरक्षा दीवार कितनी लापरवाही के साथ बनाई जा रही है .हर साल इस स्थान पर लाखों रुपए की लागत से सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाता है. और उसी स्थान पर लगभग सात से अधिक बार सुरक्षा दीवार बन चुकी है। लेकिन हर बरसात में दीवार टूट कर क्षतिग्रस्त हो जाती है .लाखों रुपए की लागत से यहां पर सुरक्षा दीवार का निर्माण किया जाता है. और वह महज 6 महीने में ही क्षतिग्रस्त होकर जमीदोज हो जाता है.

वही लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता जे के टम्टा का कहना है . जिस स्थान पर सुरक्षा दीवार बन रही है. संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। की गुणवत्ता के साथ कार्य किया जाए

# गढ़वाल के तीन दिग्गजों पर कांग्रेस का दांव

## लगातार हार के बाद संगठन में बड़ा फेरबदल, 2027 की राह आसान या और कठिन?

**■ गोदियाल, प्रीतम और हरक क्या बदल पाएंगे कांग्रेस की किस्मत?**

**मौहम्मद शाह नज़र**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस ने एक बार फिर गढ़वाल मंडल के तीन बड़े चेहरों पर दांव लगाकर संगठन में नई जान फूंकने की कोशिश की है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बड़ा फेरबदल करते हुए गणेश गोदियाल को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, प्रीतम सिंह को कैंपेन कमेटी का चेयरमैन और डॉ. हरक सिंह रावत को इलेक्शन मैनेजमेंट कमेटी का चेयरमैन बनाया है। इन नियुक्तियों के साथ कांग्रेस ने गढ़वाल क्षेत्र में अपनी खोई जमीन वापस पाने का संकेत दिया है।

गढ़वाल की राजनीति में अब कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। गणेश गोदियाल, प्रीतम सिंह और हरक सिंह रावत के कंधों पर मिशन 2027 की जिम्मेदारी है।





अगर यह तिकड़ी आपसी तालमेल से जनता के बीच मुद्दों को प्रभावी ढंग से रख पाई, तो कांग्रेस के लिए यह रिटर्न टू पॉवर की शुरुआत हो सकती है। वरना, यह एक और संगठनात्मक प्रयोग बनकर रह जाएगा। हालांकि हरदा अभी तक खामोश हैं।

### लगातार हार से टूटा मनोबल

नगर निकाय और पंचायत चुनावों में भी कांग्रेस का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी सभी पांच सीटों पर पिछड़ गई। नेताओं के बीच गुटबाजी, कमजोर संगठन और जनसंपर्क की कमी को इसकी बड़ी वजह माना गया। अब पार्टी इन नए चेहरों से उम्मीद कर रही है कि वे इस ठहरे हुए माहौल में नई ऊर्जा भरेंगे और बूथ स्तर तक संगठन को फिर से जीवंत करेंगे।

### अनुभव युवाशक्ति का मिश्रण

कांग्रेस का यह प्रयोग सिर्फ नेतृत्व परिवर्तन नहीं बल्कि एक संतुलित समीकरण का प्रयास है। गणेश गोदियाल शांत लेकिन रणनीतिक नेता हैं, प्रीतम सिंह संगठन के पुराने और विश्वसनीय चेहरा, जबकि हरक सिंह रावत सत्ता और विपक्ष, दोनों पक्षों का अनुभव रखते हैं। तीनों के बीच तालमेल बने तो यह तिकड़ी भाजपा की मजबूत जड़ों को चुनौती दे सकती है।

### गढ़वाल पर फोकस, लेकिन चुनौती बड़ी

गणेश गोदियाल पौड़ी जिले से आते हैं, प्रीतम सिंह चकराता के पुराने योद्धा हैं, और हरक सिंह रावत का गढ़वाल में लंबा राजनीतिक अनुभव है। तीनों नेताओं की यह 'गढ़वाली त्रिमूर्ति' कांग्रेस की अगली रणनीति का चेहरा मानी जा रही है। लेकिन मुश्किल यह है कि पिछले दो विधानसभा चुनावों में कांग्रेस को गढ़वाल में करारी हार का सामना करना पड़ा। 2017 और 2022, दोनों ही चुनावों में गढ़वाल मंडल की 30 सीटों (हरिद्वार को छोड़कर) में से कांग्रेस सिर्फ 3 सीटें ही जीत सकी। राज्य की राजधानी देहरादून समेत कई सीटों पर भाजपा ने भारी अंतर से जीत दर्ज की थी।

### कुमाऊं में संतुलन साधने की कोशिश

कुमाऊं क्षेत्र में कांग्रेस पहले ही नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और उपनेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी को दे चुकी है। गढ़वाल से नए चेहरों की एंट्री और कुमाऊं से अनुभवी नेताओं की जोड़ी पार्टी ने क्षेत्रीय और जातीय संतुलन साधने की कोशिश की है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह गढ़वाल बनाम कुमाऊं के पुराने समीकरण को संतुलित करने का प्रयास है, ताकि कांग्रेस को दोनों मंडलों में समान पकड़ मिले। वहीं, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा को कांग्रेस कार्य समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है, जो इस फेरबदल की गरिमा बढ़ाता है। पार्टी का दावा है कि यह बदलाव सिर्फ चेहरों का नहीं, बल्कि दिशा और दृष्टिकोण का है।

### 2027 का रास्ता आसान नहीं

भाजपा फिलहाल संगठनात्मक रूप से सबसे मजबूत स्थिति में है। भाजपा के पास चुनावी प्रबंधन भी सशक्त है, वहीं, राज्य की धामी सरकार के खिलाफ मुद्दे तो बहुत हैं, बेरोजगारी, पलायन, भ्रष्टाचार, स्मार्ट सिटी घोटाला, नगर निगम घोटाला, महिला सुरक्षा लेकिन कांग्रेस इन्हें जनता तक असरदार ढंग से नहीं पहुंचा पा रही। अब सवाल यह है कि क्या यह नया नेतृत्व कांग्रेस को फिर से जनता के बीच प्रासंगिक बना पाएगा?

# उपनल कर्मचारी तीसरे दिन भी धरने पर डटे रहे



**■ महेश भट्ट व योगेश बडोनी का क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा, कर्मचारियों ने कैबिनेट की उप समिति का जताया विरोध**

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उपनल कर्मचारियों का धरना तीसरे दिन भी जारी रहा, महेश चंद्र भट्ट व योगेश बडोनी क्रमिक अनशन पर दूसरे दिन भी डटे रहे। कर्मचारियों ने कैबिनेट की उप समिति का विरोध करते हुए धरने पर बने रहने का निर्णय लिया। नियमितीकरण की लंबित मांग को लेकर उपनल कर्मचारी तीसरे दिन भी धरने पर डटे रहे, वहीं महेश चंद्र भट्ट व योगेश बडोनी का क्रमिक अनशन दूसरे दिन भी जारी रहा।

उपनल कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रदेश संयोजक विनोद गोदियाल ने कहा कि सरकार वर्षों से समितियां बनाती आ रही है और कर्मचारियों को बरगलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आठ माह पूर्व मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति का गठन हुआ जो आज तक कर्मचारियों के आंकड़े नहीं जुटा पाई ऐसी स्थिति में कैबिनेट की उप समिति पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों द्वारा कैबिनेट की उप समिति का विरोध करते हुए हड़ताल पर बैठे रहने का निर्णय लिया गया। महासंघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष महेश भट्ट ने कहा कि उपनल कर्मी 15- 20 वर्षों से अल्प वेतन में अपनी पूर्ण निष्ठा के साथ सरकारी विभाग में कार्य कर रहा है लेकिन उसके सुरक्षित भविष्य को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। प्रदेश संयोजक हरीश कोठारी ने कहा कि वर्ष 2018 में माननीय सुप्रीम कोर्ट ने उपनल कर्मचारी के पक्ष में फैसला सुनाते हुए नियमितीकरण व समान कार्य समान वेतन का आदेश दिया था, इसके खिलाफ तत्कालीन सरकार सुप्रीम कोर्ट गई और एसएलपी दायर की। हड़ताल में प्रदेश संगठन मंत्री भूपेश नेगी, प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह चौहान, वाहन चालक संघ के प्रदेश महामंत्री अजय डबराल, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मीना रौथान, अजय देव, महामंत्री रमेश डोभाल सहित विभिन्न विभागों के हजारों की संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ भौतिकशास्त्री प्रो. हरीश चंद्र वर्मा को सम्मानित किया

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि नैनीताल के विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के निदेशक प्रो. ललित तिवारी ने बुधवार को पद्मश्री प्रोफेसर हरीश चंद्र वर्मा से मुलाकात की। बता दें प्रो. वर्मा आजकल डीएसबी परिसर में आउटरीच लब में विद्यार्थियों को बेसिक फिजिक्स पढ़ा रहे हैं। भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान कानपुर के प्रो. वर्मा वरिष्ठ भौतिक वैज्ञानिक हैं। नाभिकीय भौतिकी पर शोधरत प्रो. वर्मा की कांसेप्ट आफ फिजिक्स सबसे लोकप्रिय पुस्तक है।

# मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुधार में सशक्त बनकर उभरा प्रदेश

**■ 34 लाख लोगों को आरोग्य मंदिरों में मिली स्वास्थ्य सुविधाएं, मजबूत हुई रक्त संचरण सेवाएं, जागरूकता अभियानों का मिला लाभ**

**एस. आलम अंसारी**

**देहरादून।** राज्य स्थापना के बाद प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में बड़ी प्रगति हुई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के ठोस क्रियान्वयन व मॉनिटिरिंग का नतीजा है कि स्थानीय स्तर पर आम लोगों को उच्च गुणवत्तायुक्त स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया की जा रही है। आज उत्तराखंड मातृ-शिशु स्वास्थ्य सुधार, पोषण, टीकाकरण, संस्थागत प्रवस, रक्त संचरण सेवाओं और जन-जागरूकता के क्षेत्र में सशक्त बनकर उभरा है।



प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मिशन के माध्यम से राज्य ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, संस्थागत प्रसव, रोग नियंत्रण और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की। उत्तराखंड निरंतर स्वास्थ्य सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन कर रहा है और स्वास्थ नागरिक-समृद्ध राज्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है...

**- डॉ. धन सिंह रावत, स्वास्थ्य मंत्री, उत्तराखंड।**

### मातृ मृत्यु अनुपात में उल्लेखनीय कमी

स्वास्थ्य सुविधाओं की पहुंच आम लोगों तक होने से उत्तराखंड ने कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपब्धियां हासिल की है। राज्य में पिछले कुछ वर्षों में मातृ मृत्यु अनुपात में 12.5 प्रतिशत की गिरावट आई है, एस.आर.एस. 2021-23 रिपोर्ट के अनुसार एमएमआर घटकर 91 प्रति लाख जीवित जन्म हो गया है। जो स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार का बड़ा प्रमाण है। इसी प्रकार सैंपल रजिस्ट्रेशन सर्वे 2023 के अनुसार राज्य की नवजात मृत्यु दर 14 प्रति हजार जीवित जन्म, शिशु मृत्यु दर 20 और पांच वर्ष से कम आयु की मृत्यु दर 23 प्रति हजार जीवित जन्म है। जो पूर्व की तुलना में कमी को दर्शाती है।

### संस्थागत प्रसव को मिला बढ़ावा

प्रदेश में विभिन्न जन-जागरूकता अभियानों, आशा एवं एएनएम कार्यकत्रियों के सहयोग से गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव के लिये प्रेरित किया गया। जिसके फलस्वरूप वर्तमान में प्रदेश में 95 फीसदी प्रसव संस्थागत कराये जा रहे हैं। इसके साथ गर्भवती महिलाओं को कई सुविधाएं भी दी जा रही है। जिसमें खुशियों की सवारी योजना भी शामिल है। मातृ स्वास्थ्य को सशक्त बनाने के लिये माह फरवरी 2025 में पल्स एनीमिया अभियान के तहत कुल 57 हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं की एनीमिया जांच की गई। जबकि 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान' के तहत हजारों महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच की गई।

### मजबूत हुई रक्त संचरण सेवा

प्रदेश में रक्त संचरण सेवा को खासी मजबूती मिली है। प्रदेश सभी जनपदों में रक्त कोषों की स्थापना की गई है। जिससे आपात स्थिति में लोगों को आसानी रक्त संबंधी समस्या से न जूझना पड़े ।वर्तमान में राज्य में 67 रक्तकोष स्थापित किये जा चुके हैं। इसके अलावा समय-समय पर रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आम लोगों के द्वारा बड़ी मात्रा में स्वेच्छा से रक्तदान किया जा रहा है। इसके साथ ही लोगों से ऑनलाइन प्लेटफार्म पर भी पंजीकरण कराया जा रहा है।

### चिकित्सा के धाम बने आरोग्य मंदिर

राज्य में कांप्रेहिन्सिव प्राइमरी केयर कार्यक्रम के तहत सभी 13 जनपदों में 2059 आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित किये जा रहे हैं। जहां पर प्रतिवर्ष लगभग 34 लाख से अधिक लाभार्थियों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

### आम लोगों ने उठाया स्वास्थ्य अभियानों का लाभ

राज्य में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य अभियानों का लाभ आम लोग बखूबी उठा रहे हैं। विगत 03 वर्षों में 30 आयु वर्ग एवं इससे अधिक आयु के 28.80 लाख लाभार्थियों की उच्च रक्तचाप एवं शुगर की जांच आरोग्य मंदिरों की गई। इसके अलावा 28.4 लाख लाभार्थियों के मुख कैंसर, 13.1 लाख महिलाओं के स्तन कैंसर की जांच भी की गई। जबकि वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह सितम्बर तक 10 लाख लाभार्थियों की हेल्थ स्क्रीनिंग कराई गई।

### टीबी उन्मूलन में अग्रणी प्रदेश

उत्तराखंड टीबी उन्मूलन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी राज्य है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2025 के लिए दिये गये 28 हजार के लक्ष्य के सापेक्ष राज्य ने माह दिसम्बर 2024 तक कुल 29319 (105 प्रतिशत) एवं माह जुलाई 2025 तक दिये 16333 लक्ष्य के सापेक्ष 18400 (113 प्रतिशत) टीबी रोगी खोजे गये। इसके साथ ही प्रदेश में कुल 17421 नि:क्षय मित्र बनाये गये। सिकल उन्मूलन मिशन के तहत राज्य में द्वारा 153200 के लक्ष्य के सापेक्ष कुल 153367 लाभार्थियों की स्क्रीनिंग पूरी की जा चुकी है।

# रण में उतरी अनुभवी टीम, कार्यकर्ताओं से एकजुटता का आह्वान: गरिमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेतृत्व में गहन विचार-विमर्श, ठोस रणनीति और व्यापक रिसर्च के बाद उत्तराखंड कांग्रेस को 2027 के चुनावी रण के लिए नई दिशा और नई ऊर्जा देने वाली अनुभवी टीम मैदान में उतारी है, यह कहना है उत्तराखंड कांग्रेस की मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी का। गरिमा मेहरा दसौनी ने कहा कि भाजपा उत्तराखंड को खंड-खंड करने की साजिश में जुटी है, कभी कुमाऊं बनाम गढ़वाल, कभी मैदानी पहाड़ी, तो कभी एक क्षेत्र को दूसरे से लड़ाने की कोशिश। लेकिन कांग्रेस का हर कार्यकर्ता अब सतर्क है और इस विभाजनकारी राजनीति के "ट्रैप" में नहीं फँसेगा।

गरिमा ने कहा कि भाजपा की 'तोड़ो उत्तराखंड' नीति का जवाब कांग्रेस 'जोड़ो उत्तराखंड' के संकल्प से देगी। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे नेतृत्व के निर्णय पर पूरा विश्वास रखें, क्योंकि यही टीम उत्तराखंड को नई दिशा देगी। उन्होंने कहा कि हाईकमान ने जिन नेताओं को जिम्मेदारी दी है, प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल, कैंपेन कमेटी अध्यक्ष प्रीतम सिंह, चुनाव अभियान समिति अध्यक्ष डॉ. हरक सिंह रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, और उप नेता प्रतिपक्ष भुवन कापड़ी यह "पाँच पांडव" भाजपा रूपी "कौरवों" की सेना को 2027 में धूल चटा देंगे। उन्होंने आगे कहा कि 27 जिलों के नवनियुक्त जिला अध्यक्षों सहित सभी पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ, और सभी कार्यकर्ताओं से अपील है कि अब वक्त आलोचना नहीं, योगदान का है; व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा नहीं, सामूहिक विजय का है।

# नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष व सभी पदाधिकारी शीघ्र करेंगे पदभार ग्रहण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश कांग्रेस के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष समेत सभी नवनियुक्त पदाधिकारी शीघ्र ही प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पदभार ग्रहण करेंगे। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि इस संबंध में नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल सभी वरिष्ठ नेताओं से राय मशविरा कर जो तिथि तय करेंगे उसको शीघ्र घोषित कर दिया जाएगा।

दूसरी तरफ बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में न्याय निजाम की घोषणा होने के बाद दिनभर चलपहल और हलचल रही।



उत्तराखंड में कांग्रेस के संगठन सृजन में सभी 27 जनपदों के नए अध्यक्ष घोषित कर दिये गए हैं। राजधानी देहरादून महानगर में पिछले तीन वर्षों से कार्यरत अध्यक्ष डॉ. जसविंदर सिंह गोगी को एक बार पुन: महानगर की कमान सौंपी गई है। आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन पहुंच कर पुन: नियुक्त महानगर अध्यक्ष डॉ. गोगी ने सबसे पहले प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना से उनके कक्ष में जा कर मुलाकात की व आशीर्वाद लिया। धस्माना ने फूल माला पहना कर व पुष्प गुच्छ भेंट कर डॉ. गोगी को मिठाई खिलाई व फिर कार्यकर्ताओं के साथ उनको महानगर कार्यालय ले गए जहां उनको अध्यक्ष की कुर्सी पर स्वयं धस्माना ने बैठाया व शुभकामनाएं प्रेषित की। तजुर्बेकार नेता गणेश गोदियाल को प्रदेश का अध्यक्ष, दूसरे वरिष्ठ तजुर्बेकार नेता प्रीतम सिंह को चुनाव अभियान समिति का अध्यक्ष, तीसरे तेज तरार व तजुर्बेकार नेता डाक्टर हरक सिंह रावत को चुनाव प्रबंधन का अध्यक्ष बना कर व नेता प्रतिपक्ष व उप नेता प्रतिपक्ष के पदों को यथावत रख कर व कार्यकाल समाप्त होने पर बाहर जाते हुए प्रदेश अध्यक्ष करण माहरा को पदोन्नत करते हुए कांग्रेस की सबसे बड़ी नीति निर्धारक समिति सीडब्लूसी का सदस्य नामित कर पूरे प्रदेश के हट तरह के समीकरण को साधने का काम किया है।

# प्रशासन ने ढहाया अतिक्रमण

## कवरेज के दौरान पत्रकार पर हुए हमले के बाद लिया गया एक्शन

**■ मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुखानी थानाक्षेत्र के अंतर्गत ऊंचापुल सड़क किनारे नाले पर हो रहे अतिक्रमण की कवरेज से नाराज चौहान बिल्डर से जुड़े दो बदमाशों ने पत्रकार पर जानलेवा हमला किया और उसे कई फीट गहरे नाले में फेंक दिया। गंभीर अवस्था में पत्रकार का अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर, मामले में आनन-फानन में मुकदमा दर्ज करने कर वारदात को अंजाम देने वाले चौहान बिल्डर के दोनो बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं बुधवार की सुबह प्रशासन ने भी आनन-फानन में कार्रवाई की और उस अवैध अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। बता दें कि हिम्मतपुर तल्ला निवासी पत्रकार दीपक चंद्र अधिकारी पुत्र हीरा बल्लभ अधिकारी मंगलवार को कवरेज के लिए ऊंचापुल गए थे। यहां नाले की रिटेनिंग वॉल पर अतिक्रमण चल रहा था। दीपक कैमरे पर इस अतिक्रमण को दिखा ही रहे थे कि तभी चौहान बिल्डर से जुड़े दो बदमाश अजीत चौहान और अनिल चौहान नाम के बदमाशों ने दीपक पर हमला कर दिया। गाली-गलौज करते हुए उन्हें बेरहमी से पीटा और जान से मारने की नीयत से दीपक को करीब 15 फीट गहरे नाले में फेंक दिया। इस हमले में दीपक बुरी तरह घायल हुए और उन्हें उपचार के लिए नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मेयर गजराज बिष्ट, एडीएम विवेक राय, एसडीएम राहुल शाह, नगर आयुक्त परितोष वर्मा समेत भाजपा के कई पदाधिकारी उनका हाल जानने अस्पताल पहुंचे। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। एसएसपी मंजूनाथ टीसी का कहना है कि इसी तरह की खुली गुंडई को किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इधर, मामले ने तूल पकड़ा तो जिला विकास प्राधिकरण के सचिव विजय नाथ शुक्ला के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम घटना स्थल पर पहुंची और नाले की दीवार पर हो



### नक्शा कॉप्लेक्स का और निर्माण नाले पर

बताया जा रहा कि मुखानी थानाक्षेत्र के ऊंचापुल के चीनपुर में जिस सड़क किनारे नाले के ऊपर अतिक्रमण किया जहां रहा था, वहां एक पीले रंग का बोर्ड लगा था। जिसके तहत अतिक्रमणकारी यह दर्शा रहा था कि जिस दीवार पर निर्माण हो रहा है, वह पूरी तरह वैध है और निर्माण का नक्शा पास है। हालांकि घटना के बाद मामले ने तूल पकड़ा और जब प्राधिकरण की टीम ने जांच की तो पाया कि अतिक्रमण के ठीक बगल में आरोपियों का एक कॉम्पिलेक्स है। नक्शा इसी कॉम्पिलेक्स था और अवैध निर्माण पर कोई अंगुली न उठा सके, इसी लिए आरोपियों ने नक्शे के निर्माण स्थल पर लगा दिया था। इस पर जब पत्रकार दीपक ने सवाल उठाए तो आरोपियों ने उन्हें जान से मारने की कोशिश की। इस घटना से कुछ दिन पहले इन्हीं आरोपियों ने एक और पत्रकार को बेरहमी से पीट दिया था।

### नींद से जागा प्रधिकरण, नालों से सटे अवैध निर्माणों की जांच होगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इस घटना के बाद जिला स्तरीय विकास प्राधिकरण की भी नींद टूट गयी है। प्राधिकरण अवैध निर्माण खासकर प्राकृतिक नालों-नालियों पर हो रहे निर्माण को लेकर सख्त हो गया है। अब जिले में प्राकृतिक नालों से सटे निर्माणों की जांच की जाएगी, यदि किसी ने भी नाले की भूमि पर निर्माण किया होगा तो नक्शा निरस्तीकरण होगा। जिला विकास प्राधिकरण सचिव विजय नाथ शुक्ला ने बताया कि अमूमन नक्शा पास किया जाता है तो आवेदक का नाम, पता, भूमि स्वामित्व का रिकॉर्ड, श्रेणी आदि सभी संलग्न होता है। नियमानुसार आवेदक को स्वीकृत नक्शे के आधार पर ही निर्माण करना चाहिए लेकिन आवेदक नक्शे का उल्लंघन करता हुआ अवैध निर्माण करता है। इतना ही नहीं नाले की रिटेनिंग वॉल, जमीन पर अवैध ढंग से कब्जा कर अवैध निर्माण कर दिया जाता है। यह भी नियम होता है कि निर्माण स्थल स्वीकृत नक्शा की संख्या, आवेदक का नाम, पता वगैरह का बोर्ड चस्पा करना होता है। अब नक्शा तो सिर्फ वैध जमीन का ही स्वीकृत होता है लेकिन लोग इस नक्शे की आड़ में अवैध निर्माण कर देते हैं। अब ऐसा नहीं हो इसके लिए सख्ती बरती जाएगी। सभी एई व जेई को निर्देश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे भवनों जो नालों से सटे हुए हैं, उनकी जांच की जाए और यदि किसी ने भी नाले की भूमि पर अवैध कब्जा किया होगा तो अवैध निर्माण ध्वस्त तो होगा ही और नक्शा निरस्तीकरण की भी कार्यवाही की जा सकती है।

### पत्रकार दीपक अधिकारी पर जानलेवा हमला निंदनीय

**हल्द्वानी।** समाचार कवरेज के दौरान पत्रकार दीपक अधिकारी पर हुए जानलेवा हमले की भाकपा (माले) के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में संविधान द्वारा प्रदत्त अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और पत्रकारिता की आजादी पर इस तरह के हमले किसी भी सूरत में स्वीकार नहीं किए जा सकते। डा. पाण्डेय ने कहा कि यह घटना एक पत्रकार की सवाल पूछने की स्वतंत्रता पर सीधा हमला है और जनता के मुद्दों को उठाने वाले पत्रकारों को डराने-धमकाने की कोशिश है।

### 14.48 ग्राम स्मैक के साथ एक धरा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान इन्द्रानगर फाटक के पास से एक स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 14.48 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जानकारी के अनुसार बीते मंगलवार की रात्रि बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशीला जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी इन्द्रानगर फाटक के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया जो टीम के देख भागने की कोशिश कर रहा था। शक होने पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए उसे दबोच लिया। जिसकी जामातलाशी के दौरान उसके पास से 14.48 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर ने अपना नाम मो. आमिर, पुत्र मो. आरिफ, निवासी काबुल का बगीचा, इन्द्रानगर बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया।

# बीबीए की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दी

## छड़ायल नयाबाद में रहती थी नाना-नानी के घर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नाना नानी के घर रहकर बीबीए की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों के चलते घर के अंदर फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार मूलरूप से खटीमा उधमसिंहनगर की रहने वाले राकेश कोटिया की 22 वर्षीय पुत्री इशिका मुखानी थानाक्षेत्र के छड़ायल नयाबाद में अपने नाना नानी के घर में रहकर बीबीए की पढ़ाई कर रही थी, साथ ही इशिका एक डांस टीचर भी थी। बताया जा रहा कि बीते मंगलवार की रात्रि छात्रा इशिका के नाना नानी किसी काम से गए हुए थे और घर में इशिका अकेली थी। देर शाम सात बजे जब उसके नाना नानी घर पहुंचे तो कमरे के अंदर जाते ही इशिका को फंदे से लटका देख उनके होश उड़ गए। घर से निकली चिखपुकार सुनकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए। स्थानीय लोगों की घटना की सूचना पुलिस को दी और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बुधवार को छात्रा के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश चन्द्र जोशी ने बताया कि परिजनों से पूछताछ पर पता चला कि छात्रा बीमार चल रही थी, लेकिन घटना के पीछे के कारण की तलाश की जा रही है।

# तिकोनिया में लगेगी हाई मास्ट लाइट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए नगर निगम की ओर से तिकोनिया चौराहे पर हाई मास्ट लाइट लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। बुधवार को नगर आयुक्त परितोष वर्मा के नेतृत्व में नगर निगम और लोक निर्माण विभाग की संयुक्त टीम ने तिकोनिया चौराहे का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त परितोष वर्मा ने बताया कि चौराहे पर रात के समय रोशनी की कमी के कारण यातायात प्रभावित होता है। ऐसे में जल्द ही यहां हाई मास्ट लाइट लगाई जाएगी। इसके लिए स्थान चिन्हित कर लिया गया है। इसके बाद नगर निगम की टीम ने बरेली रोड स्थित कत्था फैक्ट्री परिसर का निरीक्षण किया। नगर आयुक्त के नेतृत्व में हुई कार्रवाई में फैक्ट्री की बची हुई जमीन को निगम ने अपने कब्जे में ले लिया। बताया गया कि कत्था फैक्ट्री की भूमि का अनुबंध समाप्त होने के बाद इसे पूर्व में ही नगर निगम ने अपने कब्जे में लिया है। अब यहां कूड़ा वाहनों के लिए स्थायी पार्किंग निर्माण का कार्य शुरू किया जाएगा। इस दौरान सहायक अभियंता नवल नौटियाल, गणेश भट्ट, अमोल असवाल सहित निगम कर्मी मौजूद रहे।

# सोशल मीडिया अत्यंत महत्वपूर्णः आशुतोष शर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आज भाजपा जिला कार्यालय पर जिला सोशल मीडिया की बैठक भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई इस बैठक में मुख्य वक्ता प्रदेश सह सोशल मीडिया संयोजक गौरव सिंह ने उपस्थित मंडल अध्यक्षों व मंडल के सोशल मीडिया संयोजकों को सोशल मीडिया के विभिन्न विषयों में जानकारी देते हुए संबोधित किया की सोशल मीडिया समाचार वर्तमान घटनाओं और विभिन्न विषयों की जानकारी तथा जनता तक सरकार की उपलब्धियां तथा जानकारियां पहुंचाने का सोशल मीडिया सबसे महत्वपूर्ण साधन है फेसबुक, ट्विटर एक्स, इंस्टाग्राम, यू ट्यूबतथा व्हाट्सएप के माध्यम का उचित उपयोग करते हुए संगठन को ओर मजबूत करने का आहवान किया। भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह दुनिया भर में लोगों से जुड़ने तत्काल जानकारी प्राप्त करने में, सामाजिक और व्यावसायिक और मनोरंजन के लिए एक शक्तिशाली माध्यम है। सोशल मीडिया बहुत ही महत्वपूर्ण यहां तक कि संकट के समय में बचाव और सहायता के लिए भी एक उपयोगी माध्यम है मंडल अध्यक्षों व मंडल के सोशल मीडिया संयोजकों को जिला व पार्टी के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी सक्रिय भूमिका अदा करते हुए आने वाले कार्यक्रमों व अन्य विभिन्न विषयों में जानकारी प्रदान करी व भाजपा सोशल मीडिया टीम की तारीफ करते हुए कहा कि विपक्षी दल भी भाजपा सोशल मीडिया की तारीफ करते हैं। लोकसभा सोशल मीडिया संयोजक आशीष झा ने कहा कि संगठन को एक परिवार मानकर सोशल मीडिया का उपयोग संगठन को मजबूत करने के लिए करें। जिला सोशल मीडिया संयोजक मनोज शर्मा ने बताया कि यह बैठक हरिद्वार में सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा सरकार की योजनाओं, कार्यों को प्रत्येक बूथ के प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ-साथ हर घर तक पहुंचाने की दिशा में बहुत कारगर साबित होगी। इस अवसर पर जिला महामंत्री संजीव चौधरी, उपाध्यक्ष लव शर्मा, कोषाध्यक्ष अरविंद कुशवाहा, कार्यालय प्रभारी नकली राम सैनी व लक्ष्मण सिंह नागर, मंडल अध्यक्ष कैलाश भंडारी, सुशील पवार, विक्रम सिंह, रीता सैनी, बिन्दर पाल, गौरव वर्मा, देवेष ममगई मंडल सोशल मीडिया संयोजक मोहित नेगी, नीरज कश्यप, राजन मल्होत्रा, शंकर पाठक, रविकांत शर्मा, अमित धीमान, जसवीर सिंह, सचिन आर्य, नमन अंकुर सैनी सहित अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।



# दुकानों का पक्का निर्माण 20 साल से लंबित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भेल सेक्टर 4 खोखा मार्केट जो बी.एच.ई.एल कैंपस की सबसे पुरानी मार्केट है लेकिन इस मार्केट का पक्का निर्माण बीस साल से लंबित है मार्केट में स्थाई बिजली की सुविधा भी नहीं मार्केट में अंधेरा का फायदा उठाकर कई लोगो ने मार्केट को शराब पीने का अड्डा बना लिया मार्केट में मुरादाबादी दाल खाने के बहाने आते है और दाल लेकर गाड़ी में बैठकर शराब पीते है और पूरी मार्केट का माहौल बिगाड़ते एवं शांति भंग करते है जिस कारण मार्केट के दुकानदारों को प्रत्येक दिन असामाजिक तत्व की अवैध गतिविधियों का सामना करना पड़ता है कुछ दिन पूर्व मार्केट की दो दुकानों से चोरी भी हुई थी जिस पर रानीपुर पुलिस ने त्वरित करवाई करते हुए चोरों से माल बरामद कर चोरों को गिरफ्तार कर विधिक करवाई की थी। गौरतलब है की मार्केट में कई दुकानदारों ने अपनी मन मर्जी मुताबिक अतिक्रमण भी कर रखा है जिससे अन्य दुकानदारों व लोगो को आवागमन में भी काफी दिक्कत होती है भेल की ओर से कोई ठोस कारवाई ना होने के कारण अतिक्रमण का लाभ लिया जा रहा। दुकानदारों ने भेल स्टेट में कई बार गुहार लगाई है दुकानों का पक्का निर्माण व विकास हेतु लेकिन भेल प्रशसन टाल-मटोल कर दुकान पक्का निर्माण करने से बचता आ रहा है। भेल प्रशासन से जब भी दुकान पक्के निर्माण की जानकारी लेनी की पहल की जाती है तो प्रशासन का जवाब नकारात्मक रहता है। दुकानदारों कहना है कि भेल प्रशासन दुकानों के पक्के निर्माण का कार्य जल्द शुरू नहीं करवाया तो बी.एच.ई.एल हेड ऑफिस व मुख्यमत्री कार्यालय ज्ञापन दिया जाएगा।

# पेशेवर अपराधी एवं अभियुक्तों के विरुद्ध हरिद्वार पुलिस की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 11 नवंबर को अवैध शराब बिक्री करने के जुर्म में आरोपी कृष्ण पाल को सिडकुल पुलिस ने 48 पैकेट देशी शराब के साथ थाना क्षेत्र केविन केयर कंपनी के पास से दबोचा आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय पेश किया गया।

सिडकुल थाना क्षेत्र में 6 उपद्रवियों मुख्य मार्ग पर सरेआम हो हल्ला, हंगामा व हुड़दंग बाजी कर रहे थे सिडकुल पुलिस ने सूचना प्राप्त होने के तत्पश्चात पुलिस कर्मचारि मौके पर पहुँच कर उपद्रवियों को काफी समझाने की कोशिश की लेकिन उपद्रवियों फिर भी शांति भंग करते रहे जिस कारण यातयात व्यवस्था बाधित हो रही थी व आवागमन कर रहे लोग भी भयभीत हो रहे थे पुलिस ने कानून व्यवस्था बनाये रखने का पालन करते हुए 6 उपद्रवियों को शान्ति भंग के जुर्म में हिरासत में लिए तत्पश्चात विधिक करवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस टीम की ओर से हेड कांस्टेबल संजय तोमर एवं कांस्टेबल सुनील कुमार ने कानूनी करवाई की।

दिनांक 7 नवंबर को वादी ने तहरीर में अवगत कराया की वादी की नाबालिक पुत्री का अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपहरण कर लिया गया है तहरीर के आधार पर थाना सिडकुल पर अभियोग पंजीकृत किया गया था पुलिस ने त्वरित योजना बनाकर अभियुक्त की तलाश शरू कर दी लेकिन पुलिस को अभियुक्त मोनू पुत्र धन सिंह निवासी शिवगंगा कॉलोनी को पकड़ने में सफलता दिनांक 12 नवंबर को मिली। सिडकुल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

थाना सिडकुल क्षेत्रांतर्गत अलग अलग टीमों का गठन कर चलाए जा रहे नशा मुक्त अभियान के तहत दिनांक 11 नवंबर को आरोपी शुभम पुत्र अशोक निवासी रान्गडवाला कलियर शरीफ को अवैध 6.20 ग्राम स्मैक के साथ कृपाल आश्रम के पास मैदान से पकड़ा गया आरोपी के विरुद्ध एन.डी.पी.एस अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक करवाई की गई। न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया। उप निरीक्षक अनिल बिष्ट, हेड कांस्टेबल सुनील सैनी व अनिल कंडारी की ठोस रणनीति के कारण आरोपी पकड़ा गया। नशा मुक्त अभियान के तहत चलाये जा रहे चौकिग अभियान के दौरान श्यामपुर पुलिस ने चण्डीघाट क्षेत्रान्तर्गत गौरीशंकर पार्किग चण्डीघाट से दो किलो 98 ग्राम गांजा सहित दिनांक 11 नवंबर को एक आरोपी को धर दबोचा। आरोपी ने अपना नाम अजय पुत्र सुनील निवासी कबाडी बस्ती चण्डीघाट माजरा बताया आरोपी से पूछताछ के दौरान पुलिस को जानकारी मिली कि अवैध मादक व नशीला पदार्थ शिवा उर्फ लडडू पुत्र महेन्द्र निवासी ग्राम कांगडी थाना श्यामपुर जनपद हरिद्वार से खघ्रीदा है। जिसकी धरपकड हेतु थाना पुलिस आरोपी शिवा उर्फ लडडू की तलाश कर रही है। गैर जमानती वारण्टियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली रानीपुर ने एक वारण्टी ओमप्रकाश पुत्र हर्ष लाल निवासी पौडी जिला गढवाल हाल निवासी सलेमपुर महदूद को चेक बाउंस के मामले में न्यायालय में निरंतर अनुपस्थित होने के कारण जारी गैर जमानती वारण्ट के आदेश अनुसार गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

# अधिकारी धार्मिक स्थल का सौन्दर्यीकरण सुनिश्चित करें : डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बुधवार को पुराणिक महत्व के धार्मिक स्थल भीमगौड़ा कुण्ड क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों तथा जनप्रतिनिधियों से स्थल के रख-रखाव, सफाई व्यवस्था के साथ ही विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी ली। कुण्ड एवं उसके आस-पास के क्षेत्र का गहनता से अवलोकन करते हुए क्षेत्र के विकास हेतु सौंदर्यकरण कार्यों की संभावनाओं पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा भी की। जिलाधिकारी ने जिला विकास प्राधिकरण के सचिव को निर्देशित करते हुए कहा कि कुण्ड परिसर के सौंदर्यकरण हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए ताकि इस धार्मिक एवं पौराणिक स्थल को धार्मिक पर्यटक की दृष्टि से भी आकर्षक रूप प्रदान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सौंदर्यकरण कार्य इस धरोहर के महत्व के अनुरूप किये जाये तथा आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। कुण्ड परिसर एवं उसके आसपास से अतिक्रमण को तत्काल हटाने तथा अव्यवस्थित पोस्टर, बैनर एवं अवैध होर्डिंग्स तत्काल हटाने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिए। डी.एम ने निर्देशित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके तथा क्षेत्र की सफाई व्यवस्था में भी और सुधार लाया जाए। कुण्ड में पानी की प्रतिदिन आपूर्ति हेतु मां गंगा से कुण्ड तक पानी पहुचाने वाले नाले के मुहाने का निरीक्षण करते हुए पानी उपलब्धता हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। क्षेत्र की प्रतिदिन सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, एच.आर.डीए के सचिव मनीष सिंह, पार्षद सुमित चौधरी सहित सम्बन्धित अधिकारी जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।



# ठोस साक्ष्य के आधार पर अपराधी को आजीवन कठोर कारावास की सजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मासूम बालिका से बलात्कार करने के मामले में अपर जिला न्यायाधीश /फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट न्यायाधीश रमेश सिंह ने आरोपी युवक को दोषी पाते हुए आजीवन कठोर कारावास व दो लाख रुपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। शासकीय अधिवक्ता भूपेंद्र चौहान ने बताया कि एक मार्च 2024 की शाम साढ़े सात बजे भगवानपुर थाना क्षेत्र में छः वर्षीय मासूम बालिका अपने बाथरूम में शौच करने के लिए गई थी। काफी देर बाद पीड़िता अपनी माता के पास रोते हुए आई थी और लहूलुहान हालत में थी। माता के पूछने पर पीड़ित ने आरोपी युवक पर गलत काम करने की बात कही थी। उसी समय पीड़िता के माता पिता आरोपी युवक के कमरे पर पहुंचे तो वह वहां से भाग गया था। घटना वाले दिन ही पीड़िता की माता ने मकान मालिक से एक रिपोर्ट लिखवाकर पुलिस थाने में दी थी। लिखित शिकायत पर भगवानपुर पुलिस ने आरोपी नीरज पुत्र कुबेर प्रसाद निवासी ग्राम रमई रायके टोला थाना बरौली जनपद गोपालगंज बिहार के खिलाफ बच्ची से दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। घटना के पांच दिन पश्चात पुलिस ने आरोपी नीरज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। न्यायालय में आरोपी के खिलाफ विवेचना से संबंधित धाराओं में आरोप पत्र दाखिल किए गया था। वादी पक्ष की ओर से साक्ष्य में दस गवाह पेश किए। दोनों पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाते हुए सजा सुनाई वहीं न्यायालय ने सुप्रीम कोर्ट के पारित निर्णय के आधार पर पीड़िता को प्रतिकर के रूप में दो लाख रूपये अतिरिक्त आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्णय की एक प्रति जिला मजिस्ट्रेट व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अनुपालन हेतु भेजने के आदेश दिए हैं।

# जड़ी-बूटियों का एकत्रीकरण जरूरी : बालकृष्ण

## गिलोय औषधीय रूप से सर्वाधिक प्रभावी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पतंजलि के वैज्ञानिकों ने एक अभूतपूर्व शोध करते हुए यह सत्यापित किया है कि वर्षा ऋतु में एकत्रित गिलोय औषधीय रूप से अधिक प्रभावी है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि यह सोचने की बात है कि क्यों प्रकृति से जुड़े हमारे त्यौहार हरेला और जड़ी-बूटी दिवस विशेष ऋतु में ही मनाए जाते हैं। क्यों हमारे आयुर्वेदिक ग्रंथो में लिखा गया है कि किस पौधे के किस हिस्से को कौन-सी विशेष ऋतु में एकत्रित करना चाहिए। क्या इसका कोई वैज्ञानिक आधार है या यह हमारे पूर्वजों की एक छद्मकल्पना मात्र है। इस शोध के माध्यम से पतंजलि के वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सनातन ग्रंथों में लिखित ऋषि-मुनियों के विचार, भारतीय संस्कृति से जुड़े त्यौहारमात्र हमारे पूर्वजों की कपोल कल्पना नहीं उनमें वैज्ञानिक दृष्टिकोण निहित था जो भविष्य की पीढ़ियों को ध्यान में रखकर लिखा गया था। अब समय आ गया है कि हम प्रकृति की ओर लौटें, सनातन संस्कृति की ओर लौटें, और हमारे ग्रंथों में लिखित कथनो को अन्धविश्वास न समझे उनमें छिपे वैज्ञानिक दृष्टिकोण को पहचाने। इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने कहा कि आयुर्वेद के अनुसार औषधीय पौधों की प्रभावशीलता उसमें विद्यमान फाइटोकेमिकल पर निर्भर करती है।जो मौसम के साथ बदलता है। यह शोध उस पारंपरिक ज्ञान का वैज्ञानिक प्रमाण प्रस्तुत करता है। इसी क्रम में कहा कि जड़ी-बूटियों का सही समय पर एकत्रीकरण न केवल उनके औषधीय प्रभाव को बढ़ाएगा अपितु आयुर्वेदिक औषधियों की गुणवत्ता को सुधारने में भी सहायक होगा। आयुर्वेद की अमर औषधि मानी जाने वाली गिलोय पर पतंजलि द्वारा किए इस वैज्ञानिक शोध में पतंजलि के वैज्ञानिकों ने अथक परिश्रम कर दो वर्षों तक गिलोय को एकत्र किया। इस शोध में यू.एच.पी.एल.सी-पी.डी.ए और एच.पी.टी.एल.सी तकनीक के माध्यम से गिलोय का रासायनिक विश्लेषण किया गया जिसमें इस तथ्य कि पुष्टि हुई कि वर्षा ऋतु में एकत्रित गिलोय अधिक प्रभावी और गुणवत्ता युक्त हैं।यह शोध स्प्रिंगर नेचर के रिसर्च जर्नल बी.एम.सी प्लांट बायोलॉजी में प्रकाशित हुआ है।



# जापान के संत को महामंडलेश्वर की पदवी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जापान के संत स्वामी बाला कुंभ मुनि महाराज को शुक्रवार को निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर की पदवी प्रदान की जाएगी। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने बताया कि सभी तेरह अखाड़ों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में श्री पंचायती अखाड़ा निरंजनी में आयोजित भव्य समारोह में स्वामी बाला कुंभ मुनि महाराज का अखाड़े के महामंडलेश्वर पद पर अभिषेक किया जाएगा। श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि स्वामी बाला कुंभ मुनि महाराज विद्वान संत हैं और निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर के रूप में सनातन परंपरांओं को देश विदेश में आगे बढ़ाएंगे। महामंडलेश्वर बनने के बाद उन्हें स्वामी बाला कुंभ पुरी के नाम से जाना जाएगा।



# मोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर पुष्प अर्पित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बाल सदन इंटर कॉलेज बहादुरपुर जट्ट में महामना मदन मोहन मालवीय की पुण्यतिथि पर महामना सेवा संस्थान हरिद्वार की ओर से उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में मदन मोहन मालवीय के जीवन पर आधारित निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खुशी प्रथम ,अमन दूसरे और वंशिका तीसरे स्थान पर रही। कारक्रम के दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मदन मोहन मालवीय ने स्वतंत्रता आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने मां गंगा की अविरल धारा के लिए अंग्रेजी शासन काल में हर की पैड़ी पर अनेकों दिन तक आंदोलन कर अविरल धारा और स्वच्छता के लिए कार्य किया और गंगा सभा की स्थापना की जो आज भी गंगा जी की पवित्रता और स्वच्छता के लिए कार्य कर रही है। इस अवसर पर महामना सेवा संस्थान के महामंत्री डॉ रमेश चंद शर्मा ने कहा कि संस्थान मदन मोहन मालवीय के विचारों पर चलकर उनके विचारों को आम जनता तक पहुंचाने का कार्य करता है। यह संस्थान शिक्षा, चिकित्सा और समाज सेवा में लगकर राष्ट्र की सेवा कर रहा है। आज हम उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। इस अवसर पर सतीश शास्त्री, अजय यादव, वीर सिंह, कामेश कुमार, अमित चौहान सहित विद्यालय के छात्र और छात्राएं सम्मिलित रहे।



# एसपी ने छमाही निरीक्षण के बाद सख्त निर्देश दिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कल बुधवार को एस.पी सिटी अभय सिंह ने कोतवाली ज्वालापुर का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने के सभी महत्वपूर्ण विभागों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया और उपस्थित अधिकारी व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण शुरू होने से पहलेसहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी ज्वालापुर जितेन्द्र चौधरी ने कोतवाली में तैनात सभी अधिकारियों कर्मचारियों को संगठित रूप से ब्रीफ किया। इस ब्रीफिंग का उद्देश्य अधिकारियों को उनके कर्तव्यों और एस.पी सिटी के निरीक्षण के लिए तैयार किया। एस.पी सिटी अभय सिंह ने निरीक्षण के दौरान सबसे पहले थाने के मालखाना का जायजा लिया। उन्होंने लंबित मुकदमों और जब्त माल के रख-रखाव की स्थिति की बारीकी से जांच की। उन्होंने पुलिसकर्मियों के लिए बने भोजनालय कैंटीन व कार्यालय और पूरे परिसर की साफ सफाई व व्यवस्थाओं का भी गहन निरीक्षण किया। उन्होंने रिकॉर्ड के रखरखाव में पारदर्शिता और त्वरित कार्यवाही पर जोर दिया। निरीक्षण के समापन पर एस.पी सिटी ने कोतवाली के सभी अधिकारी कर्मचारियों के साथ बैठक कर पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ज्वालापुर कुन्दन सिंह राणा व वरिष्ठ उपनिरीक्षक खेमेन्द्र गंगवार समेत अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। एस.पी नगर ने पुलिसकर्मियों से जनता के प्रति विनम्र और सहयोगी व्यवहार बनाए रखने और लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।



# शिविर में 4800 लोगों को मिला स्वास्थ्य लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** परमपूज्य श्री भोले महाराज एवं माता श्री मंगला के सानिध्य में योगीराज श्री हंस महाराज की 125वीं जयंती के अवसर पर ऋषिकुल विद्यापीठ मैदान में हंस ज्योति-ए यूनिट ऑफ हंस कल्चरल सेंटर द्वारा आयोजित विशाल जनकल्याण समारोह भव्यता और सफलता के साथ सम्पन्न हुआ। महाराज और माता श्री मंगला के प्रवचन सुनने के लिए श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ उमड़ी कि सत्संग पंडाल छोटा पड़ गया। जितने श्रद्धालु पंडाल के भीतर बैठे थे उससे अधिक बाहर खड़े होकर सत्संग का श्रवण कर रहे थे। संस्था के प्रबंधक मानस स्वाईं एवं मीडिया प्रभारी बी.के. त्यागी ने बताया कि भक्तों के ठहरने की व्यवस्था हरिद्वार के विभिन्न होटलों, आश्रमों एवं धर्मशालाओं में की गई थी। समारोह के दौरान चार दिन तक निशुल्क विशाल भंडारा आयोजित किया गया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं और साधु-संतों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही ऋषिकुल विद्यापीठ मैदान में संस्था के कुशल एवं अनुभवी चिकित्सकों की देखरेख में चार दिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाया गया। शिविर में 4200 लोगों ने ऐलोपैथी और 600 ने होम्योपैथी उपचार प्राप्त किया। कुल 4800 लाभार्थियों ने निशुल्क दवाइयां और परामर्श लेकर स्वास्थ्य लाभ पाया। शिविर के संचालन में डॉ. आदित्य सिंह, डॉ. नेहा शर्मा, डॉ. सागर राय, डॉ. ज्योति, डॉ. हर्षिता, डॉ. मेघा, डॉ. प्रांशु मयंक के साथ फार्मासिस्ट तौकीर अहमद, सिस्टर सोनिया, प्रेमलता सूठा, हंसिका, ब्रदर मनीष, राजीव दास, विकास और मधुर आदि का सराहनीय योगदान रहा।



# भैरव अष्टमी धूमधाम से मनाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कनखल स्थित काल भैरव मंदिर आशारोड़ी में भैरव अष्टमी धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर मंदिर के महंत कौशलपुरी महराज के संयोजन में हवन पूजन किया गया। नगर विधायक मदन कौशिक ने भी हवन में आहुति दी और सभी के कल्याण की कामना की। मदन कौशिक ने कहा कि भगवान भैरव की कृपा से भक्तों के सभी कष्ट दूर होते हैं। समाज को धर्म और अध्यात्म का ज्ञान देकर कल्याण के मार्ग पर अग्रसर करने में महंत कौशलपुरी महाराज अहम भूमिका निभा रहे हैं। महंत कौशलपुरी महाराज ने कहा कि भय को हरने वाले भगवान भैरव की सदैव भक्तों का कल्याण करते हैं। जो व्यक्ति पूर्ण श्रद्धाभाव से भगवान भैरव की शरण में आता है। उसके सभी दुख दूर हो जाते हैं। भगवान भैरव की कृपा जिस व्यक्ति पर हो जाती है। उसका जीवन भवसागर से पार हो जाता है। रानीपुर विधायक आदेश चौहान ने सभी को भैरव अष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरिद्वारअध्यात्म और संतों की नगरी है। संतों के सानिध्य में प्राप्त ज्ञान से ही भक्तों का कल्याण होता है। इस अवसर पर मुख्य जजमान पवन बिहारी, महंत राजेश पुरी, महंत महेश पुरी, महंत हरिपुरी, महंत गोकुल पुरी, महंत भाव पुरी, स्वामी नागेंद्र महाराज, अमित गौतम, पंडित रानू कौशिक, धर्मेन्द्र घिल्डियाल, राजवीर, प्रेमसागर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व भक्त मौजूद रहे।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
डी. एस. वर्मा
प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ
मो.: 9411100741

# सरकार पूर्व सैनिकों व आश्रितों के कल्याण को प्रतिबद्ध: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से बुधवार को उनके कैंप कार्यालय में कोटद्वार के पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से गढ़वाल, कुमाऊं और उत्तर प्रदेश के मिलिट्री स्टेशन मुख्यालयों को जोड़ने वाली बहुआयामी लालढांगख्रकोटद्वारख्रामनगर मार्ग के निर्माण प्रस्ताव को भारत सरकार को भेजने और इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि उत्तराखंड राज्य के अंतर्गत भारतीय सैन्य अकादमी देहरादून, लैंसडौन तथा रानीखेत में क्रमशः गढ़वाल और कुमाऊं रेजिमेंटल सेंटर स्थित हैं, जिनके माध्यम से भारतीय सेना के अधिकारी एवं जवानों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रतिनिधिमंडल ने अवगत कराया कि वर्तमान में इन सभी प्रशिक्षण अकादमियों एवं रेजिमेंटल सेंटर्स को आपस में जोड़ने के लिए कोई बहुआयामी सड़क उपलब्ध नहीं है। ऐसी सड़क के निर्माण से सैन्य गति. विधियों एवं आवागमन में त्वरितता और सुगमता आएगी।



सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने पूर्व सैनिकों की मांग पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि इस विषय में आवश्यक कार्रवाई शीघ्र की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के कल्याण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

> ■ कोटद्वार के पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने सैनिक कल्याण मंत्री जोशी से की मुलाकात

इस अवसर पर पूर्व सैनिकों द्वारा सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी का पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी का आभार भी जताया।

इस अवसर पर अध्यक्ष महेंद्र सिंह रावत, उपाध्यक्ष राजेश बिष्ट, संयोजक मेहरबान सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह बिष्ट, मदन नेगी, गणेश रावत, ठाकुर सिंह गुसाई, सुरेश गुसाई, जीत सिंह भंडारी आदि उपस्थित रहे।

# सीएम को सौंपे टॉप अचीवर्स पुरस्कार

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को बुधवार को सचिवालय में सचिव उद्योग विनय शंकर पाण्डेय ने प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापार सुधार कार्य योजना 2024 के तहत पांच प्रमुख सुधार श्रेणियों में प्रदेश को प्राप्त टॉप अचीवर्स पुरस्कार भेंट किया।

राज्य को मिला यह पुरस्कार नई दिल्ली में आयोजित उद्योग समागम 2025 में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल द्वारा उद्योग सचिव श्री विनय शंकर पाण्डेय को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया गया था। यह अचीवर्स पुरस्कार उत्तराखंड को देश में व्यवसाय प्रवेश, निर्माण परमिट सक्षमकर्ता, पर्यावरण पंजीकरण, निवेश सक्षमकर्ता एवं श्रम विनियमन सक्षमकर्ता जैसे पाँच सुधार क्षेत्रों में सर्वोच्च उपलब्धि प्राप्त करने के लिए प्रदान किया गया है।



मुख्यमंत्री ने इसे राज्य की व्यवसाय सुगमता के लिये महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर राज्य को यह पुरस्कार मिलना गर्व की बात है।

जो व्यापार सुधार कार्य योजना के लिये राज्य के सतत प्रयासों का प्रतिफल है।उन्होंने कहा कि उत्तराखंड ने सतत और समावेशी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की है। इन सुधारों का उद्देश्य न केवल निवेश में तेजी लाना है, बल्कि पारिस्थितिक अखंडता और समान विकास को भी बनाए रखना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक विकास प्रदेश की समृद्धि और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसरों का माध्यम बन रहा है। बी.आर.ए.पी. 2024 में देश के शीर्ष राज्यों में स्थान पाना निवेशकों को उत्तराखंड की ओर आकर्षित करेगा और राज्य की आर्थिक प्रगति को नई गति प्रदान करेगा।

इस अवसर पर महानिदेशक उद्योग सौरव गहरवार उपस्थित थे।

# भट्ट ने गोदियाल को दी बधाई, जन सरोकारों एवं सकारात्मक राजनीति की जताई उम्मीद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कांग्रेस के नव निर्वाचित अध्यक्ष गणेश गोदियाल को बधाई देते हुए उनसे सकारात्मक राजनीति करने और जन सरोकारों की आवाज बनने की उम्मीद जतायी। उन्होंने दावा किया कि 2027 मे भाजपा विकास कार्यों की बदौलत दमदार वापसी करने जा रही है। कांग्रेस में अध्यक्ष के बदलाव से कोई फर्क नही पड़ेगा।

> ■ कहा - विकास कार्यों की बदौलत भाजपा करेगी 2027 में क्लीन स्वीप

पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि 2022 के विधान सभा चुनाव मे भी गोदियाल ही कांग्रेस अध्यक्ष थे, लेकिन कांग्रेस का क्या हश्र हुआ सब जानते हैं। तब प्रीतम सिंह भी बड़ी भूमिका का निर्वहन कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस द्वारा चलाये गए दुष्प्रचार अभियान की जनता ने हवा निकाल दी। जनता ने मुख्यमंत्री धामी और डबल इंजन सरकार पर भरोसा जताया था। एक बार फिर ठीक वैसी ही तस्वीर कांग्रेस पार्टी में बन गई है। लिहाजा भाजपा बड़े अंतर से क्लीन स्वीप कर रही है। भट्ट ने कहा कि डबल इंजन सरकार अब तक जनता की अपेक्षाओं पर खरी उतरी है। राज्य मे हुए तमाम विकास कार्य की बदौलत भाजपा मिशन 2027 में बड़े अंतर से जीत हासिल करने जा रही है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि कांग्रेस के नये अध्यक्ष पूर्ववर्ती नेतृत्व से अलग अच्छे कार्यों के प्रति सकारात्मक रुख अपनाएंगे। भट्ट ने कहा कि नये अध्यक्ष को दूसरे बड़े नेता कब स्वीकारेंगे यह उनके सामने चुनौती रहेगी। हालांकि यह उनकी पार्टी का निजी मामला है और भाजपा की योजना और रणनीति पर इसका कोई असर नही पड़ेगा। भाजपा कार्यकर्ता आधारित पार्टी है और उसकी रीति, नीति तथा दिशा आखिरकार जनता के लिए होती है।

## शाह टाइम्स की खबर का असर

# उपखनिज से लदे 3 वाहन सीज, 12 का चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शाह टाइम्स की खबर का एक बार फिर बड़ा असर हुआ है। जिसके चलते हरकत में आए परिवहन विभाग ने उपखनिज सामग्री से लदे तीन वाहनों को सीज करने के साथ ही यातायात का उलंघन करने वाले बारह वाहनों का चालान किया है।

बता दें कि शाह टाइम्स में 12 नवंबर में अपने अंक में 'पछवादून क्षेत्र में यातायात नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। जिसके प्रकाशित होने के बाद संभागीय परिवहन विभाग विकासनगर के



एआरटीओ अनिल नेगी की अगुवाई में विभाग की टीम हरकत में आई और विभिन्न जगह कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 2 डंफर और 1 ट्रेक्टर ट्राली को सीज कर दिया गया, साथ ही शंकरपुर, महमूदपुर और सेलाकुई क्षेत्र में इस चौकिंग अभियान के दौरान यातायात नियमों का उलंघन कर चल रहे 12 अन्य वाहनों का एमवी एक्ट में चालान किया गया।

## एक नजर .......

# मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण पर अपर जिला जज ने दिया आदेश

**विकासनगर।** सड़क मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अपर जिला जज विकासनगर नंदन सिंह ने जुनो देवी ग्राम दसऊ चकराता की याचिका स्वीकार कर ली है। आदेश दिया कि सड़क मामले में जनरल इंशोरेंस कंपनी मृतक के माता पिता एवं पत्नी को 91.81 लाख रूपये की धनराशि बतौर प्रतिकर अदा करें। प्रतिकर की उक्त धनराशि पर याचिका दायर होने की तिथि 11 जुलाई 2022 से प्रतिकर के भुगतान होने की तिथि तक 7 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज भी अदा किया जाएगा। अधिवक्ता रविंद्र चौहान के माध्यम से मृतक की माता जुनो देवी पिता श्याम सिंह की ओर से याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया कि 16 अप्रैल 2022 को उनका पुत्र रणबीर सिंह व अन्य साथी बरदावर चौहान, प्रीतम चौहान बिस्सू मेले से घर आ रहे थे। जैसे ही कार सियारली धार साहिया क्वानू मोटर मार्ग पर पहुंची चालक संजय चौहान वाहन पर अनियंत्रित खो दिया जिससे कार खाई में गिर गई। उसमें बैठे रणबीर चौहान व अन्य साथी को चोटे आई अस्पताल में उपचार के दौरान उसकी भी मौत हो गई और उनके साथी की भी मौत हो गई। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण अपर जिला विकासनगर नंदन सिंह ने आदेश दिया कि सड़क हादसे मामले में मृतक परिजनों को बीमा कंपनी को आदेशित किया है कि निर्णय तिथि से एक माह की अवधि के भीतर प्रतिकर की समस्त धनराशि मय ब्याज अधिकरण में जमा करें।

# अग्नि सुरक्षा पर छात्रों ने सीखे आग बुझाने के गुर

**चकराता।** अग्निशमन विभाग के तत्वावधान में बुधवार को जौनसार पब्लिक स्कूल चकराता में अग्नि सुरक्षा जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अग्निशमन अधिकारी डाकपत्थर पवन शर्मा ने विद्यार्थियों और विद्यालय स्टाफ को आग से बचाव और सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।अधिकारी पवन शर्मा ने आग के विभिन्न प्रकारों, प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, तथा घरों में एलपीजी सिलेंडर से लगने वाली आग को बुझाने के सुरक्षित तरीकों की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आग लगने की स्थिति में घबराने के बजाय संयम बनाए रखना, तुरंत अलार्म बजाना और सुरक्षित स्थान पर पहुंचना बेहद जरूरी है।अग्निशमन दल ने मौके पर अग्निशमन यंत्रों के प्रयोग का प्रायोगिक प्रदर्शन भी किया, जिसमें छात्रों को इन उपकरणों का सही उपयोग करना सिखाया गया। साथ ही, शॉर्ट सर्किट से बचाव, ज्वलनशील पदार्थों को सुरक्षित रखने और विद्यालय में समय-समय पर फायर ड्रिल आयोजित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य मृदुला थापा, उप-प्रधानाचार्य विजय कुमार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# वकीलों का चक्का जाम, सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** राजधानी दून में बार एसोसिएशन देहरादून ने पुरानी जिला जज अदालत के सिविल परिसर में रैन बसेरा बनाए जाने के प्रस्ताव के खिलाफ अपना आंदोलन तेज कर दिया है। अधिवक्ताओं ने इस प्रस्ताव को रद्द कर उसी भूमि पर अपने चेंबर निर्माण की मांग को लेकर बुधवार को लगातार तीसरे दिन बड़ा विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने बुधवार को तीन घंटे का श्चक्का जामश रखा, जिससे राजधानी की व्यवस्थाएं प्रभावित हुईं।

## आंदोलन की धार हुई तेज

बार एसोसिएशन अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल के आह्वान पर अधिवक्ताओं ने मंगलवार को हरिद्वार रोड पर दो घंटे तक यातायात बाधित कर अपना विरोध दर्ज कराया था।



इसके बाद बुधवार को यह आंदोलन और उग्र हो गया। वकीलों ने दोपहर 1:30 बजे तक कामकाज पूरी तरह ठप रखा, जिसमें बस्ते, टाइपिंग और स्टांप बिक्री जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी शामिल थे। यह विरोध सीधे तौर पर सरकार की प्राथमिकताओं और नीतियों पर वकीलों के तीखे प्रहार को दर्शाता है। वकीलों का कहना है कि जहां एक ओर उन्हें काम करने के लिए जगह नहीं मिल रही है, वहीं प्रशासन उनकी भूमि पर रैन बसेरा बनाने का प्रस्ताव ला रहा है।

## अधिवक्ताओं की चरणबद्ध तरीके से विरोध की रणनीति

बार एसोसिएशन के सचिव राजबीर बिष्ट ने बताया कि विरोध प्रदर्शन को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाया जा रहा है। पहले दिन एक घंटा, दूसरे दिन दो घंटे और अब तीसरे दिन तीन घंटे का चक्का जाम रखा गया। यह रणनीति प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए अपनाई गई है।एसोसिएशन के अध्यक्ष मनमोहन कंडवाल ने स्पष्ट किया कि जब तक प्रशासन उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लेता, आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि अब तक किसी भी प्रशासनिक अधिकारी ने वार्ता के लिए संपर्क नहीं किया है, जिससे अधिवक्ताओं में प्रशासन की उपेक्षा को लेकर गुस्सा और बढ़ गया है। प्रदर्शन स्थल पर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर सरकार से शीघ्र समाधान की मांग की है।वकीलों का यह आंदोलन न केवल भूमि के आवंटन को लेकर है, बल्कि यह सरकार और न्यायपालिका के बुनियादी ढांचे के प्रति प्रशासन के रवैये पर भी सवाल खड़े करता है। इस दौरान अधिवक्ता सुरेंद्र पुंडीर, रंजन सोलंकी, गगनदीप थापर,अल्पना थापा, अनुपम गौतम, रजिया बेग, पृथ्वीराज,रजत दुआ, सुलेखा झा, रमन शर्मा, प्रेमपाल सहित सैकड़ो अधिवक्ता मौके पर मौजूद रहे।

# जोशी से प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात, सड़क डामरीकरण की मांग

> ■ प्रतिनिधिमंडल की मांग पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए जल्द कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी से बुधवार को जनपद चमोली के कर्णप्रयाग क्षेत्र के खत्याड़ी गांव से आए एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व क्षेत्र पंचायत सदस्य सेवा. निवृत्त सूबेदार लेफ्टीनेंट नन्द किशोर थपलियाल ने किया।

इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री गणेश जोशी को ज्ञापन सौंपते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत कालूसैंण से सेरापाखुडी होते हुए नैनीसैंण-कालूसैंण-सांक. री कच्चे मोटर मार्ग का शीघ्र डामरीकरण करने की मांग की। मंत्री गणेश जोशी ने प्रतिनिधिमंडल की मांग पर सकारात्मक आश्वासन देते हुए जल्द कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।इस अवसर पर रि. सूबेदार राजेंद्र सिंह मनराली उपस्थित रहे।

# वाहन चोर 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** थाना सहसपुर क्षेत्र में हुई वाहन चोरी की घटना का कोतवाली विकासनगर पुलिस द्वारा किया 24 घण्टे में अनावरण' 'घटना में शामिल आरोपी गिरफ्तार, चोरी का वाहन बरामद। जानकारी के अनुसार 11 नवंबर 25 को मुस्पिक पुत्र कल्लू निवासी धर्मावाला थाना सहसपुर ने थाना में शिकायत दर्ज करायी कि 9 नवंबर को समय लगभग 9 बजे रात्रि को मैने पांवटा रोड हरबर्टपुर स्थित क्लाउड वैडिंग प्वाइन्ट के बाहर अपनी मोटर साइकिल यूके16 ई 5420 स्प्लेन्डर रंग काला को खड़ा किया था। वैडिंग प्वाईंट से वापस आने पर मेरी मोटर साइकिल वहां पर नहीं थी। शिकायतकर्ता की लिखित तहरीर के आधार पर अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। घटना के अनावरण तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक कोतवाली विकासनगर द्वारा घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर आस-पास तथा आने जाने वाले रास्तों पर लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेजों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संदिग्ध के सम्बन्ध में जानकारियां एकत्रित की। पुलिस टीम द्वारा किये जा रहे लगातार प्रयासों के परिणाम स्वरूप्स चौकिंग के दौरान गठित टीम ने देर शाम आरोपी सादिक उर्फ घुसपैठिया पुत्र नूर अली निवासी मगनपुरा थाना मिर्जापुर जनपद सहारनपुर उ0प्र0 स्थान आदर्श विहार आम के बाग के पास से मय चोरी वाहन संख्या यूके16 ई 5420 स्पेलण्डर के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ तीन हरियाणा, तीन यूपी में विभिन्न धाराओं में मुकदमें दर्ज हैं। पुलिस टीम में एसआई सनोज कुमार चौकी प्रभारी हरबर्टपुर, सिपाही अनिल सालार, संजय कुमार कोतवाली विकासनगर शामिल रहे।

# 100 मी. रेस में ऋषभ, 200 में गीतिका और 400 में अनमोल रहे अव्वल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऋषिकेश।** निर्मल आश्रम दीपमाला स्कूल में 27वां अंतरसदनीय दो दिवसीय क्रीड़ा महोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ शुरू हुआ। पहले दिन बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में ऋषभ नेगी, 400 मीटर में अनमोल राणा और बालिका वर्ग की 200 मीटर रेस में गीतिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

बुधवार को निर्मल आश्रम दीपमाला स्कूल में दो दिवसीय 27वां अंतरसदनीय क्रीड़ा महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि इंडिया ब्लाइंड फुटबॉल टीम के असिस्टेंट कोच नरेश सिंह नयाल ने ओलंपिक ध्वज फहराकर किया। आतिशबा.



जी, रंग-बिरंगे गुब्बारे व शुभंकर उड़ाने के बाद खेल मशाल प्रज्वलित की गई। तत्पश्चात कार्यक्रम की सफलता के लिए ईश्वर की अनुकंपा प्राप्त करने हेतु शबद गायन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कक्षा चार के छात्रों द्वारा पॉम-पॉम हाथ में लेकर वेलकम की आकृति बनाकर विद्यालय प्रांगण में पधारे समस्त अतिथियों का जोरदार स्वागत किया गया। पहले दिन का खेलो का प्रारंभ नर्सरी कक्षा से लेकर तीसरी कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों की दौड़ों से हुआ। कक्षा दूसरी के बालक वर्ग की श्डैडी शू रेसश्में नैतिक ने प्रथम, शिवांश ने द्वितीय, वत्सल ने तृतीय, यूकेजी के बालि. का वर्ग की गारलैंड रेस में जियांशी- सानवी, निशिका-सीरत, आशी-दियांशी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। एलकेजी बालक वर्ग कीश बीन बग रेसश में रिशांत बिष्ट, आरोन राणा, शिवाय भंडारी, श्टाई शू रेसश्बालिका वर्ग कक्षा तीसरी में आरोही, आरोही चौहान, आव्या धस्माना ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में ऋषभ नेगी, शिवांश रावत, आर्यन पंवार, बालिका वर्ग की 200 मीटर रेस में गीतिका, रितिक चौधरी, निधि, बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में अनमोल राणा, अनमोल डबराल, सिद्धार्थ बडोनी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

मौके पर शैफाली रावत, विद्यालय चेयरमैन डॉ. एसएनसूरी, रेनू सूरी, प्रधानाचार्या ललिता कृष्णास्वामी, एनजीए की प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता शर्मा, अमृतपाल डंग, सरदार गुरप्रीत सिंह नरवाल, सुनील दत्त काला, संजीव सिंह, सरदार मंजीत सिंह, नीरू अरोड़ा, मुकुल तायल आदि उपस्थित रहे।फोटो कैप्शन-निर्मल आश्रम दीपमाला स्कूल में आयोजित 27वां अंतरसदनीय दो दिवसीय क्रीड़ा महोत्सव के पहले दिन के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# उत्तराखंड में सांस अभियान 2025 का शुभारंभ

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के दिशा-निर्देशों में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखंड के अंतर्गत संचालित 'सांस अभियान 2025ख्र26' का राज्य स्तरीय शुभारंभ विश्व निमोनिया दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) डोईवाला, देहरादून में किया गया। यह कार्यक्रम बाल स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों को निमोनिया से बचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती अनुराधा पाल (आईएएस), कार्यवाहक मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक मिशन निद. ेशक अनुराधा पाल के उद्बोधन से हुआ। उन्होंने कहा कि "निमोनिया से हर वर्ष हजारों बच्चों की जान जाती है, जबकि यह बीमारी समय पर पहचान और उपचार से पूरी तरह रोकी जा सकती है।" उन्होंने माता-पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों का समय पर टीकाकरण कराएं और किसी भी लक्षण की स्थिति में चिकित्सक से तुरंत संपर्क करें। डॉ. रश्मि पंत, निदेशक, एनएचएम ने कहा कि "शिशु देखभाल की सही जानकारी ही निमोनिया से सुरक्षा की सबसे बड़ी कुंजी है।

> ■ हर बच्चे की सेहत के लिए सामूहिक संकल्प, बाल स्वास्थ्य को लेकर सरकार बेहद गंभीर, एक जन-आंदोलन की तरह चलाया जा रहा है सांस अभियान: डॉ. राजेश



उन्होंने माताओं को केवल स्तनपान कराने, समय पर पूरक आहार देने, स्वच्छता बनाए रखने और पीसीवी टीकाकरण की अनिवार्यता पर बल दिया। अभियान के तहत कार्यक्रम में उपस्थित पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों को पोषण किट वितरित की गई, जिससे उनकी प्रतिरक्षा क्षमता बढ़ सके और समग्र विकास सुनिश्चित हो। मंच पर डॉ. आर. सी. पंत (निदेशक, डीजी हेल्थ सर्विसेज), डॉ. रश्मि पंत (निद. ेशक, एनएचएम), डॉ. मनोज शर्मा (मुख्य चिकित्साधिकारी, देहराद. ून) और डॉ. के. एस. भंडारी (सीएमएस, सीएचसी डोईवाला) उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत स्वास्थ्य शिविर का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चकराता में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत तीन दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी पहल है, जिसका उद्देश्य देश की प्रत्येक गर्भवती महिला को सुरक्षित, स्वस्थ और सम्मानजनक मातृत्व प्रदान करना है।

चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विक्रम सिंह तोमर के निर्देशन में इस अभियान के लिए दो टीमों का गठन किया गया, जिनकी निगरानी और संचालन की जिम्मेदारी ब्लॉक प्रबंधक अश्विनी कुमार को सौंपी गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मातृ एवं नवजात शिशु मृत्यु दर को कम करना और प्रत्येक माँ एवं शिशु के जीवन को सुरक्षित बनाना है।

अभियान के तहत 10 से 12 नवंबर 25 तक उपकेंद्र कोटी कनासर, कान्डोईभरम, बायला, केराड़, हनोल, भटाड़, भुनाड़ आदि स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में डॉ. उज्जवल त्यागी, डॉ. पारुल, डॉ. हिमांशु अग्रवाल और डॉ. गुरप्रीत कौर ने गर्भवती महिलाओं की जांच की।

जांच के साथ-साथ गर्भवतियों को आयरन, कैल्शियम और अन्य पोषक तत्वों की निःशुल्क दवाएँ प्रदान की गईं। शिविर के दौरान कुल 69 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई, जिनमें से 11 महिलाएं उच्च जोखिम (हाई-रिस्क प्रेग्नेंसी) की श्रेणी में पाई गईं। डॉक्टरों ने बताया कि इन महिलाओं की गर्भावस्था में जटिलताओं की संभावना देखते हुए उन्हें विशेष देखभाल और अतिरिक्त चिकित्सकीय निगरानी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल में आगे की जांच हेतु भेजा गया है। अभियान के सफल आयोजन के साथ ही चकराता क्षेत्र में सुरक्षित मातृत्व और महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश भी प्रभावी रूप से पहुंचा।

## उत्तराखंड कांग्रेस में बड़ा फेरबदल, प्रदेश अध्यक्ष बदला व 27 जिलाध्यक्ष भी बनाए

# पर कांग्रेस ने मुसलमान पर नहीं जताया भरोसा!

## फुरकान अहमद कलियर से मौजूद विधायक हैं, तो फिर छोटे से रुड़की ग्रामीण का जिलाध्यक्ष बनाकर क्या दिया?

**अख्तर मालिक**

**रुड़की।** मंगलवार को उत्तराखण्ड कांग्रेस में बड़ा फेर बदल कर दिया गया है। कांग्रेस हाई कमान ने जहां राज्य के प्रदेश अध्यक्ष को बदलकर अब फिर से गणेश गोदियाल को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है तो राज्य में 27 नए कांग्रेस जिला अध्यक्ष भी बनाए गए हैं लेकिन अफसोस की बात यह है कि राज्य भर में हुए इस फेर बदल में कांग्रेस ने मुसलमान को पूरी तरह नजर अंदाज कर दिया है जिससे यह भी साफ हो गया है कि कांग्रेस की नजर में मुसलमान केवल एक वोट बैंक है यानी कांग्रेस मुसलमान को महज एक वोट बैंक ही मानती है। हालात यह बन गये हैं कि इन्हें मारो, पीटो, ठोको रहेंगे कांग्रेस के साथ ही। कुल मिलाकर कांग्रेस की नजरों में राज्य भर के मुसलमान की हैसियत केवल एक वाटर के तौर पर ही देखी गयी है और इसके लिए जिम्मेदार भी हमारा प्रदेश का मुस्लिम समाज ही है क्योंकि वह तो जहां एक बार खड़ा हो जाता है चाहे फिर उसके सामने कांग्रेस का हाथ थाम कर कोई भी जनसंघी या कटटर भाजपाई ही आ जाये वोट तो उसे केवल पंजे पर ही देना है। इनी अपनी कोई सूझबूझ और समझ नहीं है और न ही कोई सियासी वजूद है। यही वजह है कि सियासी दल भी अब

**❖कांग्रेस के लिए केवल वोट बैंक बनकर रह गया है मुसलमान**

मुसलमान को उनकी हैसियत दिखाने में लगे हैं लेकिन मुसलमान को फिर भी आज के माहौल में भी समझ नहीं आ रही है।

गौरतलब है कि पिछले कई महीने से लगातार राज्य में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष को लेकर पार्टी के आला नेता स्थानीय कार्यकर्ताओं नेताओं से रायसुमारी ली गई थी कि जिला अध्यक्ष पद पर मजबूत जनाधार वाले चेहरों को नियुक्त किया जाएगा और संगठन में ईमानदार वफादार कार्यकर्ताओं को तवज्जो दी जाएगी। लेकिन महीना तक चले इस कांग्रेस के अभियान का वही हुआ जो पहले से कांग्रेस करती अयी है। हाईकमान या यह कहे कि राज्य के बड़े कांग्रेसी नेताओं ने जो पहले से ही तय किया हुआ था वही नतीजा सामने आया। जिन लोगों ने रात दिन करके अपनी दावेदारी पेश की पार्टी के लिए ईमानदारी से काम किया वह सब बगले झांकते रहे रुड़की शहर में जहां पहले से ही महानगर अध्यक्ष पद पर काम कर रहे जाट समुदाय से ताल्लुक रखने वाले राजेंद्र चौधरी को दोबारा से रुड़की शहर का कांग्रेस जिला अध्यक्ष बना दिया गया तो रुड़की ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद पर कलियर विधायक फुरकान अहमद के नाम की घोषणा कर दी गई। जबकि खुद विधायक फुरकान का कहना है कि उन्होंने तो दावेदारी पेश ही की थी और जिन लोगों ने दावेदार पेश की थी वह लिस्ट जारी होने पर ठगे से महसूस किए गए। क्योंकि इन दावेदारों का भी यह मानना था कि जिन लोगों ने अपनी दावेदारी पेश की है उनमें से ही किसी को जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा तो यह उनके लिए एक राहत भरी खबर होती। लेकिन अफसोस कांग्रेस ने रुड़की ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद पर एक विधायक की जगह इस बार मुस्लिम समाज से कलियर विधायक फुरकान को रुड़की ग्रामीण का जिला अध्यक्ष बना दिया।

अब सबसे बड़ा मामला यह है कि कांग्रेस ने जिस तरह से राज्य भर में 27 कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बनाए हैं उनमें से केवल कलियर विधायक फुरकान को ही रुड़की ग्रामीण का जिला अध्यक्ष बनाकर पल्ला झाड़ लिया है। बाकी और जिलों में किसी भी मुसलमान पर कांग्रेस ने भरोसा क्यों नहीं किया। क्या कांग्रेस की नजर में पूरे राज्य भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर कोई ऐतबार नहीं है या फिर राज्यभर के मुसलमान कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जिला अध्यक्ष पद को संभालने की काबिलियत या हैसियत नहीं है। चलो यहां अगर फुरकान विधायक को बतौर मुस्लिम चेहरा जिला अध्यक्ष बनाया है तो फिर पूरे राज्य भर में और भी बहुत कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता में से किसी भी दो चार पर कांग्रेस ने क्यों भरोसा नहीं किया।

हालांकि गलती कांग्रेस की भी नहीं है मुसलमान ने खुद अपने ऐसे हालात पैदा कर दिए हैं कि कांग्रेस उन्हें अब केवल अपना वोटर समझ रही है। क्योंकि कांग्रेस ने ऐसे लोगों को टिकट दे दिया जिन लोगों ने 10-15 साल तक मुसलमान के खिलाफ मुकदमे लिखवाये हों उनका हर तरह से उत्पीडन व विरोध किया हो उनके क्षेत्र में विकास भी नहीं करने दिया हो लेकिर फिर भी मुसलमान कसम खाकर उसके साथ खड़े हो गए। क्योंकि मुसलमान का अपना ना तो कोई वकार है ना ही कोई अपनी हैसियत है और यही वजह है मुसलमान हमेशा पिटता रहता है। क्योंकि मुसलमान को केवल हाथ का पंजा दिखता है। और इसी का फायदा यहां कांग्रेस उठा रहे हैं।

## क्या प्रदेश में एक भी मुस्लिम कांग्रेस जिलाध्यक्ष के काबिल नहीं

### अपना सियासी वजूद न बनाया, तो केवल वोटर ही बना रहेगा मुसलमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कांग्रेस ने जिस तरह से पूरे राज्य में बड़ा फेर बदल किया है प्रदेश अध्यक्ष के साथ 27 जिला अध्यक्ष भी बदल दिए हैं उससे कांग्रेस हाई कमान में प्रदेश के आला नेताओं की सोच पर भी अब सवाल खड़े हो गए हैं क्योंकि मुसलमान के नाम पर अगर रुड़की ग्रामीण जिला अध्यक्ष पद पर कलियर विधायक फुरकान अहमद को जिलाध्यक्ष बनाकर मुसलमान को सब कुछ दे दिया है तो कांग्रेस की इस सोच पर बेहद अफसोस है कि क्या पूरे राज्य भर में हजारों मुसलमान कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता इस लायक नहीं है कि वह दो चार जिला अध्यक्ष पद संभाल सकें। क्या कांग्रेस की नजरों में पूरे राज्य में एक दो जिलों में भी ऐसा कोई कांग्रेस का नेता कार्यकर्ता नहीं दिखाई दिया जिनकी हैसियत या वजूद कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पद के लायक हो। या फिर कांग्रेस की नजरों में मुसलमान की औकात केवल एक वोटर की ही है। और इसी सोच को लेकर उन्होंने मुसलमान को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया है। जबकि राज्य में कांग्रेस का सबसे बडा वोट बैंक मुस्लिम समाज ही है। और ऐसा भी नहीं है कि मुस्लिम समाज में सियासी वजूद के नेता कार्यकर्ता ना हो लेकिन अफसोस की बात है कि प्रदेश कांग्रेस व केंद्रीय कांग्रेस के आला नेताओं ने मुसलामनों को पूरी तरह नजर अंदाज कर उनके वजूद पर ही सवाल खडा कर दिया है। कांग्रेस मुसलमानों को शायद अपना गुलाम समझती है। अब सवाल यह है कि क्या राज्य में मुसलमान कांग्रेस से गुलाम है या उन्हें खरीद लिया है इसलिए मुसलमान को अपना सियासी वजूद बनाने के लिए इस पर गंभीरता से सोचना समझना होगा। वक्त आने पर अपना सियासी वजूद दिखाना होगा। और सरकार किसी की भी रहे इससे क्या फर्क पड़ता है मुसलमान को तो फिर भी अपने काम जुगाड़ बाजी से ही करने होते हैं। मुसलमानों को पिछली कांग्रेस सरकार ने क्या दिया है। मुसलमानों को अब अगर अपना वजूद दिखाना है तो उन्हें एकजुट होकर किसी भी दल के साथ जाना होगा और अपनी ताकत का एहसास करना और कराना होगा। लेकिन बेहद अफसोस की बात है कि राज्य गठन से अब तक उत्तराखंड में कांग्रेस वोट बैंक के रूप में ही मुसलमानों का इस्तेमाल कर रही है लेकिन मुसलमान अब तक अपने आपको आज तक भी न समझ पाया है न अपना सियासी वजूद बना पाया है।

## विधानसभा सत्र के दौरान जनहित के मुद्दे उठाने पर

# शहजाद विधायक का क्षेत्र में स्वागत जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर विधायक द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान जनहित के मुद्दे उठाने पर हरिद्वार जिले के लोग लगातर उनका स्वागत कर रहे हैं। लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा की हमने हरिद्वार देहरादून उधम सिंह नगर के युवाओं के भविष्य को देखते हुए मूल निवास प्रमण पत्र का मुद्दा उठाया क्योंकी मूल निवास के बगैर पीसीएस और पीपीएस नहीं बन सकते उन्होंने यह भी कहा की हम चाहते हैं की पहाड़ के लोग भी खुशहाल हो सरकर को चाहिए की पहाड़ के लोगों के लिए छोटे-छोटे उद्योग पहाड़ पर ही लगाए जाए जिससे उनको भी रोजगार वहीं पर करने का मौका मीले जिससे पहाड़ के लोग भी खुशहाल हो उन्होंने कहा कुछ नेता पहाड़ पर ऐसे हैं जो चुनाव तो पहाड़ से लड़ते हैं और घर प्लेन में बनाकर रहने लगते हैं यह पहाड़ के लोगों के साथ सरासर धोखा है उन्होंने यह भी कहा की हमको भी पहाड़ी मान लिया जाए और छोटे से राज्य उत्तराखंड में सभी को एक समान मानते हुए मूल निवास प्रमण पत्र जारी किया जाए वहीं सरदार निशान सिंह ने कहा



की हमें भी उम्मीद है की हमारे बच्चे भी पढ लिखकर नौकरी करें उन्होंने कहा उत्तराखंड छोटा सा प्रदेश है उसमें सभी को बराबर की नजर से देखना चाहिए और सभी को पहाड़ी मानते हुए मूल निवास प्रमाण पत्र भी जारी करने चाहिए उन्होंने कहा कि काम तो होते रहते हैं लेकिन जो मूल निवास एवं अन्य मुद्दे लक्सर विधायक ने उठाए हैं उसके लिए हम उनका तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हैं और हम चाहते हैं कि उत्तराखंड के हर आदमी को उत्तराखंडी मानकर मूल निवास प्रमाण पत्र एवं अन्य सुविधा मिलनी चाहिए वहां पर क्षेत्र के सैकड़ो मुख्य व्यक्ति मौजूद रहे

# दिल्ली ब्लास्ट के बाद मंगलौर में भी पुलिस प्रशासन सतर्क, फ्लैग मार्च

**शाह टाइम संवाददाता**

**मंगलौर।** बीती 10 नवंबर को दिल्ली में हुए ब्लास्ट को लेकर हरिद्वार पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट नजर आ रहा है। इसी के चलते पुलिस ने शांति व्यवस्था के दृष्टिगत नगर में फ्लैग मार्च निकाला। ये फ्लैग मार्च सीओ विवेक कुमार के नेतृत्व में नगर के विभिन्न गली मोहल्लो मे निकाला गया।

इस दौरान मंगलौर सीओ विवेक कुमार ने बताया कि बीती 10 नवंबर को दिल्ली ब्लास्ट को लेकर सभी जांच एजेंसी अलर्ट मोड पर है इसी को लेकर यह फ्लैग मार्च कस्बा चौकी से शुरू




होकर मोहल्ला मलकपुरा व हैदरी चौक मैंन बाजार मोहल्ला किला मोहल्ला लाल बड़ा और अन्य जगह फ्लैग मार्च निकाल कर मंगलौर के लोगों को शांति का संदेश दिया गया है।

# रास्ते के विवाद पर राजस्व विभाग की टीम ने किया स्थलीय निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**


**भगवानपुर।** ग्राम बंजारे वाला ग्रंथ तहसील भगवानपुर में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायत रास्ता बंद करने एवं ग्राम समाज भूमि पर कब्जा करने के संबंध में शिकायत करता मांगेराम बंजारे वाला ग्रंथ रमेश चंद बंजारे वाला ग्रंथ के द्वारा दी गई थी। उप जिलाधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी के आदेश के अनुपालन में खनन विभाग हरिद्वार तथा राजस्व विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा स्थलीय जांच एवं अभिलेखों का निरीक्षण किया गया एक शिकायत रमेश चंद के द्वारा की गई जिसमें उनके द्वारा स्टोन क्रेशर के पास अपना खेत होने से खेत में नुकसान होने की संभावना की शिकायत की गई थी परंतु प्रार्थी के खेत से कम से कम 10 मीटर की दूरी का अंतर है खेत एवं स्टोन क्रेशर की भूमि के बीच है इससे शिकायतकर्ता को मौके पर भी समझा दिया गया तथा प् स्टोन क्रेशर के मालिक के द्वारा लिखित में दिया गया कि मेरे द्वारा कोई किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं की जाएगी जिस की खेत मालिक को कोई नुकसान हो ग्राम समाज के नंबर पर कब्जा होने के संबंध में थी जो की मांगेराम के द्वारा की गई जो गलत पाई गई ग्राम समाज पर कब्जा नहीं पाया गया संयुक्त टीम खनन एवं राजस्व विभाग जिसमें खनन विभाग से खनन इंस्पेक्टर श्रीमती सुष्मिता आदि तथा राजस्व विभाग से नायब तहसीलदार अनिल गुप्ता क्षेत्रीय पटवारी मोहित चौधरी एवं ऋषु राज राणा तथा शिकायतकर्ता एवं विपक्षिगण मौके पर मौजूद रहे।

# फुरकान विधायक रुड़की ग्रामीण, तो राजेंद्र फिर बने महानगर कांग्रेस अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** महीनों की मशक्कत के बाद आखिर कांग्रेस ने जिलाध्यक्षों की सूची जारी कर दी इस बार झबरेडा विधायक की जगह कलियर विधायक हाजी फुरकान को जिलाध्यक्ष बनाया है तो शहर महानगर अध्यक्ष पर फिर से राजेंद्र चौधरी को मोका दिया है। फुरकान व राजेंद्र चोधरी के जिलाध्यक्ष बनने पर कांग्रेस नेताओं ने उन्हें बधायी दी है।

कलियर विधायक फुरकान की बतौर रूडकी ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष पद पर ताजपोशी के बाद फुरकान जहां अपने आपको पार्टी द्वारा बडा सम्मान दिये जाने की बात कह रहे हैं तो उनके



समर्थक भी खुश है। वहीं रुड़की महानगर में कांग्रेस ने एक बार फिर से एडवोकेट चौधरी राजेंद्र सिंह को अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी है। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद उन्होंने बुधवार को शिवमन्दिर में पूजा अर्चना की उसके बाद महात्मा गांधी, चंद्रशेखर आजाद और भीम राव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उन्हे मालाएं पहनाकर स्वागत किया। चौधरी राजेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने उनके ऊपर जो विश्वास जताया है वह उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

# नकदी सहित पुलिस ने एक सटोरिया दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा मुखबिर की सूचना पर एक सटोरिये को गिरफ्तार किया गया है उसके कब्जे से 1120 रूपए नकद गट्टा सट्टा पर्ची एक पेन बरामद हुआ है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा थाना क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम व अपराधिक गतिविधियों में सलीप्त अपराधियों असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था 11 नवंबर 2025 को चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया उसके कब्जे से 1120 रुपए की नकदी गट्टा सट्टा पर्ची एक पेन बरामद हुआ उसको गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में लक्सर पुलिस चौकी प्रभारी विपिन कुमार हेड कांस्टेबल शमशेर खान होमगार्ड इमरान शामिल रहे पकड़े गए व्यक्ति के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया गया है पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास के सत्संग से सीखने की जरूरत : सुबोध राकेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुग्गावाला/ ज्वालापुर।** ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र सोहलपुर सिकरोड़ा गांव में दलित समाज की ओर से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का सत्संग का आयोजन किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुबोध राकेश ने विधिवत् रुप से संत शिरोमणि गुरु रविदास जी सत्संग का शुभारंभ किया। इस मौके पर भाजपा नेता सुबोध राकेश ने कहा कि सत्संग से सीख लेकर ग्रामीण अपनी जिंदगी में उतारे। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने यह सिद्ध कर दिया था कि अगर व्यक्ति का मन साफ हो तो वह ईश्वर को किसी भी रुप में पा सकेगें। इस शुभ अवसर पर छोटन लाल जी,स्वामी संत श्री जगवीर महाराज जी,बलराम जी, गिरधर जी,अवनीश जी, अमरीश जी, बिर्जेश जी,रामपाल जी,कमल जी, सरजीत जी, प्रेम जी,ओम प्रकार जी,विक्रम मास्टर जी, और सभी ग्रामवासी उपस्थित रहे।


**खोया-पाया-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी स्टेट बैंक ऑप इंडिया गुरूद्वारा रोड ज्वालापुर हरिद्वार की खाता सं. 30389132135 की चेक बुक जिसमें हस्ताक्षर किये हुए कोरे चेक सं. 766351 से 766360 तक रास्ते में कहीं वास्तव में खो गये हैं जिनका प्रयोग किसी अन्य को अवैध होगा।

**ओम प्रकाश शर्मा पुत्र रघुनाथ शर्मा नि. आई-10 रामनगर कालोनी ज्वालापुर हरिद्वार। मो नं. 9568018909**


# विवाहिता ने पति, सास-ससुर सहित 10 के खिलाफ दी यौन व दहेज उत्पीड़न की तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा निवासी एक महिला द्वारा बुधवार को अपने पति सास ससुर जेठ जेठानी सहित 10 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न धोखाधड़ी शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न तथा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।, कस्बा निवासी स्मृति गुप्ता पत्नी अमन कुमार पुत्री सुधीर कुमार द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका विवाह 11 अक्टूबर 2021 को अमन कुमार पुत्र सुशील कुमार निवासी पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र हरियाणा के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुआ था। मेरे पिता द्वारा अपने पूरे जीवन की कमाई लगभग 70 लाख रुपए मेरे विवाह में हुए दान दहेज पर खर्च किए थे। आरोप है कि विवाह से पूर्व ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा धोखाधड़ी करते हुए झूठ बोला था कि लड़का अमन कनाडा में एक बैंक में अधिकारी है। विवाह के बाद से ही मेरा पति व ससुराल वाले मुझे बड़ी कार लाने के लिए मांग कर मुझे प्रताड़ित करने लगे। मेरा पति अमन दिसंबर 2022 में मुझे अपने साथ कनाडा ले गया। कनाडा जाकर पता लगा कि उसका पति पूरी तरह बेरोजगार है। कनाडा में मैंने विवश होकर एक कंपनी में प्रतिदिन 16 घंटे काम किया उसके बदले मिलने वाला पूरा पैसा मेरा पति धमकाकर जबरदस्ती ले लेता था। जुलाई 2024 में वह अपने भाई के विवाह में शामिल होने के लिए कनाडा से भारत आ गई थी। विवाह पूरा होने पर वह अपने पति व ससुराल वालों के साथ झबरेड़ा से अपने ससुराल पिहोवा कुरुक्षेत्र हरियाणा आ गई थी। 23 जून 2025 को मेरे पति व ससुराल वालों द्वारा मेरे साथ गाली गलौज व जमकर मारपीट की गई। जिससे वह आहत होकर अपने मायके झबरेड़ा आ गई थी। स्मृति द्वारा अपने पति अमन सास मीनाक्षी ससुर सुशील कुमार जेठ मोहित जेठानी रिचा नंद मनीषा नंदोई मोहित चाचा रतनलाल व मामा आलोक मित्तल के खिलाफ दहेज उत्पीड़न धोखाधड़ी शारीरिक व मानसिक उत्पीड़न गाली गलौज मारपीट की तहरीर दी है।

# चमनलाल में क्रिकेट प्रतियोगिता का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** चमन लाल महाविद्यालय में आज 12 नवंबर 2025 को अंतर महाविद्यालयी क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया स कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय शोभाराम प्रजापति उत्तराखंड माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष तथा उनके सहयोगी भाजपा मंडल के अध्यक्ष अरविंद गौतम पूर्व चेयरमैन रुड़की अध्यक्ष दिनेश कौशिक एवं अशोक आर्य उपस्थित रहे स कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अरुण हरित ने फीता काटकर किया स आज का प्रथम मुकाबला राजकीय डिग्री कॉलेज मरगुबपुर एवं डी.डी कॉलेज देहरादून के बीच रहा स जिसमें 139 का लक्ष्य का पीछा करते हुए डी.डी कॉलेज, देहरादून 86 रनों से विजय रही स दोनों टीमों के मुकाबले में मरगुबपुर की टीम को बड़ी हार का सामना करना पड़ा स इसी क्रम में दूसरे मैदान नंबर दो पर राजकीय डिग्री कॉलेज, मालदेवता और राजकीय डिग्री कॉलेज उत्तरकाशी के बीच कड़ा मुकाबला हुआ जिसमें उत्तरकाशी की टीम 57 रनों से विजय रही स दूसरा मुकाबला ऋषिकेश कैंपस और भ्ज्ञ देहरादून के बीच रहा जिसमें ऋषिकेश कैंपस ने लक्ष्य का पीछा करते हुए आठ विकेट से विजय प्राप्त की स इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. सुशील उपाध्याय ने बताया कि विगत वर्षों में भी हमारे महाविद्यालय की टीम विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में



विजेता रही स इस सत्र की मेजबानी चमन लाल महाविद्यालय कर रहा है स श्री देव सुमन विश्वविद्यालय से संबंधित सभी राजकीय डिग्री कॉलेज इसमें प्रतिभाग कर रहे हैं जिसमें 18 टीम प्रतिभाग कर रही है स आज के कार्यक्रम के समापन सत्र में क्रीड़ा प्रभारी कार्यक्रम समन्वय विपुल सिंह ने विभिन्न कॉलेजों से आए हुए सभी खिलाड़ियों का धन्यवाद ज्ञापित किया स इस अवसर पर कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त शिक्षकगणों का विशेष सहयोग रहा।

# छात्रों को दिए शिक्षण के क्षेत्र में आगे बढ़ने के गुर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सैन्य जनो से संबंधित छात्र-छात्राओं के शिक्षण में प्रोत्साहन हेतु आर्मी इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन ग्रेटर नोएडा( जीजीएस आईपीयू नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त) द्वारा विशेष परामर्श सत्र का आयोजन किया गया इस सत्र में मुख्य वक्ता श्रीमती निधि गुलेरिया रही जो आर्मी इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन नोएडा के असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं। बच्चों को शिक्षक के क्षेत्र में आने के लिए आर्मी इंस्टीट्यूट आफ एजुकेशन ग्रेटर नोएडा में प्रवेश प्रक्रिया के बारे में बताया गया। साथ ही साथ छात्रों को संस्थान के वातावरण सुविधाओं जैसे छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास, खेलकूद, कंप्यूटर प्रयोगशाला, विज्ञान प्रयोगशाला, कला कक्ष, पुस्तकालय कक्षाएं, म्यूजिक रूम सेमिनार हॉल और वातानुकूलित कक्षाओं आदि के बारे में भी जानकारी दी गई। बी0एड0 और विशेष बी0 एड0 शिक्षा,के साथ लिबरल आर्ट और उसके मुख्य चार (विषयों इतिहास मनोविज्ञान समाजशास्त्र और राजनीति शास्त्र)और उनके लाभ के बारे में भी छात्रों को अवगत कराया गया। इस संस्थान में आर्मी नेवी और एयरफोर्स के सेवारत एवं सेवानिवृत्ति कर्मियों से संबंधित छात्रों के लिए प्रवेश सुविधा है।

इस विशेष सत्र का लाभ उठाने के लिए आर्मी पब्लिक



स्कूल नंबर वन के कक्षा 11 एवं कक्षा 12 के सभी विभागों के छात्र-छात्राएं हाजी पीर ऑडिटोरियम रुड़की में एकत्रित हुए एवं इस सत्र से लाभान्वित हुए। अंत में विद्यालय प्राचार्या सुश्री ऋतु डोगरा जी ने उन्हें भेंट देते हुए विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद दिया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

गुरुवार, 13 नवम्बर 2025

# धमाके का पाक कनेक्शन

दिल्ली के लाल किले के पास हुए भीषण धमाके की धमक पाकिस्तान तक पहुंच गई है। जांच में खुलासा हुआ कि यह एक आत्मघाती हमला था जिसे डा. उमर नबी ने अंजाम दिया। इस हमले के तार फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल, अल-फलाह यूनिवर्सिटी और जैश-ए-मोहम्मद से जुड़े हैं। इसकी साजिश पुलवामा और पाकिस्तान में रचे जाने की आशंका है। क्योंकि गिरफ्तार महिला प्रोफ़ेसर डा. शाहीन का पाकिस्तान कनेक्शन सामने आया है। डा. शाहीन भारत में जैश की महिला विंग की हेड है। जैश की महिला विंग का नाम जमात उल मोमिनात है, जिसे आतंकी मसूद अजहर की बहन सादिया अजहर हैंडल करती है। सादिया का पति कंधार हाईजैक का मास्टरमाइंड है। गिरफ्तार डा. शाहीन के पास भारत में लड़कियों को भर्ती करने की जिम्मेदारी थी। देश की खुफिया एजेंसी को जानकारी मिली है कि यह धमाका पहलगाम में पर्यटकों की हत्या किए जाने और उसके बाद भारत की ओर से ऑपरेशन सिंदूर चलाकर पाक में छुपे आतंकियों के अड्डे नेस्तनाबूद करने के विरोध में था। इस बात से साफ है कि पाकिस्तान एक ओर दुनिया को बता र हा है कि वह आतंकवादियों पर कार्रवाई कर रहा है, दूसरी ओर वह आतंकवादियों को पनाह दिए हुए हैं। विपक्ष ने भारत सरकार पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर हमला बोला था और कहा था कि ऑपरेशन सिंदूर रोकने की जरूरत क्या थी। वास्तव में अगर भारत सरकार ने विपक्ष की चिंता को गंभीरता से लिया होता, तो शायद यह धमाका नहीं होता। इसका अंदाजा तो उसी समय हो गया था, जब जम्मू कश्मीर पुलिस ने हरियाणा के फरीदाबाद में छापा मारकर विस्फोटक सामग्री बरामद की थी। इस भीषण धमाके में कई लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और कईयों की हालत गंभीर है। ये कोई आम धमाका नहीं था, ये धमाका दिल्ली को दहलाने के लिए किया गया, जांच आगे बढ़ी तो चौंकाने वाले पर्दाफ़ाश हुए। ये एक आत्मघाती हमला था। धमाके के लिए भारी मात्रा में विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया था। सीसीटीवी से निकलकर जो तस्वीर सामने आई है, उसके आधार पर अनुमान लगाया जा रहा है जिसने इस धमाके को अंजाम दिया है उसका नाम डॉक्टर उमर नबी है। शक है कि डॉक्टर उमर एक आत्मघाती हमलावर था। जांच में इस बात के भी संकेत मिले हैं कि धमाके में अमोनियम नाइट्रेट और डेटोनेटर का इस्तेमाल किया गया। फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल से तहत पिछले दिनों गिरफ्तार तीन लोग भी इसी अल-फलाह यूनिवर्सिटी से जुड़े रहे हैं। हालांकि भारत दुनिया के अलग-अलग मंचों से इस बात को उठाता रहा है कि पाक ही आतंकियों की पनाहगाह है, लेकिन अब केवल इससे काम चलने वाला नहीं है। जो वादा पीएम मोदी ने किया था कि ऑपरेशन सिंदूर अभी रुका नहीं है, उसी वादे को फिर से शुरू करने की जरूरत है। भारत पहले इस बात को यूएनओ में रखे और पाकिस्तान पर चौतरफा दबाब बनाकर आतंकियों के अड्डों को नष्ट करने की जरूरत है। क्योंकि यह पहली वारदात नहीं है। पिछले 10 साल से भारत में आतंकवादि गतिविधियां बढ़ी हैं। उन्हें देखते हुए भारत को अपनी विदेश नीति में पैनापन लाना होगा, जिससे पाकिस्तान को घेरा जा सके। देश में आतंकवादी हिंसा की बढ़ती घटनाओं के दृष्टिगत भारत में उभरती हुई एक सर्वसम्मति है कि आतंकवाद से निपटने के लिए एक सुदृढ़ विधायी ढांचा सृजित किया जाना चाहिए। यहां तक कि मानवाधिकारों और संवैधानिक मूल्यों को सुरक्षित रखते हुए भी आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में सुरक्षा बलों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

## मुझे विभाजन नहीं, आशा दिखती है



उनकी सोच का 2047 का ऐसा भारत होना चाहिए जहां न हिंसा हो, न नफरत हो और न लोगों में किसी तरह का भय और गुस्सा हो, देश के जेन-जी की बातें और उनके विचारों की गहराई देखकर उन्हें इन बच्चों से बहुत उम्मीद है, हमें ऐसा भारत बनाना चाहिए जहां भाईचारा हो, हर आदमी खुद को सुरक्षित महसूस करे और उसे विश्वास रहे कि वह कहीं भी असुरक्षित नहीं है, सबसे बड़ी बात आजादी की है, युवाओं को महसूस हो कि उनकी कल्पना के अनुसार काम करने की इजाजत मिले, जब मैं युवा भारत से बात करता हूं, तो मुझे विभाजन नहीं, आशा दिखती है।

-राहुल गांधी
नेता विपक्ष, लोकसभा

# कहां तक बहेगी ज्ञान की अविरल धारा





निर्मल रानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गत 9 नवंबर 2025 को उत्तराखंड की राजधानी देहरादून स्थित फॉरेस्ट रिसर्च इंस्टीट्यूट में 25वें राज्य स्थापना दिवस के मुख्य समारोह को सम्बोधित किया। गौर तलब है कि उत्तराखंड का गठन 9 नवंबर 2000 को उत्तर प्रदेश से अलग होकर हुआ था। इस समारोह में पीएम मोदी ने भारतीय ज्ञान परंपरा को राज्य की आध्यात्मिक धरोहर से जोड़कर युवाओं को प्रेरित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के मकसद से इस आयोजन में भाग लेने हेतु प्रदेश के अनेक शिक्षण संस्थानों के छात्रों को लाने की व्यवस्था की गई थी। प्रधानमंत्री ने यहां अपने संबोधन में युवाओं से आह्वान किया कि वे प्राचीन ज्ञान को आधुनिक विज्ञान से जोड़ें। निश्चित रूप से योग व आयुर्वेद जैसी प्राचीन भारतीय ज्ञान सम्बन्धी कई बातें ऐसी हैं जिन पर देश को गर्व है परन्तु वास्तविक प्राचीन भारतीय ज्ञान की आड़ में पौराणिक कथाओं से प्राप्त ज्ञान को आज के वैज्ञानिक युग में ज्ञान बताते हुए छात्रों को भ्रमित करना, यह कहां तक उचित है? प्रधानमंत्री सहित देश के कई जिम्मेदार लोगों द्वारा समय समय पर देश के भविष्य के कर्णधार छात्रों व युवाओं को सम्बोधित करते हुए ऐसी अनेक बातें की जा चुकी हैं जिनका न केवल मजाक उड़ाया गया बल्कि एक बड़े वैज्ञानिक व शिक्षित वर्ग द्वारा इसका खंडन भी किया गया।

याद कीजिए अक्टूबर 2014 में जब रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम के संदर्भ में मुंबई के एक अस्पताल में चिकित्सकों और पेशेवरों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भगवान गणेश के सिर पर हाथी का सिर लगाना प्राचीन भारत में प्लास्टिक सर्जरी का प्रमाण है। हमारे देश ने चिकित्सा विज्ञान में जो हासिल किया था, उस पर गर्व महसूस कर सकते हैं। हम गणेश जी को पूजते हैं, जिनके सिर पर हाथी का सिर लगाया गया था। यह प्लास्टिक सर्जरी की शुरुआत थी। मोदी के इस बयान की न केवल विपक्षी दलों द्वारा बल्कि वैज्ञानिकों द्वारा भी तीखी आलोचना की गई थी। इस आलोचना का कारण यह था कि मोदी का कथन पूर्णतः अवैज्ञानिक व तर्कहीन था, क्योंकि गणेश हिंदू पौराणिक कथा के चरित्र हैं यह कोई ऐतिहासिक व्यक्ति नहीं। जबकि प्लास्टिक सर्जरी का आधुनिक विकास 19वीं सदी में जोसेफ कार्प्यू जैसे ब्रिटिश डॉक्टरों द्वारा किया गया था, परन्तु हाथी के सिर का मानव शरीर पर प्रत्यारोपण जैसा कोई पुरातात्विक या चिकित्सकीय प्रमाण कतई नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी का यह प्रयास मिथक को इतिहास बनाने का प्रयास है, जोकि सरासर विज्ञान-विरोधी है।

इसी तरह मोदी ने ऐसी ही ज्ञान गंगा बहाने वाली एक पुस्तक की प्रशंसा करते हुए पुस्तक प्रस्तावना में लिखा कि प्राचीन भारत में टेस्ट-ट्यूब बेबी, स्टेम सेल तकनीक, हवाई जहाज और न्यूक्लियर तकनीक आदि मौजूद थी जोकि प्राचीन ज्ञान का प्रमाण थी। इन बातों को भी दुनिया के एक बड़े शिक्षित व वैज्ञानिक वर्ग ने खारिज किया, क्योंकि यह भी अवैज्ञानिक व तर्कहीन दावे थे और यह सभी दावे वेदों और महाभारत की कथाओं व उनकी व्याख्या पर आधारित हैं। इन दावों का भी कोई भौतिक साक्ष्य जैसे अवशेष या यंत्र आदि उपलब्ध नहीं है। सच्चाई यह है कि आधुनिक IVF 1978 में विकसित हुआ, जबकि हवाई जहाज का आविष्कार 1903 में हुआ। प्रधानमंत्री इस तरह की अनेक बातें कर चुके हैं जोकि पूरी तरह से अवैज्ञानिक व तर्कहीन है तथा इतिहास में उनके कोई प्रमाण भी नहीं मिलते।

इसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना द्वारा बालाकोट एयर स्ट्राइक के संदर्भ में दिए गए अपने एक साक्षात्कार में यह दावा करते हैं कि उन्होंने सलाह दी कि खराब मौसम और बादलों का फायदा उठाते हुए भारतीय विमानों को पाकिस्तानी रडार से बचाया जा सकता है, क्योंकि बादल हैं तो रडार से बच सकते हैं। बालाकोट हमले की रणनीति पर चर्चा के दौरान आए मोदी के इस ज्ञान का भी काफी मजाक उड़ाया गया था और विशेषज्ञों ने इसे तकनीकी रूप से गलत बताया, क्योंकि सामान्यतः रडार बादलों से प्रभावित नहीं होते। इसी तरह वे बायोगैस के महत्व को समझाने के लिए किसी चाय वाले की कहानी गढ़कर बताने लगते हैं कि एक छोटे शहर में नाले के पास चाय बेचने वाले व्यक्ति ने नाले से निकलने वाली मीथेन गैस का उपयोग चाय बनाने के लिए किस तरह किया। तो कभी किसी किसान की कहानी सुना डालते हैं जिसने रसोई के कचरे और गोबर से बायोगैस बनाकर पंप इंजन चलाया।

दरअसल जब से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है तभी से प्रधानमंत्री सहित ऊंचे ओहदे पर बैठे अनेक लोग इस तरह की अवैज्ञानिक व तर्कहीन बातें कर हमारे देश के छात्रों का भविष्य चौपट करने पर तुले हुए हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि यह लोग हिंदूवादी विचार के अशिक्षित लोगों को खुश करने के फेर में यह भूल जाते हैं कि यह उस अगली पीढ़ी का भविष्य अंधकारमय बना रहे हैं जो भविष्य में देश की बागडोर संभालने वाली है। कभी केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के पीएम नवोदय विद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर छात्रों के साथ संवाद के दौरान यह ज्ञान साझा करते सुनाई देते हैं कि हनुमान जी पहले अंतरिक्ष यात्री थे। जबकि ऐतिहासिक रूप से पहले अंतरिक्ष यात्री सोवियत संघ के यूरी गागरिन थे। ठाकुर के इस दावे को भी मिथक और अवैज्ञानिक व तर्कहीन बताते हुए खूब आलोचना की गई थी। इसी तरह राजस्थान हाईकोर्ट के जज न्यायमूर्ति महेश चंद्र शर्मा ने अपने रिटायरमेंट के अंतिम दिन मई 2017 को मीडिया से बातचीत में अपनी श्ज्ञानगंगाश बहाई। उन्होंने कहा कि ष्मोर आजीवन ब्रह्मचारी रहता है। इसके जो आंसू आते हैं, मोरनी उसे चुगकर गर्भवती होती है।ष उसी समय पक्षी विशेषज्ञों ने इसे गलत व कोरा झूठ बताया था। क्योंकि मोर और मोरनी भी अन्य पक्षियों की ही तरह सामान्य संभोग से ही प्रजनन करते हैं।


सवाल यह है कि आज सूचना व संचार के आधुनिक युग में खासकर ए आई के दौर में ऐसी निरर्थक तर्कहीन व अवैज्ञानिक बातें कर यह महाज्ञानी लोग देश के युवाओं के भविष्य को कब तक अंधकारमय बनाते रहेंगे और कहां तक बहेगी ऐसे ज्ञान की अविरल धारा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीनी की जगह मीठी गोलियों का प्रयोग क्यों!

**जुबान पर मिठास छोड़ने के बाद इसके अणु आंतों में सोखे नहीं जाते। साफ है कि चीनी के अणुओं के मुक. ाबले इन्हें कैलोरी मुक्त क्यों माना जाता है। साइंस की नेचर पत्रिका में छपी रिपोर्ट के मुताबिक रिसर्चरों का कहना है कि जब उन्होंने प्रयोगशाला में चूहे पर और कुछ इंसानों पर जांच की, तो इसके नुकसान पाए। उनके मुताबिक एनएएस आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया की क्रियाशीलता को प्रभावित करती है। रिसर्च पेपर में लिखा है कि हमारी रिपोर्ट में साफ जाहिर है कि एनएएस उसी बीमारी को बढ़ावा देती है, जिससे लड़ना उसका मकसद था। वैज्ञानिकों ने बताया कि कृत्रिम मिठास यानि एनएएस तीन तरह की होती हैं- एसपारटेम, सूक्रालोज और सैकरीन।**

चीनी की जगह इस्तेमाल की जाने वाली मीठी गोलियों का प्रचार कंपनियां बेहतर स्वास्थ्य का वास्ता देकर करती हैं, लेकिन रिसर्चरों का दावा है कि यही मिठास आपको डायबिटीज दे सकती है। इन गोलियों को नॉन कैलोरिक आर्टिफीशियल स्वीटनर एनएएस भी कहते हैं। इनका इस्तेमाल उन पेय पदार्थों में भी किया जाता है जो डायट सोडा के नाम पर बाजार में उपलब्ध हैं। यहां तक खानपान की कई मीठी चीजें भी बाजार में शुगर रहित कहकर बेची जा रही हैं। इनमें भी मिठास इन्हीं एनएएस स्वीटनर से डाली जाती है। वजन के लिए चिंतित लोग इन दिनों बड़े स्तर पर इन गोलियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। जुबान पर मिठास छोड़ने के बाद इसके अणु आंतों में सोखे नहीं जाते। साफ है कि चीनी के अणुओं के मुकाबले इन्हें कैलोरी मुक्त क्यों माना जाता है। साइंस की नेचर पत्रिका में छपी रिपोर्ट के मुताबिक रिसर्चरों का कहना है कि जब उन्होंने प्रयोगशाला में चूहे पर और कुछ इंसानों पर जांच की, तो इसके नुकसान पाए। उनके मुताबिक एनएएस आंतों में रहने वाले बैक्टीरिया की क्रियाशीलता को प्रभावित करती है। रिसर्च पेपर में लिखा है कि हमारी रिपोर्ट में साफ जाहिर है कि एनएएस उसी बीमारी को बढ़ावा देती है, जिससे लड़ना उसका मकसद था। वैज्ञानिकों ने बताया कि कृत्रिम मिठास यानि एनएएस तीन तरह की होती हैं- एसपारटेम, सूक्रालोज और सैकरीन। प्रयोगशाला में जब चूहों को एनएएस दी गई, तो उनके शरीर में ग्लूकोस के लिए इंटॉलरेंस पाई गई, जबकि जिन चूहों को सामान्य पानी या पानी में चीनी घोलकर पिलाया गया, तो उन पर कोई फर्क नहीं पड़ा। अब इन दोनों ही तरह के चूहों के मल को उन रोडेंट्स को खिलाया गया, जिनकी खुद की आंतों में गट बैक्टीरिया नहीं होते। उन्होंने पाया कि कृत्रिम मिठास की गोलियां खाने वाले चूहों के मल को लेने वाले जीवों में ब्लड ग्लूकोस का स्तर तेजी से बढ़ गया। इसी टेस्ट को रिसर्चरों ने मनुष्य पर भी आजमाया। उन्होंने सात ऐसे लोगों को, जो कृत्रिम मिठास का सेवन नहीं करते, सात दिनों तक एनएएस का इस्तेमाल कराया। उन्होंने पाया कि चार से सात दिन के अंदर उनके ब्लड शुगर के स्तर में वृद्धि हो गई और आंतों के बैक्टीरिया भी प्रभावित हुए। आज भारत में 4.5 करोड़ व्यक्ति डायबिटीज (मधुमेह) का शिकार हैं। इसका मुख्य कारण है असंयमित खानपान, मानसिक तनाव, मोटापा, व्यायाम की कमी। इसी कारण यह रोग हमारे देश में बड़ी तेजी से बढ़ रहा है। डायबिटीज चयापचय से संबंधित बीमारी है। इसमें कार्बोहाइड्रेट और ग्लूकोज का ऑक्सीकरण पूर्ण रूप से नहीं हो पाता है। इसका मुख्य कारण है इंसुलिन की कमी। इंसुलिन नामक हार्मोन पेनक्रियाज की आइसलैट ऑफ लैंगरहैंस द्वारा निकलता है, जो ग्लूकोज का चयापचय करता है। रक्त में ग्लूकोज की मात्रा सामान्य से ज्यादा तथा सामान्य से कम होना दोनों ही स्थितियां घातक सिद्ध होती हैं। इस रोग को प्रारंभिक अवस्था में आहार व्यायाम तथा दवाइयों द्वारा काबू में किया जा सकता है। डायबिटीज में आहार की भूमिका ऐसे रोगियों के आहार की मात्रा कैलोरी पर निर्धारित रहती है, जो कि प्रत्येक रोगी की उम्र, वजन, लिंग, ऊंचाई, दिनचर्या व्यवसाय आदि पर निश्चित की जाती है। इसके आधार पर प्रत्येक व्यक्ति की अलग-अलग आहार तालिका बनती है। हम यहां पर एक सामान्य डायबिटीज के रोगी की आहार तालिका दे रहे हैं। इसमें भोजन में समय एवं मात्रा पर विशेष ध्यान रखना अतिआवश्यक है। तभी आप इन सब चीजों को जानकर स्वस्थ रह सकते हैं और अपने परिवार को भी स्वस्थ रख सकते हैं।



-स्रोत फीचर्स

# कार्बन डाई ऑक्साइड का उत्सर्जन भयावह

हालिया जलवायु सम्मेलनों में नेट-जीरो उत्सर्जन काफी चर्चा में रहा। इसमें नेट शब्द का अर्थ है कि हम सिर्फ उत्सर्जन कम करने पर नहीं बल्कि कार्बन डाईऑक्साइड को वातावरण में हटाने पर भी ध्यान दें। एक विचार यह है कि सिर्फ उत्सर्जन कम करके हम 1.5 या 2 डिग्री वृद्धि का लक्ष्य नहीं पा सकेंगे। फिलहाल उड्डयन और नौपरिवहन ग्रीन हाउस गैसों के सबसे बड़े स्रोत हैं और आगे भी बने रहने की संभावना है। ऐसे में बड़े पैमाने पर कार्बन उत्सर्जन को पूरी तरह समाप्त नहीं किया जा सकता है। इसलिए कार्बन डाईऑक्साइड रिमूवल (सीडीआर) की भी आवश्यकता है। सीडीआर का ऐतिहासिक तरीका पेड़ लगाना रहा है, लेकिन वातावरण से कार्बन डाईऑक्साइड हटाकर भूमि, समुद्र या अन्य स्थानों पर संग्रहित कर देना शायद अधिक टिकाऊ साबित हो।

वर्तमान में कई कंपनियां विभिन्न सीडीआर तकनीकों को जलवायु समाधान के रूप में प्रस्तुत कर रही हैं। इस विषय में प्राकृतिक कार्बन चक्र और हाल ही में सीडीआर तकनीकों पर काम कर रहे डेविड टी. हो लंबी अवधि के लिए सीडीआर तकनीकों को विकसित करने के पक्ष में तो हैं लेकिन थोड़े संशय में हैं। गौरतलब है कि पूर्व में डायरेक्ट एयर कैप्चर (डीएसी) तकनीक का छोटे स्तर पर प्रदर्शन किया गया था जो रासायनिक तरीकों से कार्बन डाईऑक्साइड को वातावरण से बाहर करती है। इसके लिए 2022 में यू0एस0 बायपार्टीजन इंफ्रास्ट्रक्चर कानून ने चार डीएसी विकसित करने के लिए 3.5 अरब डॉलर का अनुदान देने का भी निर्णय लिया था, लेकिन डेविड के अनुसार यह प्रयास तब तक व्यर्थ है जब तक प्रदूषणकारी गतिविधियों को पूरी तरह से खत्म न कर दिया जाए।



इसको इस तरह से समझें। हमें कार्बन डाईऑक्साइड के स्तर को कई वर्ष पहले की स्थिति में ले जाना है। प्रत्येक डीएसी सुविधा से प्रतिवर्ष 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड वातावरण से बाहर करने की उम्मीद है। अब देखिए कि 2022 में 40.5 अरब टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ है। यदि डीएसी संयंत्र वर्ष भर अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करते हैं तो इससे वातावरण की स्थिति को मात्र 13 मिनट पीछे ले जाया जा सकता है, लेकिन 13 मिनट में जितनी कार्बन डाईऑक्साइड हटाई जाएगी उतने ही समय में बाकी गतिविधियां साल भर की कार्बन डाईऑक्साइड वापस वातावरण में उंडेल देंगी। अब यह देखिए कि यदि हर व्यक्ति एक पेड़ लगाए इन 8 अरब पेड़ों के परिपक्व होने के बाद हमारा वातावरण हर वर्ष 43 घंटे पीछे जा सकता है। कुल मिलाकर इससे यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि सीडीआर तकनीकों की क्षमता कितनी सीमित है। ऐसे में सीडीआर तकनीकों को तत्काल समाधान के रूप में देखना उचित नहीं है। आने वाले समय में जलवायु समाधानों के लिए काफी धन आवंटित होने की उम्मीद है जिसका सही दिशा में उपयोग करना आवशयक है। यदि हम कार्बन डाईऑक्साइड उत्सर्जन के मौजूदा स्तर को लगभग 10 प्रतिशत यानी 4 अरब टन प्रति वर्ष तक कम करते हैं तो 10 लाख टन हटाने में सक्षम एक डीएसी संयंत्र हमें 13 मिनट के बजाय 2 घंटे से अधिक समय पीछे ले जाएगी। इस स्थिति को देखते हुए एक निर्धारित वर्ष में नेट जीरो हासिल करने के लिए पूरी तरह से अक्षय ऊर्जा द्वारा संचालित 4000 डीएसी सुविधाओं की आवश्यकता होगी। इस तरह से अवशिष्ट उत्सर्जन संभवतः हमारे वर्तमान कुल उत्सर्जन का 18 प्रतिशत होगा, इसलिए नेट-जीरो तक पहुंचने के लिए कई सीडीआर स्थापित करने होंगे। तकरीबन 7290 डीएसी हब बनाना पर्याप्त होगा। साथ ही, सीडीआर विधियों की खोज के लिए अधिक शोध की आवश्यकता है जो भूमि उपयोग और ऊर्जा खपत को कम करें तथा जिन्हें स्थाई और सस्ता बनाया जा सके। यह जरूरी नहीं कि प्रयोगशाला में सुचारू रूप से काम करने वाली तकनीकें वास्तविक दुनिया में भी वैसे ही काम करेंगी। इनमें से कुछ तकनीकें जैव विविधता और पर्यावरण के लिए हानिकारक भी हो सकती हैं। यह सुनिश्चित करना एक बड़ी चुनौती है कि सीडीआर वास्तव में कितना काम कर रहा है। -साभार एसएफ

गौरतलब है कि पूर्व में डायरेक्ट एयर कैप्चर (डीएसी) तकनीक का छोटे स्तर पर प्रदर्शन किया गया था जो रासायनिक तरीकों से कार्बन डाईऑक्साइड को वातावरण से बाहर करती है। इसके लिए 2022 में यू0एस0 बायपार्टीजन इंफ्रास्ट्रक्चर कानून ने चार डीएसी विकसित करने के लिए 3.5 अरब डॉलर का अनुदान देने का भी निर्णय लिया था, लेकिन डेविड के अनुसार यह प्रयास तब तक व्यर्थ है जब तक प्रदूषणकारी गतिविधियों को पूरी तरह से खत्म न कर दिया जाए। इसको इस तरह से समझें। हमें कार्बन डाईऑक्साइड के स्तर को कई वर्ष पहले की स्थिति में ले जाना है। प्रत्येक डीएसी सुविधा से प्रतिवर्ष 10 लाख टन कार्बन डाईऑक्साइड वातावरण से बाहर करने की उम्मीद है। अब देखिए कि 2022 में 40.5 अरब टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ है। यदि डीएसी संयंत्र वर्ष भर अपनी पूरी क्षमता के साथ काम करते हैं तो इससे वातावरण की स्थिति को मात्र 13 मिनट पीछे ले जाया जा सकता है, लेकिन 13 मिनट में जितनी कार्बन डाईऑक्साइड हटाई जाएगी उतने ही समय में बाकी गतिविधियां साल भर की कार्बन डाईऑक्साइड वापस वातावरण में उंडेल देंगी।

## संक्षिप्त समाचार

### फिलीपींस में तूफानों में मरने वालों की संख्या बढ़कर 259 हुई

**मनीला।** फिलीपींस में हाल ही में आए दो शक्तिशाली तूफानों से मरने वालों की संख्या बढ़कर 259 हो गई है और लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन परिषद (एनडीआरआरएमसी) ने बुधवार को कहा कि रविवार को आए शक्तिशाली तूफान फंग-वोंग ने कम से कम 27 लोगों की जान ले ली, जबकि दो अन्य अभी भी लापता हैं। यह तूफान उत्तर-मध्य लूजोन क्षेत्र को पार करते समय काफी कमजोर पड़ गया था।

### चीन का 758 मीटर लंबा नया होंगची ब्रिज ढहा

**बीजिंग।** चीन के सिंचुआन प्रांत में हाल ही में शुरू हुआ होंगची ब्रिज आंशिक रूप से ढह गया। हादसे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह पुल राष्ट्रीय राजमार्ग पर बनाया गया था और इसकी लंबाई करीब 758 मीटर है। सोमवार दोपहर पुल के आसपास की पहाड़ी ढलानों और सड़कों पर दरारें दिखाई दीं। पहाड़ की जमीन खिसकने लगी तो प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से पुल को तत्काल बंद कर दिया। मंगलवार दोपहर हालात और बिगड़ गए। पहाड़ी से भारी मात्रा में मिट्टी खिसकने के बाद पुल का एक हिस्सा टूटकर ढह गया।

### भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व श्रीलंकाई मंत्री गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व पर्यटन और नागरिक उड्डयन मंत्री प्रसन्ना रणतुंगा को रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच के लिए गठित आयोग के अधिकारियों ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। आयोग ने एक बयान में कहा कि रणतुंगा को 2021 में उनके कार्यकाल के दौरान कथित भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आयोग के अनुसार यह मामला मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले चार संस्थानों के लिए एक नई बीमा योजना की खरीद से जुड़ा है।

### यूनान के पूर्वोत्तर द्वीपों बारिश व ओलावृष्टि से भारी क्षति

**एथेंस।** यूनान के उत्तर-पूर्वी एजियन द्वीपों में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश और ओलावृष्टि होने से बाढ़ आई गई है और इसके कारण घरों, व्यवसायों और फसलों को काफी नुकसान हुआ है। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। लेसवोस द्वीप पर कल्लोनी शहर सबसे जयादा प्रभावित हुआ है। त्सिकनियास नदी के उफान पर आने से यहां की सड़कें, घर और कई दुकानें जलमग्न हो गईं। कुछ इलाकों में बाढ़ का पानी 1-3 मीटर तक पहुंच गया, जबकि आपातकालीन दल इमारतों से पानी निकालने के लिए घंटों काम करते रहे।

# मुंबई जैसा शहर बन जाएगा न्यूयॉर्क: बैरी

## स्टर्नलिक्ट अमेरिकी अरबपति ने ममदानी की जीत पर जताई चिंता

**वाशिंगटन।** न्यूयार्क सिटी के मशहूर रियल एस्टेट अरबपति बैरी स्टर्नलिक्ट ने आशंका जताई है कि ममदानी की लीडरशिप में शहर हालात बदतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि न्यूयार्क भी मुंबई के जैसा बन सकता है। दरअसल ममदानी ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान कई बड़े वादे किए थे।

इनमें घरों के किराए को फ्रीज करना यानी बढ़ने से रोकना, शहर में मुफ्त बस सर्विस शुरू करना और छोटे बच्चों के लिए मुफ्त चाइल्डकेयर देना शामिल है। इसे लेकर स्टर्नलिक्ट का मानना है कि किराया फ्रीज करने और किरायेदारों को ज्यादा छूट देने से मकान मालिकों की हालत खराब हो जाएगी। उन्होंने कहा: अगर एक किरायेदार किराया नहीं देता और उसे निकाला नहीं जा सकता, तो बाकी लोग भी नहीं देंगे। धीरे-धीरे पूरा सिस्टम टूट जाएगा और न्यूयार्क, मुंबई जैसा बन जाएगा। स्टारवुड कैपिटल ग्रुप के सीईओ स्टर्नलिक्ट ने कहा कि न्यूयॉर्क में पहले से ही रियल एस्टेट की लागत बहुत ज्यादा है और इसका एक बड़ा कारण मजदूर यूनियनें हैं। इन यूनियनों की वजह से किसी भी प्रोजेक्ट



■ कहा: उनके फैसले से शहर बदतर हो जाएगा

की लागत बढ़ जाती है और आम लोगों के लिए घर बनाना या खरीदना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने कहा कि न्यूयार्क में हर प्रोजेक्ट यूनियन के साथ करना पड़ता है, जिससे लागत बहुत बढ़ जाती है। यही वजह है कि यहां घर इतने महंगे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि ममदानी सही मुद्दों की बात तो कर रहे हैं, जैसे कि शहर में ज्यादा घर बनाना जरूरी है, लेकिन इसे करना आसान नहीं होगा। उनके मुताबिक, अगर सरकार जरूरी मदद नहीं देगी और यूनियनें अपने नियमों में ढील नहीं देंगी, तो नए घर बनाना आर्थिक रूप से असंभव होगा। स्टर्नलिक्ट ने सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने याद दिलाया कि ममदानी पहले पुलिस विभाग के बजट में कटौती की बात कर चुके हैं। अगर लोगों को लगेगा कि उनके बच्चे सड़क पर सुरक्षित नहीं हैं, तो वे शहर छोड़ देंगे। अगर पुलिस को सम्मान और समर्थन नहीं मिला तो हालात बिगड़ जाएंगे। उन्होंने बताया कि उनकी कंपनी पहले ही मिडटाउन मैनहटन से अपना दफ्तर शिफ्ट करने पर विचार कर रही है। आखिर में स्टर्नलिक्ट ने कहा कि उम्मीद है ममदानी इतिहास से सीखेंगे, क्योंकि समा. जवाद अब तक दुनिया में कहीं भी सफल नहीं हुआ है। जोहरान ममदानी ने 4 नवम्बर को न्यूयार्क मेयर चुनाव में पूर्व गवर्नर एंड्रयू क्यूमो को हराया। ममदानी पिछले 100 सालों में न्यूयार्क के सबसे युवा, पहले भारतवंशी और पहले मुस्लिम मेयर होंगे। उनका शपथ ग्रहण 1 जनवरी को होगा। ममदानी खुद को 'डेमोक्रेटिक सोशलिस्ट' कहते हैं, यानी वे कार्पोरेट्स के बजाय आम लोगों की नीतियों के पक्षधर हैं।



**नई दिल्ली। आईएसबीटी के पास वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) खराब श्रेणी में रहने के कारण राजधानी की सड़कों पर धुंध की मोटी परत छाई।**

## गाजा सिटी में शेख रादवान क्लीनिक के इलाके से 20 शव बरामद

**गाजा।** गाजा के नागरिक सुरक्षा विभाग ने कहा है कि उसकी टीमों ने गाजा सिटी स्थित शेख रादवान क्लिनिक के पास 20 शव बरामद किए हैं। विभाग ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि ये शव क्लीनिक की परिधि में बेतरतीब ढंग से दबे हुए पाए गए थे और इनमें से जयादातर अज्ञात हैं। बयान में कहा गया है कि इलाके में लापता बताए गए अन्य लोगों की तलाश जारी है। गाजा के स्वास्थ्य अधिक. ारियों ने मंगलवार को अपनी दैनिक रिपोर्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में एन्क्लेव के अस्पतालों में तीन शव और कई घायल लोग आए हैं। अधिकारियों के अनुसार, 10 अक्टूबर को संघर्ष विराम लागू होने के बाद से 245 लोग मारे गए हैं और 623 अन्य घायल हुए हैं। बचाव दल ने एन्क्लेव के विभिन्न हिस्सों से 529 शव बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सात अक्टूबर 2023 से गाजा युद्ध में मरने वालों की कुल संख्या बढ़कर 69182 हो गई है और 170694 अन्य घायल हुए हैं।

# एच-1बी वीजा पर नरम पड़े ट्रम्प के तेवर

## कहा: अमेरिका को चाहिए टैलेंट, सिर्फ बेरोजगारों पर निर्भर नहीं रह सकते

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने अब तक के सख्त रुख से पीछे हटते हुए कहा है कि देश को विदेशी कुशल लोगों की जरूरत है। उन्होंने माना कि अमेरिका केवल लंबे समय से बेरोजगार बैठे लोगों पर निर्भर रहकर अपनी इंडस्ट्री और टेक्नोलाजी को आगे नहीं बढ़ा सकता। कि देश में कई अहम नौकरियों के लिए पर्याप्त टैलेंटेड लोग नहीं हैं, इसलिए विदेशी स्किल्ड वर्कर्स की जरूरत पड़ती है।

ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका को अपने उद्योगों और रक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले लोगों की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मैं सहमत हूं कि हमें अमेरिकी मजदूरों की तनख्वाह बढ़ानी चाहिए, लेकिन हमें यह टैलेंट भी लाना होगा। अमेरिका को दुनिया में आगे बनाए रखने के लिए ये जरूरी है। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने सितम्बर महीने में एक आदेश पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके बाद एच-1बी वीजा आवेदन की फीस में बड़ा इजाफा किया गया। अब नए वीजा के लिए 1500 डालर की जगह 1 लाख अमेरिकी डालर (लगभग 83 लाख रुपये) फीस देनी होगी। यह नियम 21 सितम्बर के बाद दाखिल किए गए सभी नए आवेदन या 2026 की वीजा लाटरी में शामिल होने वालों पर लागू होगा। हालांकि, जो लोग पहले से वीजा पर हैं या जिनके आवेदन पहले दिए गए हैं, वे इस नए नियम से प्रभावित नहीं होंगे। जब




■ नई वीजा नीति में लाया गया बड़ा बदलाव
■ अमेरिका को अपने उद्योगों और रक्षा क्षेत्र में विशेषज्ञता वाले लोगों की जरूरत है: ट्रम्प
■ मैं सहमत हूं कि हमें अमेरिकी मजदूरों की तनख्वाह बढ़ानी चाहिए

इंटरव्यू में उनसे पूछा गया कि अमेरिका में पहले से काफी प्रतिभाशाली लोग हैं, तो ट्रम्प ने कहा कि नहीं, ऐसा नहीं है। कुछ खास स्किल्स ऐसी हैं जो हमारे पास नहीं हैं। आप बेरोजगारों को सीधा नहीं कह सकते कि चलो, अब मिसाइल बनाना सीखो। उन्हें ट्रेनिंग और अनुभव चाहिए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने जार्जिया राज्य का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां एक ह्युंडई बैटरी फैक्ट्री में जब दक्षिण कोरिया से आए कुशल मजदूरों को वापस भेजा गया, तो उत्पादन में भारी दिक्कतें आईं। उन्होंने कहा कि बैटरियां बनाना बहुत जटिल और खतरनाक काम है। कई विस्फोट की घटनाएं होती हैं। कोरिया से आए लोग इस काम में माहिर थे और वहीं से अमेरिकी कर्मचारियों को सिखा रहे थे। जब उन्हें भेज दिया गया, तो पूरी व्यवस्था ठप हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान उनके पुराने रुख से बिल्कुल अलग माना जा रहा है।

पहले ट्रम्प विदेशी कामगारों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते रहे हैं और कहते थे कि इससे अमेरिकी नौकरियां छिनती हैं। लेकिन अब उन्होंने खुद कहा है कि श्देश में ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित करने में कई साल लगेंगे। तब तक हमें विशेषज्ञों को लाना ही होगा। अमेरिका में पढ़ाई के लिए जाने वाले भारतीय छात्रों की संख्या में 70 प्रतिशत की गिरावट आई है। ट्रम्प प्रशासन की अंतर्राष्ट्रीय छात्रों से जुड़ी नीतियों की वजह से वीजा स्लॉट्स में रुकावट और वीजा रिजेक्शन में अचानक बढ़ोतरी से यह स्थिति बनी है। दिक्कतों के चलते कई छात्र अब दूसरे देशों में पढ़ाई के विकल्प तलाश रहे हैं। विदेश छात्रों को लेकर अपने रुख में यू-टर्न लिया है। ट्रम्प ने कहा है कि विदेशी छात्रों को अमेरिका में पढ़ाई की अनुमति मिलती रहनी चाहिए, क्योंकि वे न सिर्फ देश की शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाते हैं बल्कि विश्वविद्यालयों की आर्थिक स्थिति को भी संभालते हैं।

## भारत, अमेरिका और जापान के साथ मालाबार 2025 में ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हुआ

**नई दिल्ली।** भारत, जापान और अमेरिका के साथ मालाबार अभ्यास में ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हो गया है। यह एक प्रमुख समुद्री अभियान है जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ते रणनीतिक सहयोग को दर्शाता है। यह अभ्यास क्षेत्रीय साझेदारों के बीच अंतर-संचालन क्षमता को बढ़ाने और समुद्री क्षेत्र में सामूहिक सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। अधिकारिक सूत्रो ने कहा कि मालाबार अभ्यास ऑस्ट्रेलिया और हमारे सहयोगी देशों को साझा चुनौतियों का समाधान कर, सामूहिक क्षमताओं को समन्वित करके और वैश्विक जुड़ाव में कमियों को दूर हिंद-प्रशांत सुरक्षा को मज़बूत करने में सक्षम बनाता है। संयुक्त अभियानों के प्रमुख, वाइस एडमिरल जस्टिन जोन्स एओ, सीएससी, आरएएन ने कहा कि क्षेत्रीय सुरक्षा चुनौतियां तेज़ी से विकसित हो रही हैं इसलिए साझेदारियां और संयुक्त अभ्यास पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हैं।

# भूटान के चतुर्थ नरेश वांगचुक से मिले मोदी

**थिम्पू (भूटान)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां थिम्पू में भूटान के चतुर्थ नरेश जिग्मे सिंग्ए वांगचुक से मुलाक. ात की और उन्हें 70 वीं जयंती के अवसर पर बधाई दी। दो दिन की यात्रा पर मंगलवार को यहां पहुंचे मोदी ने नरेश वांगचुक को बधाई देते हुए सरकार और लोगों की ओर से नरेश के निरंतर अच्छे स्वास्थ्य एवं कुशलता की कामना की। प्रधानमंत्री ने भारत-भूटान मैत्री को और सुदृढ़ बनाने में उनके नेतृत्व, परामर्श और मार्गदर्शन के लिए उनका धन्यवाद किया। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों और आपसी हितों के मुद्दों पर चर्चा की।

उन्होंने दोनों देशों के लोगों को करीब लाने वाले साझा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संबंधों के महत्व पर बल दिया। मुलाकात के बाद मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि महामहिम चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो के साथ एक अद्भुत बैठक हुई। भारत-भूटान संबंधों को और मजबूत करने की दिशा में वर्षों से उनके व्यापक प्रयासों की सराहना की। ऊर्जा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और संपर्क में सहयोग पर चर्चा की। गेलेफू माइंडफुलनेस सिटी परियोजना में प्रगति की सराहना

■ कालचक्र अनुष्ठान का उद्घाटन किया

की, जो हमारी एक्ट ईस्ट नीति के अनुरूप है। मोदी थिम्पू में चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव के एक भाग के रूप में चांगलिमथांग स्टेडियम में कालचक्र दीक्षा समारोह में भूटान नरेश, भूटान के चतुर्थ नरेश और भूटान के प्रधानमंत्री के साथ शामिल हुए और इस का उद्घाटन किया। प्रार्थना की अध्यक्षता भूटान के मुख्य मठाधीश परम पावन जे खेंपो ने की। बाद में मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भूटान के राजा महाम. हिम जिग्मे खेसर नामग्याल वांग. चुक और महामहिम चतुर्थ ड्रुक ग्यालपो के साथ कालचक्र 'समय का पहिया' अभिषेक का उद्घाटन करने का सम्मान प्राप्त हुआ। इसकी अध्यक्षता परम पावन जे खेंपो ने की, जिसने इसे और भी विशेष बना दिया। यह दुनिया भर के बौद्धों के लिए महान सांस्कृतिक महत्व वाला एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है। कालचक्र अभिषेक चल रहे वैश्विक शांति प्रार्थना महोत्सव का एक हिस्सा है, जिसने बौद्ध धर्म के भक्तों और विद्वानों को भूटान में एक साथ लाया है।

## अमेरिकी विमानवाहक पोत कैरिबियन पहुंचा

**वाशिगटन।** दुनिया का सबसे बड़ा विमानवाहक पोत, यूएसएस गेराल्ड आर. फोर्ड, कैरिबियन सागर में पहुंच गया है। अमेरिकी नौसेना ने यह जानकारी दी है।

इससे यह अटकलें तेज हो गई हैं कि ट्रंप प्रशासन मादक पदार्थ-आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत वेनेजुएला के राष्ट्रपति निक. ोलस मादुरो को निशाना बना रहा है। गेराल्ड आर. फोर्ड कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की तैनाती के साथ कैरिबियन में अमेरिकी सेना की संख्या बढ़कर अब 15000 से अधिक हो गई है जो इस क्षेत्र में दशकों में सबसे बड़ा सैन्य जमावड़ा है। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने कहा कि ये सुरक्षा बल मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने और अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक संगठनों को कम करने तथा उन्हें खत्म करने के

■ वेनेजुएला के साथ तनाव बढ़ा

लिए मौजूदा क्षमताओं को बढ़ाएंगे। लगभग 4000 से जयादा नाविकों और दर्जनों सामरिक विमानों को ले जाने वाला यह प्रथम श्रेणी का वाहक अपने अभियानों में सहायता के लिए दिन-रात एक साथ स्थिर-पंख वाले विमानों को उड़ान भरने और उतरने में मददगार है। बयान में कहा गया है कि गेराल्ड आर-फोर्ड के साथ स्ट्राइक समूह में कैरियर एयर विंग आठ के नौ स्क्वाड्रन, विध्वंसक स्क्वाड्रन दो के आर्ले बर्क-श्रेणी के निर्देशित-मिसाइल विध्वंसक यूएसएस बैनब्रिज और यूएसएस महान, और एकीकृत वायु एवं मिसाइल रक्षा कमान जहाज यूएसएस विस्टन एस. चर्चिल शामिल हैं। अमेरिकी दक्षिणी कमान (साउथकॉम) के कमांडर एडमिरल एल्विन होल्सी ने कहा कि यह तैनाती पश्चिमी गोलार्ध और अमेरिकी भूमि की सुरक्षा के हमारे संकल्प को मज़बूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम है। गौरतलब है कि दो सितम्बर के बाद से अमे. रिकी सेना ने कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत महासागर के अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में कथित तौर पर मादक पदार्थों को ले जा रही 19 नौकाओं को डुबो दिया है। इस अभियान में उनमें सवार कम से कम 76 लोग मारे गए हैं। राष्ट्रपति मादुरो ने बार-बार अमेरिकी कार्रवाइयों की निंदा करते हुए इसे अपनी सरकार को अपदस्थ करने और लैटिन अमेरिका में अमेरिकी सैन्य प्रभाव का विस्तार करने का प्रयास बताया है।

# शटडाउन के बीच गहराया भूख का संकट

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जारी सरकारी शटडाउन के चलते अब भूख का संकट गहरा होता दिख रहा है। कारण है कि एक तरफ जहां शटडाउन के जल्दी खत्म होने की बात खूब सुर्खियां बटोर रही हैं।

तो दूसरी ओर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक आदेश जारी कर पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम (एसएनएपी) यानी खाद्य सहायता योजना के पूर्ण भुगतान पर लगी अस्थाई रोक को कुछ और दिनों के लिए बढ़ा दिया है। अदालत का यह आदेश गुरुवार रात तक प्रभावी रहेगा। यह फैसला ऐसे समय आया है जब संकेत मिल रहे हैं कि सरकारी शटडाउन जल्द खत्म हो सकता है और इससे करोड़ों लोगों को मिलने वाली फूड




■ अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने पूरक पोषण सहायता कार्यक्रम योजना के पूर्ण भुगतान पर लगी अस्थाई रोक को कुछ और दिनों के लिए बढ़ाया-

सहायता बहाल हो सकती है। एसएनएपी कार्यक्रम के तहत करीब 4.2 करोड़ अमेरिकी नागरिकों को खाने-पीने की चीजें खरीदने में मदद मिलती है। इस बीच, सुप्रीम कोर्ट के इस कदम से राज्यों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है। कुछ राज्यों में लाभार्थियों को पूरा मासिक राशन मिल चुका है, जबकि कुछ को आंशिक या बिल्कुल नहीं मिला। अदालत ने फिलहाल कोई बड़ा कानूनी फैसला देने से परहेज करते हुए स्थिति को अस्थाई रूप से यथावत रखा है। अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में कुछ लोगों को नवम्बर का पूरा लाभ मिल गया, लेकिन कई लोगों को अब तक कुछ नहीं मिला। 41 वर्षीय जिम मलियार्ड जो अपनी बीमार पत्नी और बेटी की देखभाल करते हैं, उन्होंने बताया कि उन्हें पिछले दो हफ्तों से 350 डालर की मासिक एसएनएपी सहायता नहीं मिली। अब उनके पास सिर्फ +10 बचे हैं और परिवार चावल व इंस्टेंट नूडल्स पर गुजारा कर रहा है। उन्होंने कहा कि हर रात खर्च गिनता हूं ताकि परिवार का पेट चल सके। चिंता मेरी सबसे बड़ी दुश्मन बन गई है। इस संकट के बीच कई आम नागरिक मदद के लिए आगे आए हैं। न्यूयार्क की शिक्षिका एशली आक्सेनफोर्ड ने अपने घर के सामने 'लिटिल फूड पैंट्री' लगाई ताकि जरूरतमंद पड़ोसियों को खाना मिल सके। बता दें कि ट्रम्प प्रशासन ने शटडाउन के कारण अक्टूबर के बाद एसएनएपी फंडिंग रोकने का निर्णय लिया था, जिससे देशभर में मुकदमे शुरू हो गए। कुछ अदालतों ने सरकार को कम से कम आंशिक भुगतान करने का आदेश दिया, जिसके बाद प्रशासन ने 65 प्रतिशत तक लाभ देने की बात मानी।

# अफगान में फिर हमला कर सकता है पाक

## राजधानी इस्लामाबाद में धमाके के बाद रक्षा मंत्री आसिफ बोले: हम कार्रवाई पर मजबूर

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने कहा है कि अफगानिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर कार्रवाई की जा सकती है। ख्वाजा ने यह बयान मंगलवार को इस्लामाबाद और खैबर पख्तूनख्वा में हुए हमलों के बाद दिया। एक इंटरव्यू में जब आसिफ से पूछा गया कि क्या पाकिस्तान इन हमलों का जवाब देगा, तो उन्होंने कहा खुदा ने चाहा तो जरूर जवाब देंगे।

अफगानिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमले को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि मंगलवार को हुए हमलों के बाद पाकिस्तान कार्रवाई करने पर मजबूर है। इस्लामाबाद में हुए आत्मघाती हमले में 12 लोगों की मौत हो गई और 36 लोग घायल हुए। आत्मघाती बम विस्फोट को लेकर प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने अलग-अलग दावे किए हैं। पीएम शहबाज



■ अफगानिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमले को नकारा नहीं जा सकता

ने इस हमले के लिए भारत को जिम्मेदार बताया है। जबकि रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने अफगान सरकार पर हमले का आरोप लगाया। ख्वाजा आसिफ ने दावा किया कि अफगानिस्तान की धरती से पाकिस्तान में आतंकियों की घुसपैठ कराई जा रही है। उनके मुताबिक पिछले एक साल में 2500 से 3000 आतंकियों को पाकिस्तान में भेजा गया। अब ये लोग अलग-अलग इलाकों में मौजूद हैं। मरने वाले आतंकियों में 55 प्रतिशत अफगानी हैं। उन्होंने यह भी कहा कि पाकिस्तान आश्वासन पर भरोसा नहीं कर सकता, क्योंकि अफगान सरकार पर उनके अपने लोग भी भरोसा नहीं करते। इस्लामाबाद धमाके से एक दिन पहले पाकिस्तानी आर्मी ने खैबर पख्तूनख्वा के वाना शहर में एक आर्मी कालेज पर आतंकी हमले की साजिश को नाकाम किया था। एजेंसी एपी (एपी) के मुताबिक, 6 पाकिस्तानी तालिबान लड़ाके इस कालेज पर हमला करने पहुंचे थे। वाना इलाका लंबे समय से पाकिस्तानी तालि. बान, अल-कायदा और अन्य चरमपंथी संगठनों का गढ़ माना जाता है। सेना की कार्रवाई में 2 आतंकी मारे गए थे, जबकि 3 आतंकी कालेज कैंपस में घुसने के बाद एक इमारत में घिर गए।

## जॉर्जिया में विमान दुर्घटना, तुर्की के सभी 20 सैनिकों की मौत

**अंकारा।** तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि जॉर्जिया में दुर्घटनाग्रस्त सी-30 मालवाहक विमान में सवार सभी 20 सैनिकों की मौत हो गई है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि दुर्घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद तुर्की और जॉर्जिया के अधिकारियों ने समन्वित खोज और बचाव अभियान शुरू कर दिया। जॉर्जिया के गृह मंत्रालय के अनुसार अज़रबैजान से तुर्की जा रहे इस विमान का जॉर्जियाई हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने के 27 मिनट बाद रडार से संपर्क टूट गया और यह अज़रबैजानी सीमा से लगभग पांच किलोमीटर दूर जॉर्जिया के सिग्नागी क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

## कैंसर से लड़ाई में इन्सान को मिल रहा बैक्टीरिया का साथ

**नई दिल्ली।** शरीर के किसी भाग में बाहर से बैक्टीरिया डालने की बात सुन कर किसको डर नहीं लगेगा? कारण है कि बैक्टीरिया की बात होते ही उससे पैदा होने वाली न्यूमोनिया और हैजा जैसी गंभीर बीमारियां याद आ जाती हैं। लेकिन अब कैंसर जैसी दुस्साध्य बीमारी से लड़ाई में बैक्टीरिया को एक कारगर हथियार के रूप में विकसित किया जा रहा है। वैज्ञानिक कैंसर के इलाज में बैक्टीरिया के प्रयोग पर काम कर रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि वे जल्द ही बैक्टीरिया को इस प्रकार साधने में सफल हो जाएगे कि शरीर में डाले गए बैक्टीरिया कैंसरग्रस्त कोशिकाओं को तेजी से ढूंढ-ढूंढ कर नष्ट करने वाली जीती-जागती मशीन बन जाएंगे। यही नहीं, बैक्टीरिया अपना काम पूरा कर बिना कोई और असर छोड़े लुप्त हो जाएंगे। वेबसाइट 'द कन्वर्सेशन' में प्रकाशित जोसेफिन राइट और सुसन वुड्स की एक अनुसंधान रिपोर्ट में बैक्टीरिया से कैंसर चिकित्सा जैसे इस जटिल विषय पर प्रकाश डाला गया है।

